www.epaper.azadsipahi.com
* ओड़िशा संस्करण
27 सितंबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 337
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### राजस्थान संकट : सोनिया गांधी से मिलने के बाद माकन बोले

# अनुशासनहीनता की गहलोत गुट ने, हम लिखित रिपोर्ट देंगे

- विधायक अपनी बात पर अड़े रहे : माकन
- गहलोत के अध्यक्ष बनने पर संशय, सीएम पद पर भी खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष के रेस में शामिल होने के बाद राजस्थान का सियासी पारा गरम है। कांग्रेस की आंतरिक कलह एक बार फिर जगजाहिर हो रही है। गहलोत गुट के विरोध के बाद से पायलट के हाथ से एक बार सत्ता छीनती नजर आ रही है। प्रदेश में मचे इस घमासान के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जयपुर से लौटे पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन के साथ बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। बैठक के बाद अजय माकन ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश थे कि एक-एक कर विधायकों से बात करें। उनकी राय जानकर रिपोर्ट दें। फैसला 19 अक्टूबर के बाद ही लिया जाना था, लेकिन विधायक अपनी बात पर अड़े रहे। विधायकों का कहना था कि सभी से सामूहिक रूप से बात की जाये। उनकी मांग को एजेंडे में शामिल किया जाये। कांग्रेस के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। गहलोत गुट के विधायकों ने अनुशासनहीनता की है। माकन ने कहा कि पूरी रिपोर्ट सोनिया गांधी को दी है। उन्होंने हमसे लिखित रिपोर्ट मांगी है। अब वह इस पर फैसला लेंगी।



### अध्यक्ष की रेस से बाहर अशोक गहलोत

कांग्रेस के अध्यक्ष पद की रेस राजस्थान संकट के चलते रोचक हो गयी है। अशोक गहलोत का सीएम पद का मोह अब उन पर भारी पड़ता दिख रहा। कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से उन्हें बाहर कर दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हाइकमान की इच्छा के विपरीत जाकर अशोक गहलोत का 82 विधायकों के इस्तीफा का दांव चलना गांधी परिवार को अच्छा नहीं लगा है। ऐसे में उन्हें लेकर अब गांधी परिवार रिस्क नहीं ले रहा है। अब उन्हें अध्यक्ष पद की रेस से बाहर कर दिया गया है। यही नहीं चचाएं तो यहां तक हैं कि अब सीएम पद पर भी किसी और नेता को लाया जा सकता है।

### अध्यक्ष के लिए ये नाम आये चर्चा में

दरअसल कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार से नामांकन की शुरूआत होनी थी, लेकिन अब तक किसी ने नहीं किया है। राजस्थान में आये सियासी संकट ने अध्यक्ष पद की रेस को भी उलझा दिया है। एक तरफ राजस्थान को लेकर पसोपेश की स्थिति है तो वहीं अध्यक्ष के तौर पर भी अब हाइकमान किसी और भरोसेमंद पर दांव लगाने पर विचार कर रहा है। अब कहा जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे, मुकुल वासनिक, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, केसी वेणुगोपाल जैसे नामों पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंथन कर रहे हैं कि किसे अध्यक्ष चुनाव के लिए समर्थन किया जाये। इससे पहले अशोक गहलोत पर गांधी परिवार ने मन बना लिया था, लेकिन उनकी हरकत से वह अपमानित और भरोसे पर चोट जैसा महसूस कर रहा है।

# डायन प्रताड़ना के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

### एक ही परिवार के चार लोगों को किया था प्रताड़ित



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका में डायन करार देकर एक ही परिवार के चार लोगों की प्रताड़ना मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी लोगों पर आरोप था कि उन्होंने न केवल इन चार लोगों को जबरन मैला पिलाया, बल्कि लोहा गर्म कर सभी के शरीर को भी दागा। पीड़ित लोगों में दो की हालत बेहद नाजुक बतायी जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए दुमका से देवघर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि गांव के ही ज्योतिन मुर्मू ने बैठक कर चारों के विरुद्ध पहले षडयंत्र रचा और उसके बाद मुनि सोरेन, लखीराम मुर्मू, सुनील मुर्मू, उमेश मुर्मू, मंगल मुर्मू ने मिलकर सम्बन्धित घटना को अंजाम दिया।

### क्या हुई है घटना

पुलिस के अनुसार सरैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित अस्वारी गांव में डायन के नाम पर तीन महिलाओं और एक पुरुष को गांव के ही कुछ लोगों नें जबरन नृशंस तरीके से प्रताड़ित किया। एक ही परिवार के इन सभी चार लोगों को अंधविश्वास में डायन का आरोप लगा कर न केवल उनके साथ मारपीट की गयी, बल्कि उन्हें मैला (मल-मूत्र) भी पिलाया गया और लोहे को गर्म कर पूरे शरीर में दागा भी गया। सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अमानवीय सलूक की यह घटना शनिवार रात 8 बजे से शुरू हुआ जो जो रविवार को भी जारी रहा। थाना प्रभारी के अनुसार अस्वारी गांव की रसी मुर्मू (55), सोनमुनी टुड्डू (60),कोलो टुड्डू (45), इन तीन महिलाओं के अलावा एक पुरुष श्रीलाल मुर्मू (40) को गांव के ही लोगों ने पहले डायन करार दिया और चारों की जम कर पिटाई कर दी। उसके बाद चारों को जबरन मल-मूत्र पिलाया गया। इतने में भी उन लोगों का मन नहीं भरा, तो लोहा गर्म कर सबों के शरीर पर बेरहमी से दागना शुरू कर दिया. रविवार को भी चारों को पीटा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद पीड़ित परिवार इस कदर सहमा हुआ था कि किसी ने पुलिस से मदद मांगने की हिम्मत तक नहीं की।

### पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

थाना प्रभारी के अनुसार रविवार को पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली, तो गांव पहुंच पुलिस बल ने सभी चारों पीड़ितों को इलाज के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में भर्ती कराया, जिसमें गंभीर स्थिति होने के कारण चिकित्सकों ने सोनामुनी टुड्डू और श्रीलाल मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। बाद में पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की ओर से फिलहाल अस्वारी गांव में अतिरिक्त पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। हालांकि गांव की स्थिति सामान्य है। सुरक्षा के मद्देनजर अस्वारी गांव में लगातार पुलिस का गश्ती दल भेजा गया है।

### गुलाम नबी ने नयी पार्टी का एलान किया

# 'डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी' नाम के साथ फ्लैग भी लांच

- जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उर्दू-संस्कृत में 1500 नाम भेजे थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू/श्रीनगर।** नवरात्र के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम नेता गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी का एलान कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी' रखा है। आजाद ने बताया कि मेरी नयी पार्टी के लिए लगभग 1,500 नाम हमें उर्दू, संस्कृत में भेजे गये थे। हिंदी और उर्दू का मिश्रण 'हिंदुस्तानी' है। हम चाहते हैं कि नाम लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र हो।

गुलाम नबी आजाद ने जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी नयी पार्टी का फ्लैग भी लांच किया। मस्टर्ड, सफेद और नीले कलर से बने इस फ्लैग का संदेश काफी अच्छा है। मस्टर्ड कलर क्रिएटिविटी और



यूनिटी को दर्शाता है। सफेद शांति को दर्शाता है और नीला स्वतंत्रता, खुली जगह, कल्पना और समुद्र की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक की सीमाओं को दर्शाता है।

मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नयी पार्टी में उम्र की कोई सीमा नहीं होगी। युवा और दिग्गज पार्टी में एक साथ काम करेंगे।

**आजाद ने 26 अगस्त को छोड़ी थी कांग्रेस :** गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उनके बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद सहित कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस छोड़ने के साथ ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नयी पार्टी बनाने की घोषणा की थी।

# पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे जापान

- शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान दौरे पर गये हैं। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के पीएम किशिदा और शिंजो आबे की पत्नी से भी मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

**आबे को महान चैंपियन मानते थे पीएम मोदी :** पीएम मोदी की यात्रा उनके लिए पूर्व प्रधानमंत्री आबे की स्मृति को सम्मानित करने का एक अवसर होगा, जिन्हें वह भारत-जापान संबंधों के एक प्रिय




मित्र और महान चैंपियन मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पीएम आबे ने एक दशक से अधिक समय में अपनी बातचीत के माध्यम से विश्वास और दोस्ती का एक व्यक्तिगत बंधन विकसित किया था।

**8 जुलाई को आबे की हत्या :** बता दें, जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की 8 जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस दौरान वे एक रैली को संबोधित कर रहे थे। आबे की हत्या के बाद भारत में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया था। पीएम मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा था कि आबे के निधन से जापान और दुनिया ने एक महान दूरदर्शी नेता को खो दिया है और मैंने एक प्रिय मित्र खोया है।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring
KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

### कर्नाटक के कानून मंत्री के भ्रष्टाचार पर बयान से मचा बवाल

# नेता भ्रष्ट नहीं होते, सिस्टम उन्हें ऐसा बनाता है : जेसी मधुस्वामी

- मंत्री ने यह भी कहा कि आज के समय में करप्शन फ्री लाइफ मुश्किल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कानून मंत्री जेसी मधुस्वामी ने भ्रष्टाचार को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आज के समय में भ्रष्टाचार मुक्त जीवन जीना एक मुश्किल काम है, क्योंकि नेता भ्रष्ट नहीं होते हैं, सिस्टम उन्हें ऐसा बनाता है। मंत्री शिवकुमार शिवाचार्य स्वामी की पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

मधुस्वामी ने कहा कि मैं नेताओं को भ्रष्ट नहीं कहूंगा। लोगों ने उन्हें ऐसा बनाया है। वोट डालने से लेकर गणेश उत्सव मनाने तक, लोग विभिन्न आयोजनों के नाम पर नेताओं से पैसा इकट्ठा करके उन्हें परेशान करते हैं। तो नेता कैसे भ्रष्ट नहीं हो



सकते हैं? मंत्री ने कहा कि सिस्टम हमें खराब कर रहा है। अगर यह हमें नहीं बिगाड़ता है, तो हमें भ्रष्ट होने की जरूरत नहीं है। सभी नेताओं के पास अपने लिए पर्याप्त पैसा है।

हालांकि, मांग अधिक होने पर पैसा कहां से मिले, इस पर टेंशन हो सकती है। लेकिन अगर ऐसी स्थिति पैदा ही नहीं होती है, तो सिस्टम खराब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विचार भ्रष्टाचार से पैदा हुआ है। दबाव भ्रष्टाचार का कारण बन सकता है। यह कहना आसान नहीं है कि मैं भ्रष्टाचार के बिना रह सकता हूं।

इससे पहले अगस्त में मधुस्वामी का एक ऑडियो लीक हुआ था। इसमें मधुस्वामी ये कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि हम सरकार चला नहीं रहे हैं, हम बस इसे मैनेज कर रहे हैं। यह ऑडियो मैसेज तब लीक हुआ था, जब कर्नाटक में मुख्यमंत्री बोम्बई के कार्यकाल में खींचतान चल रही थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,000 रु./10 ग्राम
चांदी 58,000 रु./प्रति किलो

## चिंतनीय : पाकिस्तान को सैन्य मदद देकर बाइडन ने दिखाया भारत विरोधी रवैया

# भारत के लिए चीन से अधिक खतरनाक है अमेरिका

आजाद सिपाही विशेष

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में दुनिया के स्वघोषित 'चौधरी' अमेरिका को उसकी ही भाषा में जवाब दिया है। यह भारत की अमेरिकी नीतियों में बदलाव का संकेत तो है ही, साथ ही इस बात को भी प्रमाणित करता है कि बाइडन प्रशासन द्वारा पाकिस्तान को एफ 16 लड़ाकू विमान के लिए दी गयी 3581 करोड़ की आर्थिक मदद को भारत ने गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्री ने जहां मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया को भारत के खिलाफ 'पक्षपातपूर्ण' कवरेज के लिए फटकार लगायी, वहीं उन्होंने अमेरिका से साफ तौर पर कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है। भारत का यह रुख बाइडन प्रशासन के लिए चौंकानेवाला है। दुनिया का सबसे बड़ा मध्यवर्ग, सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और उससे भी बढ़ कर सबसे अधिक प्रतिभाशाली देश यदि अमेरिका के खिलाफ खड़ा हो जाये, तो यह उसके लिए चिंतनीय तो है ही। लेकिन भारत का यह रुख अमेरिका की उस दोरंगी नीति का परिणाम है, जिसमें एक तरफ वह भारत को बराबर का सहयोगी मानने की बात करता है, तो दूसरी तरफ एशिया को अपने हथियारों का अड्डा बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान को एफ 16 के लिए वित्तीय मदद देकर अमेरिका ने साबित कर दिया है कि वह किसी का भी दोस्त नहीं है और उसका एकमात्र उद्देश्य अपने हथियार बेचना और दुनिया पर चौधराहट कायम करना है, ताकि चीन की विस्तारवादी नीतियों को विफल किया जा सके। ताइवान संकट के बाद से अमेरिका के रुख में बदलाव का साफ कूटनीतिक संकेत यही है कि भारत के लिए चीन से अधिक खतरनाक अमेरिका बनता जा रहा है और इस बारे में भारत को समय रहते सतर्क होना जरूरी हो गया है। अमेरिका की एशिया नीति में इस बदलाव की पृष्ठभूमि में भारत के रवैये का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए के प्रमुख विलियम बर्न्स रूस में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं। उनकी एक किताब है, द ब्लैक चैनल। इसमें उन्होंने लिखा है कि 2007 में ही उन्होंने चेता दिया था कि यूक्रेन में रूस सीमा पार कर सकता है। लेकिन तब वाशिंगटन ने अपने अहंकार में इसे खारिज कर दिया। उसे लगा कि वह रूस को संभाल लेगा। अब अमेरिका को लग सकता है कि उसके साथ दोस्ती में भारत का भी भला जुड़ा है और इस वजह से नयी दिल्ली के पास एफ-16 वाले फैसले को स्वीकार करने के अलावा कोई चारा नहीं। लेकिन इसकी वजह से भारत की बहुध्रुवीय यानी अमेरिकी धड़े के बाहर भी दोस्त बनाने की रणनीति और मजबूत हो सकती है।

यह बात इस संदर्भ में कही गयी है कि अमेरिका ने हाल में पाकिस्तान को बड़ी राहत देते हुए एफ-16 लड़ाकू विमान से जुड़ी रोक हटा ली है। इतना ही नहीं, बाइडन प्रशासन ने आर्थिक रूप से तबाह होने की कगार पर खड़े पाकिस्तान को तीन हजार पांच सौ 81 करोड़ की मदद भी दी है, ताकि वह भारत द्वारा हाल ही में खरीदे गये फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल के जवाब में अपने बेड़े में एफ-16 विमान शामिल कर सके। दो चिर-प्रतिद्वंद्वी पड़ोसियों के बीच हथियारों की होड़ बढ़ा कर आखिर अमेरिका ने साबित कर दिया है कि वह किसी का भी दोस्त नहीं है और उसका एकमात्र उद्देश्य अपने हथियारों को बेचना है। इस 'सौदागर' देश के लिए न तो आपसी रिश्तों की कोई अहमियत है और न इंसानी सभ्यता के लिए। इसीलिए बाइडन प्रशासन यूक्रेन संकट पर रूस को और ताइवान के मुद्दे पर चीन को आंखें तो दिखाता है, लेकिन जब बात हथियार बेचने पर आती है, तो वह सब कुछ छोड़ कर इस पर ध्यान लगाने लगता है। अमेरिका खुद को दुनिया का 'चौधरी' तो कहता है, लेकिन उसकी नीयत में, नीतियों में और सबसे बढ़ कर बातों में खोट साफ तौर पर नजर आता है।

बाइडन प्रशासन की मदद से वाशिंगटन ने इस्लामाबाद को एफ-16 का जो बेड़ा बेचा था, अब उसकी मरम्मत, इंजनों में सुधार और सॉफ्टवेयर मॉडिफिकेशन हो सकेगा। अमेरिका का दावा है कि इस सपोर्ट से विमान की क्षमता नहीं बढ़ेगी। हो सकता है, लेकिन

**एशिया को हथियारों का अड्डा बनाने की मंशा कभी कामयाब नहीं होगी**



फिर भी यह दावा विरोधाभाषी है, क्योंकि कहा गया है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए विमान की हवा से जमीन की क्षमता में सुधार किया जायेगा। अब भला दोनों दावे एक साथ सही कैसे हो सकते हैं, यह आसानी से समझा जा सकता है।

यहां सवाल उठता है कि इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस देश की पहचान जिहादी आतंकवाद के केंद्र के रूप में है, जिसने ओसामा बिन लादेन और तालिबान के आतंकियों को पनाह दी और जिसने अफगानिस्तान पर फिर से कब्जा करने में तालिबान की मदद की, अब उसे इस काबिल समझा जा रहा है कि आतंक विरोधी अभियानों के लिए उसके एफ-16 को सुधारा जाये। अगर ये विमान अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को पूरा करते हैं, तो क्या वे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को भी पूरा कर रहे हैं, अभी इस सवाल का जवाब मिलना बाकी है। अमेरिका का यह तर्क देना कि पाकिस्तान की वायुसेना को इस तरह से बढ़ावा देने से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा, दरअसल भारतीयों के साथ असंवेदनशीलता है। यह असल में पाकिस्तान को हथियार देने के लिए पुराने शीत युद्ध के औचित्य को दोहराता है। इन विमानों को हकीकत में भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए ही बनाया गया। बालाकोट ऑपरेशन के दौरान दुनिया ने इसे देखा भी। बाइडन प्रशासन के फैसले से भारत में अमेरिका को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है और यह संदेह वाजिब भी है। यह शंका फिर से जगेगी कि एक साझीदार के रूप में अमेरिका कितना विश्वसनीय है। पाकिस्तान पर मेहरबानी का फैसला भारत को याद दिलायेगा कि वाशिंगटन का शक्ति और स्वार्थ का तर्क हमेशा भारत के वैध हितों से टकरा सकता है। पाकिस्तान को लेकर भारत की जो चिंता है, अगर उसे समझा नहीं जाता है, तो भारत-अमेरिका के रणनीतिक संबंध अपना आधा अर्थ वहीं खो देते हैं।

### अमेरिका से भारत को और भी ज्यादा सावधान रहना होगा

यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि भारत के लिए अमेरिकी नीतियां बाइडन प्रशासन में शुरू से ही दोरंगी रही हैं। अमेरिका जानता है कि दुनिया का सबसे बड़ा मध्यवर्ग, सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और सबसे बढ़ कर प्रतिभा संपन्न देश भारत का खुले तौर पर विरोध करना अमेरिकी हितों के प्रतिकूल हो सकता है। इसलिए वह कभी-कभी अपना लचीला रुख भी दिखा देता है, लेकिन भारत इसे समझने लगा है। भारतीय कूटनीति में अमेरिका की इस दोरंगी नीति का अब बखूबी जवाब दिया जा रहा है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका अब भारत से टकराने की हिम्मत नहीं करता है, लेकिन यह भी सच है कि वह अपनी चौधराहट को कायम रखने के लिए भारत विरोधी शक्तियों को मदद और सह देकर कहीं न कहीं भारत पर अंकुश भी रखना चाहता है। एफ 16 की खरीद के लिए पाकिस्तान की मदद करना उसकी उसी कूटनीतिक चाल का परिचायक है। ऐसा कर-के अमेरिका भारत पर कहीं न कहीं यह दबाव भी कायम रखना चाहता है कि भारत ने अगर उसकी अनसुनी की, तो वह पैंतरा बदल सकता है। लेकिन अमेरिका शायद ऐसा कर भूल कर रहा है। यह भारत वह भारत नहीं, जो कभी अमेरिका के कर्ज तले दबा हुआ था। जो कभी अमेरिकी मदद पर अपने देश में गेहूं बांटता था। यह भारत मोदी का भारत है। यह आत्मनिर्भर भारत है। यह भारत अब कटोरा हाथ में लेकर किसी के सामने अपना हाथ नहीं फैलाता, बल्कि जरूरतमंद देशों को मदद भी देता है। यह भारत अब खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर भारत है।

जहां तक अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सवाल है, तो भारत और अमेरिका, दोनों देशों की इस समय साझी चिंता है, चीन। चीन और अमेरिका के बीच इस समय भयंकर व्यापारिक मुठभेड़ चल रही है। इसके अलावा चीन के दोस्तों से अमेरिका इन दिनों दूरी बना रहा है, जैसे पाकिस्तान से और अमेरिका के दोस्तों से चीन की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जैसे भारत, जापान, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आदि से। ऐसे में भारत के साथ अमेरिका द्वारा घनिष्ठता बढ़ाना स्वाभाविक है। फिर भी भारत को सावधान रहना होगा, क्योंकि बाइडन का अमेरिका अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए कुछ भी कर सकता है। अच्छा ही हुआ, जब भारत ने यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका का साथ नहीं दिया। उसने अपनी तटस्थ भूमिका का निर्वाह किया और पूरे विश्व को यह संदेश देने की कोशिश की कि भारत युद्ध विरोधी है। उसने रूस और यूक्रेन दोनों को ही यह संदेश दिया कि युद्ध से सिर्फ और सिर्फ बर्बादी होती है, अपना देशहित नहीं सधता। हालांकि अमेरिका शुरू में भारत पर दबाव बनाना चाह रहा था कि वह रूस का साथ छोड़ कर यूरोपीय खेमों में शामिल हो जाये, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ ही अपना भला समझा और तटस्थ की भूमिका निभायी। यही नहीं, उन्होंने तेल के लिए रूस से करार भी किया। इस करार की टीस कहीं न कहीं अमेरिका के दिल में है, शायद इसी टीस के कारण अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ 16 के लिए मदद दी है। विदेश मंत्री जयशंकर के दोटूक वक्तव्य के लिए उनकी तारीफ की जानी चाहिए, जिन्होंने सचमुच में अमेरिकी मीडिया और अमेरिकी हुक्मरानों की आंखों में आंख डाल कर बात की है।

---

## खनन के लिए तैयार कंपनी, लेकिन भूमि पूजन में विरोध

# कंपनी के फैसले पर बढ़ी तकरार, छह लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के सदर प्रखंड में खनन के लिए भूमि पूजन को लेकर तेज विरोध हुआ है। इस विरोध के दौरान दो पक्षों में जम कर मारपीट भी हुई है, जिसमें छह लोगों के घायल होने की सूचना है। स्थानीय लोगों का एक गुट कंपनी के खनन का विरोध कर रहा है और इसे लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है।

सदर प्रखंड के मंगरा गांव में सोमवार की सुबह कंपनी के अधिकारी माइंस खोलने को लेकर भूमि पूजन करने पहुंचे थे। इसी दौरान दो पक्षों के बीच जम कर मारपीट हुई, जिससे करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायल लोगों में प्रीतम सिंह (25) पिता स्व जशवंत सिंह, अमृता देवी (50) पति सुरेंद्र भगत (दुबियाही), गेंदा उरांव (40) पिता बुधन उरांव, उर्मिला देवी (35) पति कृष्णा उरांव, गुड़िया देवी (35) पति लक्ष्मण उरांव (तीनों, नेवाड़ी), विष्णु उरांव (40) पिता बिगू उरांव (तुबेद) शामिल हैं। घायलों का इलाज चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ अब भी ग्रामीण घटनास्थल पर जमे हुए हैं। तेज बारिश के बावजूद महिलाएं खड़ी रहीं और विरोध करती रहीं। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया , जहां डॉक्टर सुनील कुमार उनका इलाज किया। गांव के ही एक पक्ष के लोग कंपनी द्वारा माइंस खोले जाने के समर्थन में हैं, तो दूसरा पक्ष विरोध में। इसी को लेकर बहस तेज हुई और नौबत मारपीट तक पहुंच गयी। स्थानीय पुलिस ने मामले को शांत कराया, जिसके बाद कंपनी द्वारा भूमि पूजन किया गया।

### कंपनी ने कहा, हमारा कोई संबंध नहीं

### विरोध कर रहे स्थानीय रैयत

कंपनी खोलने को लेकर स्थानीय रैयतों द्वारा लगातार कई वर्षों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तीन दिन पहले भी स्थानीय रैयतों ने कंपनी द्वारा कोल माइंस खोले जाने के विरोध में डीसी कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान उपायुक्त भोर सिंह यादव, कंपनी के प्रतिनिधि और स्थानीय रैयतों के बीच बातचीत की गयी थी। इस पूरे मामले पर उपायुक्त भोर सिंह यादव से जब हमने फोन पर बातचीत की, तो उन्होंने इस पर किसी भी तरह की टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा, कंपनी के लोगों से बात कीजिए। हमने कंपनी के सहायक प्रबंधक विद्यूत से फोन पर बातचीत की उन्होंने बताया कि यह मामला कंपनी और रैयत के बीच का नहीं है। रैयत पूरी तरह से तैयार है और अधिग्रहण की प्रक्रिया के साथ हैं लेकिन कुछ बाहरी लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि भूमि पूजन के दौरान दो पक्षों में मारपीट होते ही पुलिस बल के द्वारा दोनों पक्षों को आपसी समझौते कर मामला को शांत कराया गया।

---

## आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने प्रदीप कुमार बलमुचू



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। इस आशय का पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी किया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

---

# कोल परियोजना में टेरर फंडिंग के चार मुख्य आरोपियों में एक ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। टेरर फंडिंग के चार मुख्य आरोपियों में जहां मुकेश गंझू ने सरेंडर कर दिया, वहीं भीखन गंझू को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दो मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू अब तक फरार हैं।

### झारखंड पुलिस और एनआइए ने किया घोषित मोस्ट वांटेड

ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू को झारखंड पुलिस और एनआइए ने मोस्ट वांटेड घोषित कर रखा है। झारखंड पुलिस ने जहां ब्रजेश गंझू के ऊपर 25 लाख और आक्रमण गंझू के ऊपर 15 लाख का इनाम घोषित कर रखा है, वहीं एनआइए ने ब्रजेश गंझू पर पांच लाख और आक्रमण गंझू पर तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा है। एनआइए ने टेरर फंडिंग के दोनों मुख्य आरोपियों को कांड आरसी 06/2018, 22/2018 और 23/2018 में मोस्ट वांटेड घोषित कर रखा है।

### एक गिरफ्तार, दो अब भी हैं फरार

### क्या है पूरा मामला

चतरा जिला के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी 22/18 को एनआइए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। यह मामला सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय को लेकर लेवी वसूली से संबंधित है। एनआइए ने सीसीएल कर्मी सुभान खान सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लिखा था कि टीएसपीसी को लेवी देने के लिए ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था। इसमें टीएसपीसी उग्रवादी आक्रमण जी ने अनुशंसा की थी और ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह को ठेका मिला था। इसमें मिली राशि का बड़ा हिस्सा टीपीसी को जाता था। इस मामले में आधुनिक पावर के महाप्रबंधक संजय कुमार जैन, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, विदेश्वर गंझू उर्फ बिंदू गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, अजय सिंह भोक्ता समेत नौ आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

### बिंदू गंझू ने किया था खुलासा

टीपीसी के लिए लेवी की वसूली करने वाले मुख्य सरगना बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदू गंझू को एनआइए ने रांची से गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक, उसने ही लेवी देनेवाले ट्रांसपोर्टरों और कंपनियों के नाम का खुलासा किया था। एनआइए को उसने यह भी बताया था कि लेवी के पैसे का हिस्सा पुलिस के आला अफसरों से लेकर नेताओं तक पहुंचाया जाता है। उसकी गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग से इनामी उग्रवादी कोहराम और चतरा से मुनेशजी की गिरफ्तारी हुई थी।

---

## स्थानीय उठा रहे सवाल : अधिकारी बना रहे हैं गलत रिपोर्ट

# पाकुड़ में नहीं रुक रहा अवैध खनन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** राज्य में अवैध खनन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। एनजीटी समेत राज्य सरकार की ओर से नकेल कसने के बाद भी अवैध खनन जारी है। यहां लीज धारक स्वीकृत जमीन से अधिक क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन कर रहा है। इस संबंध में उपायुक्त पाकुड़ और खान विभाग को भी पत्र लिखा गया है। इसमें बताया गया है कि सुदंरपहाड़ी क्षेत्र में अली रजा और पिंकु शेख नामक लीज धारियों को क्रमशः 4.29



एकड़ और 4.72 एकड़ दिया गया। लेकिन लीज दी गयी जमीन से अधिक क्षेत्र में लीज धारियों की ओर से खनन किया गया। पत्र में दावा किया गया है कि उक्त लीज धारियों को जनवरी 2020 में लीज दी गयी, लेकिन पिछले दो सालों में आवंटित क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में अवैध खनन किया गया है। अवैध खनन का क्षेत्र लगभग नौ एकड़ अतिरिक्त बताया गया है।

### गलत रिपोर्ट बनाने का दावा

पत्र सुरेश अग्रवाल की ओर से लिखा गया है। इसमें बताया गया है कि मामले की जानकारी होने पर स्थानीय दबाव के बाद अचंल अधिकारी की ओर से जांच की गयी। जांच में बताया गया कि अवैध खनन क्षेत्र में हुआ है, लेकिन यहां लीज धारक अली रजा और पिंकु शेख के नामों का उल्लेख नहीं किया गया। अचंल अधिकारी की ओर से बनी रिपोर्ट में बताया गया है कि लीज धारक द्वारा वर्तमान में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र अंतर्गत पत्थर उत्खनन का कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र से सटे दाग संख्या 08 से 20 और 23 से 27 पर अन्य दागों की भूमि पर भी अवैध रूप से पत्थर उत्खनन का कार्य किया गया है, लेकिन स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अतिरिक्त अन्यान्य दागों की भूमि पर पट्टाधारियों के द्वारा पत्थर उत्खनन का कार्य किया गया है अथवा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा पूर्व में अवैध रूप से पत्थर का उत्खनन किया गया है, इसकी पुष्टि स्थानीय जांच और पुछताछ से नही हुई। उपायुक्त और खनन विभाग को लिखे पत्र में मामले की फिर से जांच कराने की बात की गयी है।

---

# सम्राट गिरोह के सरगना को मर्डर के केस में रिमांड लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खूंटी, रांची, गुमला और सीमावर्ती इलाकों में आतंक का पर्याय रहे जयनाथ साहू को दो केस में रिमांड किया गया है। लापुंग के लालू लोहरा हत्याकांड और आर्म्स एक्ट से जुड़े दो अलग-अलग केस में दो सप्ताह के लिए रिमांड किया गया है, जबकि दूसरे केस में 10 दिनों के लिए रिमांड किया गया है। जयनाथ साहू के अधिवक्ता प्रियांशु सिंह ने बताया कि न्यायाधीश कमलेश बेहरा की कोर्ट से जयनाथ साहू को आर्म्स एक्ट के मामले में रिमांड किया गया है। वहीं लालू लोहार मर्डर केस में न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेशी हुई, जिसके बाद न्यायालय ने पुलिस को 6 अक्टूबर तक रिमांड की मंजूरी दी है।

बता दें कि सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू ने लापुंग थाने में वर्ष 2013 में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में 23 अगस्त को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था, जिसके बाद से अलग-अलग मामलों में पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उसे रांची सिविल कोर्ट में सशरीर प्रस्तुत किया गया। जानकारी के मुताबिक जयनाथ साहू पर अलग-अलग थानों में 97 मुकदमे दर्ज हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |

### एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये

# दुर्गा पूजा में दो हजार जवान रांची की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करीब दो हजार से अधिक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। पूरे शहर में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इसके जरिये हर गतिविधि पर पुलिस की नजर होगी। पुलिस की ओर से लगाये गये कैमरों की डीवीआर और लाइव फीड की व्यवस्था कंट्रोल रूम में की गयी है। वहीं पंडाल समितियों की ओर से लगाये गये कैमरों की डीवीआर और लाइव फीड पंडालों में ही होगी। शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में ड्रोन कैमरों से भी निगहबानी होगी। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए शक्ति कमांडो और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है।

## संवेदनशील इलाकों पर रखी जा रही नजर

दुर्गा पूजा को लेकर जिले के सांप्रदायिक तत्वों को चिह्नित किया जा रहा है। उन लोगों की सूची बनायी जा रही है, जो सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त रहे हैं। ऐसे कांडों में शामिल लोगों पर पुलिस ने थाना स्तर पर क्या कार्रवाई की है, इसके बारे में भी जानकारी जुटायी जा रही है। पूजा के दौरान उत्पात में शामिल तत्वों के बारे में भी सभी थानों से जानकारी ली जा रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। घटना की वजह और उसकी पृष्ठभूमि में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

## 1200 लोगों को भेजा जा चुका है 107 के तहत नोटिस

दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर के वैसे तमाम दागी, जिनसे शहर के माहौल खराब होने की संभावना है, उन्हें आइपीसी धारा 107 के तहत नोटिस भी भेजा जा चुका है। जिन पुराने अपराधियों को नोटिस भेजा गया है, उनकी संख्या करीब 1200 है।

### रांची: स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की तैयारी

# आउटसोर्स पर नियुक्त हुए 336 कर्मचारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल और जिले के ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए कदम उठाये गये हैं। 400 बेड वाले सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय औषधालय डोरंडा, अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू और स्वास्थ्य उपकेंद्रों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पारा मेडिकल कर्मचारियों के अलावा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है।

बता दें कि आउटसोर्सिंग पर नियुक्त कर्मियों की सेवा अवधि एक साल की है। 22 सितंबर 2023 तक सभी कर्मचारी अपनी सेवा देंगे। मैन पावर के लिए एमएस सामंता सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सदर अस्पताल प्रबंधन की ओर से काम करने की अनुमति दी गयी है। सदर अस्पताल के लिए 233 कर्मचारी, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 48 और अनुमंडल अस्पताल (ट्रॉमा सेंटर बुंडू) के लिए 55 कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है। सब मिला कर कुल 336 कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है।

## इस दर से होगा पैसे का भुगतान

अति कुशल: 1009.9 रुपये (प्रतिदिन)
कुशल: 888.22 रुपये (प्रतिदिन)
अर्ध कुशल: 668.09 रुपये (प्रतिदिन)
अकुशल: 637.91 रुपये (प्रतिदिन)

## सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों में सेवा देंगे कर्मी

400 बेड वाले सदर अस्पताल के मातृ एवं शिशु केंद्र, ब्लड बैंक और बिरला वार्ड में सेवा देनेवाले पारा मेडिकल कर्मी और अन्य कर्मचारियों की संख्या 233 है। इनमें सबसे अधिक स्टॉफ ग्रेड-ए नर्सों की संख्या 128 है।

## इन पदों पर नियुक्त हुए कर्मचारी

पर्यवेक्षक-1, कंप्यूटर ऑपरेटर-11, एक्सरे टेक्निशियन-4, प्लंबर-4, स्टाफ नर्स ग्रेड-ए-128, फार्मासिस्ट-5, लैब टेक्नीशियन-8, लैब असिस्टेंट-4, डायटीसीन-1, मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर-2, इलेक्ट्रीशियन-3, ओटी असिस्टेंट-11, माली-1, लौंड्री वर्कर-3, ऑप्थेलमिक सहायक-2, इसीजी टेक्नीशियन-3, ट्रॉली मैन-6, लिफ्ट मैन-3, एंबुलेंस चालक-4, मेनिफोल्ड टेक्नीशियन-6, वार्ड बॉय-3, वार्ड गर्ल-3, ब्लड बैंक के लिए लैब टेक्नीशियन-15, कंप्यूटर ऑपरेटर-1 और एंबुलेंस चालक-1 अपनी सेवा देंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए नियुक्त हुए 48 कर्मी

अनगड़ा-10, बेड़ो-3, बुढ़मू-3, चान्हो-3, सिल्ली-3, सोनाहातू-3, तमाड़-1, बुंडू-2, नामकुम-2, ओरमांझी-3, कांके-2, मांडर-2, रातू-4, लापुंग-3, डोरंडा-2 और विधानसभा-2 में कर्मी अपनी सेवा देंगे।

## अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में नियुक्त हुए 55 कर्मचारी

वहीं अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में विभिन्न पदों पर 55 कर्मचारी अपनी सेवा देंगे। इनमें स्टाफ नर्स-25, ओटी असिस्टेंट-13, ओटी टेक्निशियन-5, रेडियोग्राफर-4, लैब टेक्नीशियन-2, क्लर्क/कंप्यूटर ऑपरेटर-4 और क्लीनिंग स्टाफ की संख्या-2 है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

**वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी

# जैप वन में विधि विधान से हुआ कलश स्थापन

### फायरिंग कर जवानों ने दी मां दुर्गा को सलामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के जैप वन ग्राउंड में विधि विधान के साथ कलश स्थापन किया गया। इसके बाद जवानों ने फायरिंग कर मां दुर्गा को सलामी दी। जैप 1 के कमांडेंट वाइएस रमेश अपनी पत्नी के साथ पूजा में शामिल हुए। बता दें कि जैप-1 में पूजा काफी अलग ढंग से की जाती है। जवान मुख्य रूप से अस्त्र शस्त्र की पूजा करते हैं। वहीं नवमी के दिन बलि प्रथा के साथ पूजा का समापन किया जाता है। नक्सलियों से लोहा लेने और वीआइपी सुरक्षा की कमान संभालने वाले गोरखा जवान पूरे नवरात्र मां दुर्गा की भक्ति में डूबे रहते हैं।

## बलि की प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही

ऐसी मान्यता है कि गोरखा और नेपाली संस्कृति पुरातन समय से ही शक्ति की उपासक रही हैं। ऐसे में बलि की प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है और अब इनकी संस्कृति का हिस्सा बन गयी है। जवानों के मन में विश्वास है कि शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से वे हर जगह जवानों की रक्षा करती हैं। इसलिए वे हर पूजा में मां दुर्गा को बलि अर्पित करते हैं और उनके सम्मान में गोलियां चलाते है।

## 1880 से होती आ रही है मां दुर्गा की पूजा

जैप वन में करीब 142 वर्षों से अधिक समय से पूजा होती आ रही है। शक्ति के उपासक गोरखा जवानों का नवरात्र पूजा का इतिहास सदियों से चला आ रहा है।

## नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना

अंग्रेजों के जमाने से 1880 से ही यहां पर मां का दरबार सज रहा है। अस्त्र शस्त्र की पूजा इसलिए की जाती है कि इनका मानना है कि दुश्मनों से लोहा लेते समय कभी धोखा नहीं मिला है। मां दुर्गा की कृपा हमेशा बनी रहती है।

### शर्मनाक : पलामू में विवाहिता के साथ सामूहिक गैंग रेप मामला

# झारखंड के लोगों का सिर शर्म से झुक गया: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ सामूहिक गैंगरेप मामले में सभी छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो गयी है। जिले के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार खुद सतबरवा थाना में कैंप कर रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि एसपी ने ही की है। एक ओर जहां विवाहिता के साथ सामूहिक बलात्कार को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है, तो वहीं दूसरी तरफ इस मामले पर प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने हेमंत सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। बीजेपी विधायक दल के नेता और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर के माध्यम से राज्य की हेमंत सरकार पर तीखा निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि पलामू में पति के सामने महिला से छह लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना से झारखंड के लोगों का सिर शर्म से एक बार फिर झुक गया है। हेमंत सरकार के एक हजार दिन की विनाशकारी उपलब्धि में एक यह मामला भी जुड़ जायेगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी महिला अपराध को लेकर बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर हमला बोला था। कहा था कि अपराधियों पर काबू पाने में सरकार विफल रही है।

## क्या है मामला

दरअसल, यह मामला शनिवार देर रात का है। पलामू जिला के सतबरवा इलाके में 6 अपराधियों ने एक विवाहिता को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। यही नहीं, अपराधियों ने पीड़िता के पति और उसके एक रिश्तेदार के साथ मारपीट भी की। उनकी बाइक और मोबाइल भी छीन लिया। 6 में से 2 आरोपियों को ग्रामीणों ने घटना के तुरंत बाद ही पकड़ लिया था। बाकी 4 अपराधियों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार किया। उनको जेल भेजने की तैयारी हो रही है।

## झारखंड को शर्मसार करनेवाली है यह घटना : दीपक प्रकाश



झारखंड बीजेपी अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी पलामू गैंगरेप मामले में राज्य की हेमंत सरकार की आलोचना की है। दीपक प्रकाश ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर लिखा है कि पलामू में पति के सामने महिला से छह लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना पूरे झारखंड को शर्मसार करने वाली है। हेमंत सरकार सिर्फ राज्य को लूटने में मस्त है, मुख्यमंत्री सिर्फ बड़ी-बड़ी डींगे हांकने में व्यस्त हैं। राज्य सरकार अविलंब अपराधियों को गिरफ्तार करे।

## राज्य में बलात्कारियों की हिम्मत बढ़ गयी है : रघुवर दास



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने भी पलामू गैंगरेप को लेकर हेमंत सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। रघुवर दास ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर लिखा है कि हेमंत सरकार के शासन में बलात्कारियों की हिम्मत काफी बढ़ गयी है। झारखंड में हर दिन महिलाओं की आबरू लूटी जा रही है और हेमंत सरकार अपने गाल बजाने में व्यस्त है। इस बेपरवाह सरकार को जनता सबक सिखायेगी।

# राहुल गांधी को हाइकोर्ट से मिली राहत बरकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राहुल गांधी के द्वारा दाखिल क्वैशिंग याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने राहुल गांधी और राज्य सरकार को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। कम्पलेनेंट और सरकार को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है, जिसके बाद अब यह केस सूचीबद्ध होगा। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने अमित शाह को हत्यारा कह कर संबोधित किया था। हाइकोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ फि लहाल किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। राहुल गांधी पर चाइबासा के प्रताप कुमार ने केस दर्ज करवाया था, जिसे पहले रांची कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था, लेकिन फिर कुछ समय अंतराल के बाद इस केस को चाइबासा कोर्ट में ही ट्रांसफर कर दिया गया है। प्रताप कुमार की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं राहुल गांधी की तरफ से अधिवक्ता कौशिक सरखिल अदालत में पक्ष रख रहे थे।

### पहल : हेमंत सोरेन सरकार अपने महत्वाकांक्षी अभियान को लेकर रेस

# अक्टूबर से शुरू हो सकता है आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अभियान का दूसरा चरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अपनी महत्वाकांक्षी आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी। यह अक्टूबर माह से शुरू हो सकता है।

15 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले चरण की शुरूआत की थी। पहले चरण में सरकार का जोर यूनिवर्सल पेंशन स्कीम सहित बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान पर था। दूसरे चरण में सरकार का जोर सावित्री बाई फूले किशोरी संवृद्धि योजना और सीएम रोजगार सृजन रहेगा। उपरोक्त दोनों ही योजनाओं को लेकर बीते दिनों ही सरकार ने बड़ा संशोधन किया है।

## लोग अधिकारों के लिए ना भटकें, इसलिए की शुरूआत: हेमंत सोरेन



पहले चरण को लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री ने अभियान के उद्देश्य को बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रखंड से लेकर गांव तक के लोगों को अपने अधिकारों के लिए भटकना नहीं पड़े, बल्कि सरकार खुद उनके घर तक जाकर उन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाये, इसके लिए इस अभियान की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल खूंटी जिले के उलिहातू गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान का उद्घाटन किया था।

## विशेष तौर पर दो योजनाओं पर रहेगा जोर

दूसरे चरण में सरकार का जोर आम लोगों को सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पर रहेगा, लेकिन सभी योजनाओं में सबसे अधिक दो योजनाओं पर केंद्रित किया जायेगा।

**पहला जोर :** इसमें पहला सावित्री बाई फूले किशोरी संवृद्धि योजना है। हाल ही में सरकार ने मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का नाम बदल कर सावित्री बाई फूले किशोरी संवृद्धि योजना कर दिया है। योजना के तहत सरकार का बच्चियों की शिक्षा पर विशेष तौर पर फोकस रहना है।

बच्ची का नामांकन कक्षा आठ में होता है, तो सरकार उसके नाम से 2500 रुपये जमा करेगी। उसी तरह कक्षा 9 में नामांकन करने पर 2500 रुपये, कक्षा 10 में नामांकन करने में 5000 रुपये, कक्षा 11 में नामांकन लेने पर 5000 रुपये, कक्षा 12 में नामांकन लेने पर 5000 रुपये सरकार जमा करेगी। जब लड़की की आयु 18-19 वर्ष पूरी हो जायेगी, तो सरकार एक मुश्त राशि बीस हजार रुपये अनुदान के रूप में देगी।

**दूसरा जोर:** अभियान के तहत दूसरा जोर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर रहेगा। हाल में इस योजना में भी राज्य सरकार ने एक बड़ा संशोधन किया है। योजना के तहत सरकार पचास हजार से लेकर 25 लाख रुपये की सहायता राशि युवाओं को उपलब्ध कराती है। पहले इस राशि के लिए युवाओं को गारंटर देना पड़ता था, लेकिन अब पचास हजार रुपये लोन लेने में किसी तरह की कोई गारंटर की जरूरत नहीं होगी। वहीं पचास हजार रुपये से ऊपर के लोन लेने पर अब सरकारी, सेवानिवृत्त कर्मी, अर्धसरकारी, निजी संस्था में कार्यरत कर्मी, सभी जनप्रतिनिधि जैसे मुखिया, पंचायत सचिव, सांसद, विधायक, वार्ड सदस्य (निर्वाचित और पूर्व निर्वाचित) भी गारंटर बन सकेंगे।

# नितेश यादव महानगर अध्यक्ष, रोहित सिन्हा जिलाध्यक्ष घोषित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छात्र युवा शक्ति की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक शगुन बैंक्वेट हॉल में हुई। इसमें नितेश यादव को पुनः रांची महानगर अध्यक्ष चुना गया और रोहित सिन्हा को रांची जिलाध्यक्ष चुना गया। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार रौशन ने औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के दौरान छात्र युवा शक्ति के कार्यकर्ता प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिला कर श्रद्धालुओं की सेवा में पंडालों में तैनात रहेंगे।

### छात्र युवा शक्ति की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक

बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि सुदूर से घूमने आनेवाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बिहार क्लब में सेवा शिविर का कंट्रोल रूम बनाया जायेगा। पूरे शहर को पांच जोन मे बांटा गया है। पांचों जोन के प्रभारी की घोषणा जल्द की जायेगी। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार रौशन ने पुरानी कमिटी को भंग कर दिया और कहा कि जल्द ही नयी कमिटी की घोषणा की जायेगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रोहित सिन्हा ने कहा कि जल्द ही संगठन की नगर निगम और जिला प्रशासन के साथ सामंजस्य बिठा कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। मौके पर महेश कुमार मनीष को केंद्रीय उपाध्यक्ष, शशांक तिर्की को केंद्रीय कोषाध्यक्ष, अमित मुंडा को केंद्रीय प्रवक्ता, बिरु सिंह को केंद्रीय महासचिव और मुकेश सोनी को रांची महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel




## दुर्गोत्सव : कहीं पूजन तो कहीं चल रहा भजन, तेजी से सज-संवर रहे पूजा पंडाल

# मां भवानी की महिमा अपार, झूम रहा संसार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नवरात्र कलश स्थापना के साथ दुर्गोत्सव का रंग और भी गहरा गया है। मां की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालु मस्ती में झूम रहे हैं। कहीं पूजन तो कहीं भजन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। श्रद्धालु तन-मन से मां की भक्ति में रमे हैं। आकार ले चुका राजधानी का पूजा पंडाल भी अब तेजी से सज-संवर रहा है। करोना के प्रकोप से दो साल फीका रहा दुर्गोत्सव, इस बार पूरी भव्यता के साथ मनाया जायेगा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर गली-कूचों तक इसकी धमक दिख रही है। पूजा समिति के आयोजकों का अनुमान है कि इस बार दर्शनार्थियों की अत्याधिक भीड़ निकलेगी। ऐसे में हर साल पंचमी को खुलने वाले पंडालों का पट चतुर्थी को ही खोल दिया जायेगा। बकरी बाजार और ओसीसी दुर्गा पूजा समिति आदि के पूजा स्थल पर बड़े-छोटे झूले लग चुके हैं। खाने-पिने का स्टॉल भी तेजी से बनाया जा रहा है। जल्द ही सांझ ढलते प्रमुख सड़कों पर लगे विशाल स्वागत द्वार और विद्युतचलित यंत्र से शहर जगमगायेगा।



### कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ

राजधानी के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से दोपहर बाद तक कलश स्थापना पूजन किया गया। इसके बाद प्रारंभ हुआ पाठ और भजन का सिलसिला घंटों चला। मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का ध्यान धर भक्त भक्ति में रमे रहे। प्राचीन राम मंदिर चुटिया में 351 कन्याओं द्वारा पाठ किया गया। राधाकृष्ण मंदिर में बढ़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर दुर्गा पाठ किया। अलकापुरी शिव मंदिर, देवी मंडप रोड स्थित दुर्गा मंदिर, जैप वन डोरंडा सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। यज्ञा बाबा आश्रम में पूजा-अर्चना और कलश स्थापना कर मां की चार पहर आरती उतारी गयी। अन्य जगहों पर भी नेम-निष्ठा से मां का अह्वान कर मंगल कलश स्थापित किया गया। अब नवरात्र तक श्रद्धालु नित्य सुबह-शाम पूजा-अर्चना कर मां के श्रीचरणों में श्रद्धा का पुष्प चढ़ायेंगे।

### बारिश से बदरंग न हो जाये दुर्गोत्सव की मस्ती

**रांची।** दो साल करोना के प्रकोप ने दुर्गोत्सव में खलल डाला, तो इस बार बारिश की संभावना ने चिंता बड़ा दी है। कहीं पानी के कारण दुर्गोत्सव की मस्ती में खलल न पड़ जाये। नवरात्र के पहले दिन सुबह का मौसम तो सुहावना रहा, लेकिन दोपहर बाद बूंदा-बांदी फिर सवा तीन बजे से हो रही झमाझम बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। आपर बाजार की कई गलियों में घुटने तक पानी भर गया। पूजा पंडाल के साज-सज्जा में भी व्यवधान पड़ा। पूजा आयोजकभी बारिश की संभावना को लेकर परेशान हैं। कई बड़े पूजा पंडालों का पट चतुर्थी और पंचमी को खोलने की तैयारी है, लेकिन बरखा के कारण कहीं इसमें खलल न पड़ जाये।

## प्रकृति संरक्षण का संदेश देगा रांची रेलवे स्टेशन का पूजा पंडाल

**आसमान से आशीष बरसायेगी मां शेरावाली, जलावन लकड़ी से बन रहा यूको फ्रेंडली पंडाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा पंडाल इस बार भी कुछ अलग हट कर होगा। यहां जलावन लकड़ी से बने यूको फ्रेंडली पंडाल में शेरावाली मां आसमान से आशीष बरसायेंगी। मां की 16 फीट उंची प्रमिता का दर्शन कर दर्शनार्थी भाव विभोर हो जायेंगे। शिव-पार्वती के 20 फीट उंची प्रमिमा, लाल पत्थर से बने 10 फीट के नंदी महाराज और 25 फीट उंचे व 50 फीट चौड़े इंद्रधनुष का खुबसूरत नजारा देखते ही बनेगा। आकर्षक विद्युत सज्जा की क्या कहने। इतना ही नहीं दर्शनार्थियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश भी मिलेगा। भौतिक युग में परमाणु बम बनाने की होड़ है, लेकिन वास्तव में मानव की रक्षा परमाणु बम से नहीं प्रकृति से ही संभव है। इसी बात को पंडाल में बने सभी कलाकृतियों के माध्यम प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है। अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि दर्शनार्थियों को हर संभव सहयोग देने के लिए समिति के सदस्य और पदाधिकारी मौके पर मुस्तैद रहेंगे। लोगों को कसी तरह की परेशानी न हो इसका खास ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इंद्र देव की कृपा रही तो पंचमी तिथि को आम भक्तों के लिए पंडाल का पट खोल दिया जायेगा।



### अमृत दुर्गोत्सव मना रही समिति : मुनचुन



रांची रेलवे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय दुर्गा पूजा को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि इस बार समिति के पूजा का 75वां वर्ष है। इसे समिति अमृत दुर्गोत्सव के रूप में मना रही है। विश्व ने करोना का भयावह रूप देखा है, इसके प्रकोप से महाशक्तिशाली देश भी विवश रहा। ऐसे में परमाणु बम बनाने की होड़ से नहीं, प्रकृति की रक्षा से मानव जाति की सुरक्षा होगी। इसी भाव से इस बार पूजा पंडाल में प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। पंडाल का कोना-कोना संदेश देता प्रतीत होगा।

- 1947 से हर साल हो रही पूजा
- बंगाल के शिल्पकार गढ़ रहे प्रतिमा
- साज-सज्जा में जुटे हैं दर्जनों कलाकार
- पूजा पंडाल का बजट 40 लाख
- बंगला रिति से होगी पूजा-अर्चना

### समिति के पदाधिकारी

अध्यक्ष मुनचुन राय, सचिव पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, मुन्ना ठाकूर, प्रेम, मंत्री विशाल सिंह, रिंकू बनर्जी, सोनू सिंह, राकेश, विजय सिंह के अलावा बड़ी संख्या में सदस्य समिति से जुड़े हैं।

## सांसद को अधिकारियों ने दिया आश्वासन

# दुर्गा पूजा से पहले ही बदले जायेंगे सभी खराब ट्रांसफार्मर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा से पहले सभी खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने को लेकर सांसद संजय सेठ का दबाव काम आया। सोमवार को जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य अधिकारी सांसद संजय सेठ से मिलने उनके आवास पहुंचे और उन्हें आश्वस्त किया कि दुर्गा पूजा से पहले किसी भी कीमत पर सभी खराब ट्रांसफार्मरों को बदल दिया जायेगा। आपको बता दें कि चार दिन पहले ही सांसद संजय सेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह घोषणा की थी कि रांची में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बहुत खराब है। कई-कई महीनों से ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं। यदि दुर्गा पूजा से पहले सभी खराब ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया तो वे आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे और 30 सितंबर से धरना देने का काम करेंगे।

### सांसद के एलान के बाद सक्रिय हुए अधिकारी

सांसद की इस घोषणा के बाद ही बिजली विभाग ने सक्रियता दिखानी शुरू की थी। जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार स्वयं इस मामले को लेकर सांसद संजय सेठ से मिलने पहुंचे और उन्हें खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को बदले जाने के साथ-साथ राजधानी में पूजा के दौरान बिजली आपूर्ति की स्थिति ठीक रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सांसद ने भी अधिकारियों से कहा कि दो साल बाद इस बार राजधानी में दुर्गा पूजा का उत्साह चरम पर है, ऐसे में खराब बिजली आपूर्ति या खराब ट्रांसफार्मरों के जरिए लोगों के उत्साह में भंग नहीं पड़ना चाहिए।

# शारदीय नवरात्र पर राजधानी का देवी दर्शन धाम बना आकर्षण का केंद्र, 1111 कलश की स्थापना की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र की शुरूआत के साथ मां दुर्गा के आगमन का आह्वान हो चुका है। कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के भक्त पूजा अर्चना में लीन हो गये हैं। इस बीच रांची का देवी दर्शन धाम आकर्षण का केंद्र बन गया है। देवी दर्शन धाम में 1111 कलश की स्थापना की गयी है। ना सिर्फ रांची, बल्कि दूसरे जिलों से भी आये लोगों ने यहां कलश स्थापना की है।

बनारस से नौ पुरोहितों की विशेष मंडली पूजा अर्चना के लिए यहां पहुंची है, जबकि मधुबनी से आयी टोली राम चरित्र मानस की अखंड कथा वाचन करती आपको दिख जायेगी। पिछले कई वर्षों से देवी दर्शन धाम में सबसे अलग और सबसे जुदा शारदीय नवरात्र की ये आकर्षक तस्वीर देखने को मिल रही है।बनारस से आये पुरोहित सत्यम शुक्ला ने बताया कि नौ पुरोहितों की टीम फिर एक बार देवी दर्शन धाम पहुंची है।



नवरात्र में अगले नौ दिनों तक जिस किसी के नाम से कलश की स्थापना की गयी है, वो सभी मां के भक्त यहां आराधना करेंगे। इस आयोजन को देवी दर्शन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

मधुबनी से आयी कथा वाचकों की टोली अखंड राम चरित्र मानस के पाठ में लगी है। मधुबनी से आये विनय झा ने बताया कि भगवान राम ने मां दुर्गा की आराधना के बाद रावण पर विजय हासिल की थी। राम चरित्र मानस मंगल करने वाली कथा है। इस कथा में संदेश कल्याण और विश्व कल्याण का संदेश है।

# झारखंड में पांच दिनों तक बारिश की संभावना

**दशमी तक भी हो सकती है बारिश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची झारखंड के मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राजधानी रांची सहित कई जगहों पर शाम होते-होते तेज बारिश शुरू हो गयी। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक मौसम इसी मिजाज में रहेगा। दुर्गोत्सव के दौरान भी आकाश में बादल छाये रहेंगे। हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। रविवार को रांची में 15 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गयी।

मौसम विभाग ने पहले और दूसरे दिन कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जाहिर की है। 29 और 30 सितंबर को भी बारिश की संभावना है। इस दौरान रांची का न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री के बीच रह सकता है। उच्चतम तापमान 29 से 30 डिग्री के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची के खलारी में सबसे ज्यादा बारिश हुई। यहां 53.6 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी।



इस दौरान उच्चतम तापमान डाल्टनगंज में दर्ज किया गया, जबकि गुमला का तापमान न्यूनतम रहा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताते हैं कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब के कारण 3 से 5 अक्टूबर तक बारिश हो सकती है। बारिश के साथ-साथ वज्रपात और तेज हवाओं के भी चलने की संभावना है। बारिश महासप्तमी से लेकर दशमी तक होगी। बारिश के दौरान हवाओं की रफ्तार 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से चलने की संभावना है। झारखंड में मानसून के दौरान होनेवाली बारिश अब सामान्य के करीब है। ताजा आंकड़े के अनुसार अब राज्य में बारिश की कमी सिर्फ 21 फीसदी रह गयी है। अगर मौसम का मिजाज इसी तरह रहा तो इस बार दुर्गा पूजा में पंडाल घूमने का शौक रखने वालों को छतरी पकड़ कर निकलना होगा। बारिश की वजह से पंडाल बना रहे आयोजकों को भी सतर्क रहना होगा।

## कार्यक्रम : चुटिया के प्राचीन राम मंदिर में कलश स्थापना संपन्न

# 251 कन्याओं से कराया जा रहा श्री दुर्गा जी का पाठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को चुटिया स्थित प्राचीन राम मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कैलाश केसरी के द्वारा कलश स्थापित कर भव्य पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसएसपी रांची कौशल किशोर, विशिष्ट अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा और रांची जिला दुर्गा पूजा के मुनचुन राय उपस्थित थे। पूजा कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।

समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत प्राचीन राम मंदिर के महंत गोकुल दास और पुरोहित जनार्दन पांडेय के द्वारा चुनरी ओढ़ा कर किया गया। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर समिति के द्वारा 251 कन्याओं से श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ कराया जा रहा है। एसएसपी रांची कौशल किशोर ने सभी मां भवानी के भक्तों को शारदीय नवरात्रि की बधाई दी और शांतिपूर्ण पूजा करने का आवाह्न किया।

पूजन कार्यक्रम में कैलाश केसरी, चुटिया थाना प्रभारी विश्व रंजन, कृष्णा सहाय, सुनील सहाय, अमित केसरी, अमित साहू, अरुण केशरी, शुभम केशरी, अक्षय केशरी, प्रकाश रंजन, पुष्कर महतो, गिरधारी महतो, रमेश महतो, मनीष केशरी, रवी सिंह, दीपु पांडेय, रेणु सिंह, ममता जी, ललीता ओझा, विकास साहू, विजय कुमार साहू, विनोद श्रीवास्तव, विजय तिर्की, अनिल सिंह, राजू सिंह, शेरु, राणु चौबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ग्राहकों को लुभा रहें हैं टीबीजेड द ओरिजनल के बेहतरीन ऑफर



रांची (आजाद सिपाही)। टीबीजेड द ओरिज्नल में प्रेस वार्ता में संजय राजगढ़िया संचालक रविकांत एरिया सेल्स मैनेजर विधि सरल स्टोर मैनेजर ने कहा कि इस त्योहार के शुभ अवसर पर टीबीजेड द ओरिजिनल में ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन ऑफर लाया गया है। ऑफर में सोने के गहनों की बनवाई 399 प्रति ग्राम से शुरू है और हीरे के आभूषणों पर कोई भी बनवायी चार्ज नहीं लिया जा रहा है। ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज में 100% एक्साइज मूल्य दिया जा रहा है यानी कि आप अपने पुराने सोने लेकर आयें और नये डिजाइन के यहां से लेकर जायें।इस त्योहार को देखते हुए टीवी जेड ओरिजिनल ने अपने नये- नये एवं बेहतरीन एंटीक और हीरे के आकर्षक ज्वेलरी भी लॉच की है। यह ऑफर 26 सितंबर 2022 से 23 अक्टूबर 2022 तक मान्य है।उन्होंने बताया कि टेंपल कलेक्शन कुंदन अलग डिजाइन से बनाये गये हैं उन्होंने बताया कि टीबीजेड द ओरिजिनल चर्च कंपलेक्स एसी मार्केट में 29 सितंबर 2022 को अपना पांचवा एनिवर्सरी भी मना रहा है। इस दिन खास बनाने के लिए बेहतरीन ऑफर और हर खरीदारी पर एक निश्चित उपहार भी दिया गया है।

### कोकर बाजार दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर बजार जतरा टांड़ के प्रांगण में कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कोकर दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष राजू राम ने की। बैठक में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। क्योंकि इस बार कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की तरफ कोकर में विधुत सजा और पड़ाल आकर्षण का केंद्र रहेगा और बच्चों के लिए पड़ाल के पिछे मनोरंजन के लिए छोटे छोटे झुला भी लगेगा। इस कमेटी में कुछ नये लोगों भी जोड़ा जा रहा है। सदस्य पंकज कच्छप, बाबी गाड़ी, नागेश प्रसाद, दशाय राय, मुगल राय, संदीप सिंह सदस्य बनाये गये हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से संतोष महतो, संजय राय, वशिष्ठलाल पासवान, सूरज कुमार राम संजय कुमार राम अमित चौरसिया, जेपी भल्ला, गुडन पासवान, सागर पासवान, मनोहर कुमार, गौरी सहनी, नवीन वर्मा, जगदेव महतो, प्रकाश राम, रंजित कुमार (रुद्रा) संतोष कुमार पासवान, बंटी राज, दिपक कुमार संजय ठाकुर (दिपू), सोनू चौधरी, प्रवीण प्रियदर्शी, विष्णु राम, बसंत कुमार पासवान आदि कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में कलश स्थापना



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव की शुरुआत हुई। सुबह 6:30 बजे पंडित ज्ञानदेव मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारणों के साथ पूजा प्रारंभ की गयी और कलश की स्थापना की गयी। वहीं मां दुर्गा की अखंड ज्योत मंदिर के आयोजक चंद्रभान तलेजा के द्वारा प्रज्वलित की गयी। श्री दुर्गा स्तुति का पाठ सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा किया गया। जिसके बाद आरती अरदास और प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिसमें कमेटी के प्रधान मनोहर लाल जसुजा, रामचंद्र तलेजा, केसर पपेनजा, हरीश अरोरा, अरुण जसुजा, सुशील गेरा नंदकिशोर अरोड़ा, निखिल घेई, हरीश मनुजा, किशोरी मुंजाल, सुनील कटारिया, गौरी शंकर मादनपोत्रा, रोहित तलेजा, मनोज किंगर रौनक मिड्ढा, पंकज गखड़, महेश कुक्कड़, चंद्रभान मनुजा, ललित किंगर, विशाल अरोड़ा, जिमी अरोड़ा, विकास घई विशाल ,नरेश खत्री, विनीत अरोड़ा । स्त्री सत्संग सभा की नीलम अरोड़ा, शकुंतला देवी मुंजाल, पुष्पा काठपाल, चंदा तलेजा एवं मां भवानी सेवा मंडल की भावना किंगर संगीता मिड्ढा, दीप्ति जसूजा सुनीता विज पिंकी तलेजा मीनू मिड्ढा, चेतना अरोड़ा, निशा पपनेजा, रश्मि काठपाल, रूबी अरोड़ा सबिता मुंजाल ,लीना मनुजा के अलावा समाज की और भी महिलाओं और अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### डॉ रामदयाल मुंडा आदिवासी अनुसंधान संस्थान में संगोष्ठी

रांची (आजाद सिपाही) ।सोमवार को एफएलएआइआर-फोरम फॉर लर्निंग एंड एक्शन विद इनोवेशन एंड रिगोर और एसएचआइसीएए के द्वारा मोराबादी स्थित डॉ राम दयाल मुंडा आदिवासी अनुसंधान संस्थान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों और युवाओं की भलाई - अनुसंधान और अभ्यास से सीखना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय नाथ झा अपर सचिव, अनुसूचित जाति जनजाति, अल्पसंख्यक विभाग झारखंड सरकार थे। इस अवसर पर डॉ सौरभ प्राचार्य मनोचिकित्सा विभाग ने इंटरनेट की लत और संबंधित विकारों को समझना-विकास और समाधान दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला और गहन चर्चा की। संगोष्ठी में कई स्कूली शिक्षक, प्रधानाध्यापक, कॉलेज के छात्र, गैर सरकारी संगठनों के सदस्य और मीडियाकर्मी मौजूद थे।

### एएमओ इलेक्ट्रिक बाइक कंपनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। एएमओ इलेक्ट्रिक बाइक के ऑथराइज्ड डीलर इ-मोबिलिटी के गाड़ी खाना चौक इरगु रोड स्थित सर्विस सेंटर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दिल्ली से आये कंपनी के इंजीनियर अमूल्य साहू ने बाइक के वायरिंग सहित विभिन्न पार्ट्स जैसे मोटर, डिस्प्ले, बैटरी आदि की जांच और रख रखाव से संबंधित जानकारी दी। ट्रेनिंग में बाइक के रूटीन सर्विस में किये जाने वाली सर्विसिंग को विस्तार से बताया गया। ट्रेनिंग में कंपनी के झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल के सेल्स प्रभारी विवेक कौशिक ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि कंपनी का फोकस केवल सेल करना नहीं है बल्कि डीलर और कस्टमर को गुणवत्तापूर्ण सर्विस उपलब्ध कराना है। आज मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचने वाली कंपनी की बाढ़ आयी हुई है पर ज्यादातर कंपनियां ग्राहकों को अच्छी सर्विस देने में सक्षम नहीं हैं। एएमओ इलेक्ट्रिक बाइक के ग्राहक झारखंड के 12 जिलों में गुणवतापूर्ण सर्विस प्राप्त कर सकते हैं और इस साल के अंत तक और 6 जिलों मे इसकी सर्विस और सेल का प्रारंभ हो जायेगा। ई मोबिलिटी के सर्विस निदेशक अरशद इकबाल ने बताया कि आज की ट्रेनिंग में शहर के रातू रोड, हरमू रोड, कडरू, डोरंडा, कांटाटोली, बरियातू, हिंदपीढ़ी आजाद बस्ती से स्कूटी की सर्विस करने वाले छोटे दुकानदारों को विशेष रूप से एक दिवसीय ट्रेनिंग में बुलाया गया है ताकि रांची में इलेक्ट्रिक स्कूटी का उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं को छोटी मोटी समस्याओं के लिए सर्विस सेंटर ना आना पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही इसकी सुविधा उपलब्ध हो सके।

## ब्रह्मचारिणी

**पंडित रामदेव पांडेय**



मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दायें हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम सेअभिहित किया गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताये और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं।पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा- हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की। यह तुम्हीं से ही संभव थी। तुम्हारी मनोकामना परिपूर्ण होगी और भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तपस्या छोड़ कर घर लौट जाओ। जल्द ही तुम्हारे पिता तुम्हें बुलाने आ रहे हैं। इस देवी की कथा का सार यह है कि जीवन के कठिन संघर्षों में भी मन विचलित नहीं होना चाहिए। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्व सिद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन देवी के इसी स्वरूप की उपासना की जाती है।

### दुर्गा पूजा से छठ तक झारखंड पुलिस की छुट्टियां रद्द

# महाषष्ठी से भारी वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूजा के दौरान सभी जिलों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में झारखंड पुलिस की रैपिड एक्शन पुलिस (रैप) के जवानों की तैनाती होनी है। अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन से भी भीड़भाड़ वाले स्थान की निगरानी होगी। जो भी संदिग्ध चेहरे दिखेंगे, उनपर पुलिस की नजर रहेगी। वर्दी में तो महिला-पुरुष पुलिस बल के जवान रहेंगे। सादे लिबास में भी भीड़भाड़ वाले स्थान पर महिला-पुरुष पुलिस बल तैनात रहेंगे, ताकि पूजा पंडाल घूमने आने वाले दर्शनार्थियों को कोई असामाजिक तत्व परेशान न करने पाये।

**सांप्रदायिक सौहार्द्र को बनाये रखें :** पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित आदेश सभी जिलों के एसएसपी-एसपी को जारी कर दिया है। यह भी आदेश हो गया है कि अक्टूबर महीने में दुर्गापूजा से लेकर छठ पूजा तक सभी पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की छुट्टियां रद्द रहेंगी। अगर किसी के साथ कोई विशेष परिस्थिति आ जायेगी, तो उन्हें ठोस कारण से संबंधित सबूत प्रस्तुत करना होगा, तब उनकी छुट्टियां स्वीकृत होंगी। दो वर्ष के अंतराल के बाद भव्य तरीके से हो रहे पूजा के आयोजन में पुलिस केंद्र के रिजर्व बल के अलावा गृह रक्षकों की भी भारी संख्या में तैनाती होनी है। पूजा के आयोजन में तैनात सुरक्षा बलों को संबंधित पूजा समितियों एवं क्षेत्र के सभी समुदाय के प्रमुख लोगों के संपर्क में रहने का आदेश दिया गया है, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में आपसी सौहार्द्र को बिगड़ने से रोका जा सके।

### इन जिलों में विशेष सतर्कता, अग्निशमन की तैनाती

रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, पलामू व लोहरदगा जिले में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यहां रैप की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है। जिलों में अतिरिक्त अस्थाई नियंत्रण कक्ष बनाए जा रहे हैं, जहां से संबंधित क्षेत्र की मानीटरिंग होगी। इतना ही नहीं, संबंधित नियंत्रण कक्ष के पास एक अग्निशमन दस्ता भी तैनात होगा। खुफिया विभाग को भी अलर्ट किया गया है, जिनके पदाधिकारी-कर्मी विभिन्न क्षेत्रों में सभी समुदाय के लोगों के बीच मूड-माहौल पर नजर रख रहे हैं।

### ड्राप गेट के बाद पैदल चलने की अनुमति

इस बार महाषष्ठी के दिन से ही विजयादशमी तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लग जायेगा। इसके लिए जिला पुलिस से जल्द ही यातायात रूट चार्ट जारी हो जायेगा। अलग-अलग जगहों पर भीड़ को नियंत्रित एवं सुगम यातायात के लिए ड्राप गेट बनाये जायेंगे, जहां से वाहनों के प्रवेश रोके जायेंगे। ड्राप गेट के बाद सिर्फ पैदल ही चलने की अनुमति होगी।

### दुर्गोत्सव में तोरण द्वार पर तकरार

# एसएसपी किशोर कौशल ने सुलझाया पूरा मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के आरआर स्पोर्टिंग क्लब में दुगार्पूजा के तोरण द्वार को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि कोर्ट का नोटिस तक आ गया। आरआर स्पोर्टिंग क्लब हर साल भव्य दुर्गापूजा पंडाल बनाता है। साथ ही हर साल तोरण द्वार पर भी काफी खर्च किया जाता है। इस बार तोरण द्वार को लेकर विवाद बढ़ा तो मामला कोर्ट के नोटिस तक पहुंच गया। हालांकि अब मामला सुलझा लिया गया है।

समिति के कोषाध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि सुखदेवनगर थाना की प्रभारी ममता कुमारी ने तोरण द्वार पर आपत्ति दर्ज की। हमने उनसे कहा कि समय रहते इसे ठीक कर लिया जायेगा। फिर भी उन्होंने इसकी शिकायत कर दी। साथ ही एसडीओ से धारा-107 (शांति भंग होने की आशंका) के तहत कार्रवाई की अनुशंसा कर दी। इस घटना के बाद नाराज समिति के सदस्यों ने दुर्गापूजा पंडाल का निर्माण कार्य रोक कर विरोध प्रदर्शन किया। इसकी सूचना जब एसएसपी किशोर कौशल के पास पहुंची, तो उन्होंने पहल करते हुए दोनों पक्षों को वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद पंडाल का निर्माण शुरू हो गया। नोटिस भी वापस ले लिया गया है। हम उत्साह के साथ पंडाल बनाने में लगे हैं।

धारा 107 क्या है। इस पूरे मामले में 107 की अनुशंसा के बाद एसडीओ कोर्ट से रोहित यादव, राहुल यादव, विक्की यादव (पिता-स्व कृष्णा यादव) के नाम पर नोटिस जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि आप शांति भंग करेंगे या ऐसा कार्य करेंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है। इसलिए आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 28 सितंबर को एसडीओ न्यायालय में उपस्थित हों।

### हत्या की नीयत से हाथ-पैर बांध कर रेलवे लाइन पर फेंका

# ट्रेन की चपेट में आकर दोनों पैर कटा, जैलेंद्र ने रिम्स भिजवाया

**जमीन विवाद मे पड़ोस के ही लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** बरवादाग सीताडीह गांव के नजदीक सोमवार को दोपहर अज्ञात लोगों ने हत्या की नीयत से एक अधेड़ व्यक्ति को पैर-हाथ बांध कर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। ट्रेन की चपेट में आकर उसका दोनों पैर कट गया। अधेड़ व्यक्ति की पहचान सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी कलाम अंसारी, पिता हाजी समशुल होदा के रूप मे की गयी। बताया जाता है कि रेलवे लाइन के बीचो-बीच फेंक दिए जाने के बाद कलाम अंसारी जान बचाने के लिए किसी तरह अपने शरीर को रेलवे ट्रैक से बाहर तो कर लिया, पर पैर को नहीं बचा पाया। घायल कलाम अंसारी द्वारा शोर मचाने के बाद आसपास के ग्रामीण वहां जमा हो गये।



सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, जगेश्वर महतो एवं ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए रिम्स भिजवाया। बताया जाता है कि कलाम अंसारी मुख्य रूप जमीन कारोबार से जुड़ा है। सोमवार को गांव के ही तीन लोगों द्वारा एक जमीन दिखाने का झांसा देकर कलाम को साथ लेकर बरवादाग आये थे। बाद में तीनों ने उसकी हत्या करने की योजना बनायी। इस क्रम मे तीनों ने कलाम को जबरन कब्जे में लिया और फिर हाथ-पैर बांध कर सीताडीह के समीप रेलवे लाइन पर सुला दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रिम्स ले जाने से पूर्व कलाम अंसारी होश में था और उसने गांव के हीं कुछ लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। हालांकि अब तक उसने आरोपियों का नाम नहीं बताया है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूर कलाम की मोटरसाइकिल जेएच 01 बीडब्ल्यू 4986 को बरामद कर लिया है।

## साईं नाथ विवि में फार्मासिस्ट दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। साईं नाथ विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने दीप जला कर कार्यकम की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में फार्मासिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण है। फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ फैजी मुजफ्फर एवं डॉ वशीमूल हक ने विष्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों की भूमिका एवं योगदानों को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो अंकिता सिंह, प्रो महेश कुमार यादव, प्रो शक्ति प्रधान, प्रो राखी रानी, प्रो इंद्रजीत कुमार एवं नय्यर आजमी का सराहनीय योगदान रहा।

## बेटी दिवस के अवसर पर वीना सिंह और पिया बर्मन भगवा सेना की अध्यक्ष बनी



**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को कचहरी रोड स्थिति दुर्गा पूजा महानगर कार्यालय बिहार क्लब में भगवा सेना की बैठक भगवा सेना के संस्थापक मुकेश वर्मा के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि महानगर दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत सहाय, विशिष्ट अतिथि भगवा सेना ज़िला संरक्षक मंटू वर्मा, नीरज कुमार, गौतमरीत राज, समाज सेवी राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र वर्मा, प्रदीप राय बाबू एवं शंकर प्रसाद उपस्थित थे। बेटी दिवस के अवसर पर सभी ने सर्वसम्मति से भगवा सेना महिला मोर्चा की गठन किया गया। इसमें ज़िला अध्यक्ष के दायित्व पर वीना सिंह और महानगर अध्यक्ष पिया बर्मन को निर्विरोध चुना गया। संस्था के संस्थापक मुकेश वर्मा एवं सेना प्रमुख अमित सोनी ने कहा कि भगवा सेना इस दुर्गा पूजा में मुख्य मुख्य पंडाल में अपना सेवा स्टॉल लगायेगी। सेना प्रमुख अमित सोनी ने कहा कि इस दुर्गा पुजा में भगवा सेना के सदस्य वोलेंट्री के रूप में मां भवानी के भक्तों की सेवा करेगी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विकाश कुमार, जिला अध्यक्ष अंकित आनंद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामवतार जायसवाल,महानगर कार्यकारी अध्यक्ष आशीष सोनी, नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रूपेश कुमार सोनी (पिठोरिया) एवं रवि कुमार सोनी, शुभम जायसवाल, जयंत मुजल, आशीष वर्मा, प्रियंका जिया, अर्चना मिर्धा, शकुंतला देवी, कुंती देवी मीनू देवी, राजवीर चौधरी, अतुल गुप्ता, मोहित सोनी उपस्थित थे।

# रांची के कारोबारी थे सोनू शर्मा के निशाने पर

**आजाद सिपाही सवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने अपराधी सोनू शर्मा को चतरा से गिरफ्तार कर लिया है। सोनू शर्मा हाइ सिक्योरिटी जोन मोरहाबादी में गैंगवार और कालू लामा की हत्या सहित नौ मामलों में वांछित लवकुश शर्मा गैंग का शूटर है। पूछताछ के दौरान सोनू शर्मा ने रांची पुलिस के समक्ष कई अहम खुलासे किये हैं। जानकारी के मुताबिक सोनू शर्मा ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उसने रांची में कई कारोबारियों से रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर उन कारोबारियों की हत्या की साजिश रची थी। सोनू शर्मा अगर गिरफ्तार नहीं होता, तो आनेवाले दिनों में राजधानी रांची में कई हत्या की घटना को अंजाम देने वाला था, लेकिन पुलिस ने पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि बीते 24 सितंबर को रांची पुलिस को सूचना मिली कि सोनू शर्मा अपने दोस्तों के साथ शराब पीने के लिए चतरा आनेवाला है। सूचना पर पुलिस की एसआइटी चतरा पहुंची। चतरा पुलिस की मदद से टीम ने जाल बिछाया और अंततः सोनू पकड़ा गया। एसएसपी किशोर कौशल ने खुलासा करते हुए कहा कि आपसी वर्चस्व में सोनू शर्मा ने अपने साथियों के साथ कालू लामा की हत्या की थी। सोनू शर्मा के खिलाफ रांची के सात थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, मारपीट सहित नौ संगीन मामले दर्ज हैं।

# प्रॉपर्टी डीलर और चालक को धालभूमगढ़ में मारी गोली

**आजाद सिपाही सवाददाता**

**रांची।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के मौदाशोली जाने वाली सड़क पर सोमवार शाम लगभग 4:30 बजे बदमाशों ने रांची के प्रॉपर्टी डीलर सुभोजीत मुखर्जी को गोली मार घायल कर दिया। घायल के साथी शेखर महतो ने बताया कि दुर्गापुर के धर्मवीर नामक युवक ने उसे बुलाया था। शेखर महतो और सुभोजीत मुखर्जी प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। पिछले दिनों कोलकाता स्थित 100 कट्ठा जमीन का विज्ञापन दिया गया था। विज्ञापन देख कर ही धर्मवीर ने हम लोगों से संपर्क किया और सोमवार को धालभूमगढ़ के पास रहने वाले अपने वकील के पास बुलाया था। वकील के सामने ही बात करनी थी। फोन पर संपर्क कर पूछा कि कहां पर पहुंचे हैं। हम लोगों ने उसे बताया कि बिल्लू ढाबा पार कर रहे हैं। जैसे ही हम लोग सर्विस रोड की तरफ घूमे वैसे एक बाइक पर बांस लेकर आ रहा युवक बाइक समेत गिर गया। सुभोजीत गाड़ी रुकवा कर बाइक उठाने लगा, तभी बगल में जंगल से तीन-चार लोग निकले और गोली मार दी। गोली सुभोजीत के जांघ में लगी है। उनका चालक गंगा विश्वकर्मा दौड़ कर उनके निकट पहुंचा और उन्हें कार में बैठाया। इसी दौरान गंगा के कमर में गोली लगी और पीठ से निकल गयी। सूचना पर एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो, घाटशिला थाना प्रभारी शंभू प्रसाद गुप्ता काफी संख्या में पुलिस बल के साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली।

### प्रदेश भाजपा ने सभी जिलों में लगाया फूड फेस्ट

# अनेकता में एकता, भारत की श्रेष्ठता : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने सोमवार को राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों में फूड फेस्ट के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की झांकी प्रस्तुत की। रांची महानगर जिला के द्वारा महिला मोर्चा के तत्वावधान में रांची के शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर फूड फेस्ट आयोजित हुआ। इसमें 20 राज्यों के व्यंजन परोसे गये। फूड फेस्ट में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत विश्व का अनूठा देश है जहां मजबूत सांस्कृतिक विरासत, खान पान, वेशभूषा, बोली, भाषा की विविधता है, परंतु यह विविधता हमारी विशिष्टता है, श्रेष्ठता है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने व्यंजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय खान पान हमारी धरोहर हैं, जिससे केवल शरीर का पोषण नहीं, बल्कि संस्कारों का भी पोषण होता है। रांची महानगर के कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं विधायक सीपी सिंह ने किया। ग्रामीण जिला द्वारा मेसरा, रांची में आयोजित फूड फेस्ट का उद्घाटन



प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने किया। साथ में प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर सहित अन्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, नवीन जायसवाल, समरी लाल, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, केके गुप्ता, वरुण साहू, बलराम सिंह, अनीता वर्मा सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री श्याम मंडल की आमसभा में आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल की आमसभा सोमवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। सभा में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला ने की। इस अवसर पर श्री बागला ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए 55वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सदयों को बधाई दी। मंत्री धीरज बंका ने महोत्सव हेतु गठित सभी उप समितियों के कार्यों के क्रमवार चर्चा की। सभा ने सभी उप समितियों के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की एवं संतोष प्रकट किया। साथ ही कोषाध्यक्ष राजेश सारस्वत ने 55वें श्री श्याम महोत्सव के आय-व्यय का पूर्ण विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही इस अवसर पर मंडल के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार ने सदस्यों को संबोधित करते हुए मण्डल के विगत 55 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास की चर्चा करते हुए सदैव श्री श्याम प्रभु की सेवा में तत्पर रहने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ओम जोशी, विवेक ढांढनियां, प्रदीप अग्रवाल, विजय साबू, विकाश पाडिया, प्रमोद सारस्वत (लल्लू), अरुण धनुका, प्रमोद बगड़ीया, ज्योति पोद्दार, जीतेश अग्रवाल, अमित जालान, गौरव परसरामपुरिया आदि उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं : प्रतुल



लातेहार (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेरंज स्थित डाटम पाटम फॉल में हुई रविवार की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे प्रशासनिक चूक बताया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब इस फॉल को पर्यटन स्थल के रूप में चयन किया गया है तो फिर यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम क्यों नही किये गये है। शव डूबने के 24 घंटे के बाद भी प्रशासन के द्वारा शव को निकालने की प्रक्रिया पर उचित कदम नहीं उठाया गया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पूरा लातेहार जिला प्राकृतिक रूप से पर्यटन स्थल है, किसी भी पर्यटन स्थल पर सुरक्षा के मानक पूरे नही किये गये है। चेतावनी संदेश लगे बोर्ड भी नहीं लगाए गये हैं पर्यटक स्थलों पर पर्यटक मित्रों की भी तैनात नहीं है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि वे मुख्य सचिव से मिलकर पर्यटन स्थल की सूची सौंपते हुए सुरक्षा व्यवस्था किए बंदोबस्त करने की मांग करेंगे।

### द करियर प्वाइंट कोचिंग सेंटर खुला



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को आइएसएम चौक पुंदाग में द करियर प्वाइंट का उद्घाटन हुआ। इनमें मुख्य अतिथि के रूप में आइआइसीसी और आइ एनआइएफडी के डायरेक्टर मोहम्मद महबूब आलम थे। करियर प्वाइंट संस्था के डायरेक्टर तबरेज भाई ने कहा कि अच्छी तालीम से समाज में अच्छा मैसेज जायेगा और समाज में तालीम को सबसे ऊपर दर्जा दिया गया हैं। कार्यक्रम में कुंदन सिंह, मनोरंजन कुमार, तौसीफ खान, राजा अंसारी, बिंदे मुंडा, इमरान अंशु, इरफान अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, सैफ अंसारी, साहिल अंसारी, रोशन अंसारी, अमर, जुबैर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के इलॉबी सेंटर का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय के गेट क्रमांक सात के पास इंडियन ओवरसीज बैंक का इलॉबी सह एटीएम सेंटर का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम शाखा खुल जाने से विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों , छात्र छात्राओं एवं आसपास रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक के चीफ रीजनल मैनेजर हरि रमन, आइओबी महिलालौंग ब्रांच के शाखा प्रबंधक संजय कुमार, संदीप कुमार, रवि चौधरी, राजीव रंजन राव, आभा तिर्की, गीता लकड़ा, कुमुद एक्का, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, अमित नाथ चरण,सतीश कुमार, प्रतीक कुमार, ऋषि राज जमुआर, प्रशान्त जमुआर, सुभाष नारायण शाहदेव, तिलकधारी श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

### ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल एनवायरनमेंट विषयक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल एनवायरनमेंट विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इसका विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में कुल 11 व्याख्यान शामिल होंगे। इनमें से 2 वक्ता अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों यथा प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यूएसए के डिपार्टमेंट ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के प्रो पीटर जैफ, और वाटरशेड मैनेजमेंट ऑगेनाईज़ेशन मेनेसोटा, यूएसए के डॉ उदय भान सिंह एवं आइआइटी, एनआइटी और अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रख्यात वक्ता उक्त विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की सफलता की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल एनवायरनमेंट की आवश्यकता पर बल दिया। डीन प्रोफेसर श्रीधर बी दंडिन ने पांच दिवसीय इस फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो अमित गुप्ता, डॉ पार्थ पॉल, प्रो सागर सारंगी, प्रो प्रशांत कुमार, डॉ पंकज कुमार, प्रो मोतोशी साहा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, अनुभव अंकित सहित अन्य मौजूद थे।

### पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव को बधाई दी

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के रिहा होने पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू, केदार साव, संजय स्नेही, प्रोफेसर दीपेंद्र प्रसाद साहू एवं संतोष राम, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, डाक्टर विशाल कुमार, विकास कुमार साव, संजय साहू एवं सुमन देवी, प्रदेश महामंत्री राजू रंजन प्रसाद , प्रदेश संगठन मंत्री राजेश प्रसाद, अधिवक्ता अजय कुमार पपलु, प्रदेश मंत्री अधिवक्ता शंकर मंडल, मिट्ठू साव, आशीष कुमार साहू, रमेश प्रसाद नायक एवं सुनील साह, रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने संयुक्त रुप से कहा कि योगेंद्र साव के रिहा होने पर पूरे तेली समाज में हर्ष का वातावरण है।

### दीपक कुमार घोष अध्यक्ष मनोनीत



रांची (आजाद सिपाही)। खूटी के दीपक कुमार घोष को श्री राम बजरंग दल का झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री घोष का मनोनयन श्री राम बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकाश चंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया है। श्री घोष के इस मनोनयन पर खंटी के अधिवकता आशुतोष भगत, हरिहर लाल स्वर्णकार, डॉ धर्मेंद्रनाथ तिवारी, किशोर ठाकुर और कार्तिक प्रजापति आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आतंकवाद पर खरी-खरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मसले पर मजबूती से अपनी बात रखते हुए पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को कटघरे में खड़ा कर दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मंच से दिये अपने भाषण में नाम किसी का नहीं लिया, लेकिन इस बात में संदेह की कोई गुंजाइश भी नहीं रहने दी कि उनका इशारा किन देशों की तरफ है। उन्होंने कहा कि जो यूएनएससी 1267 प्रतिबंध व्यवस्था के तहत घोषित आतंकवादी का बचाव करने की हद तक राजनीतिकरण करते हैं, वे खुद को भी खतरे में डाल रहे हैं। वे न तो अपने हितों की रक्षा कर रहे हैं और न ही अपनी साख की। जाहिर है, उनका इशारा पाकिस्तान और चीन की ओर था, जो भारत और उसके मित्र देशों की ओर से पाकिस्तान में छिपे कुख्यात आतंकवादियों को सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध व्यवस्था के तहत काली सूची में डालने के प्रयासों में लगातार बाधा डाल रहे हैं। इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये भाषण का भी भारत ने करारा जवाब दिया। शरीफ ने अपने भाषण में खुद को दोषमुक्त करते हुए भारत पर आरोप मढ़ने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान तो भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाना चाहता है, लेकिन इस क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता तभी कायम हो सकती है, जब कश्मीर का विवाद हल हो जाये। इसके साथ ही उन्होंने इस्लामोफोबिया को लेकर भी भारत पर आरोप लगाये। जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर झूठे आरोप इसलिए लगाये हैं, क्योंकि उसे अपने कृत्यों पर परदा डालना था। जो देश पड़ोसियों से शांति चाहता है, वह सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देता और न ही मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं को शरण और संरक्षण देता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार ऐसे कृत्यों का बचाव कर रहा है, जिसे दुनिया अस्वीकार्य मानती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान के साथ ही खुद को उसका सच्चा दोस्त साबित करने में लगा चीन आतंकवाद जैसे मुद्दे पर लगातार दोहरा रवैया अपना रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने ठीक कहा कि आप चाहे जैसी भी चिकनी-चुपड़ी बातें कर लें, आपके शब्द खून के धब्बों को छिपा नहीं सकते। सबको समझना होगा कि आतंकवाद की समस्या सिर्फ बातों से हल नहीं होगी। यह पूरी इंसानियत के सामने एक चुनौती है, जो हर देश और समाज के लिए खतरा बना हुआ है। सभी देश अलग-अलग रूपों में इसे झेल भी रहे हैं। ऐसे में छोटे-मोटे तात्कालिक फायदों के लिए कोई न कोई बहाना बना कर इसका बचाव करना आतंकवाद विरोधी लड़ाई को कमजोर करना है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**विदेश मंत्री जयशंकर ने ठीक कहा कि आप चाहे जैसी भी चिकनी-चुपड़ी बातें कर लें, आपके शब्द खून के धब्बों को छिपा नहीं सकते। सबको समझना होगा कि आतंकवाद की समस्या सिर्फ बातों से हल नहीं होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**किशोरी पोषण मातृत्व की कुंजी होती है और इस उम्र के सही पोषण आगे शरीर की कमी नहीं होने देती, जो कि मां बनने के बाद प्रसव के दौरान विभिन्न समस्याओं से खून में लड़ने की क्षमता देती है। इसीलिए रोज के आहार के साथ किशोरयों को हरी साग-सब्जी, मौसमी फल, गुड़ एवं चना आदि अपने आहार में शामिल करना चाहिए। किशोरावस्था में प्रोटीन एवं कैलोरीयुक्त खान पान के साथ कैल्शियम, फाइबर, बिटामिन एवं सबसे जरूरी आइरन को शामिल करें।**

# किशोरावस्था में हाड़ आइरन का महत्व



गजाला मतीन

किशोरावस्था उम्र का एक ऐसा दौर है जिसमें शारिरिक एवं मानसिक विकास सबसे अधिक होता है। सही पोषण इस उम्र में बहुत जरूरी होता है। साथ ही किशोररावस्था की लड़कियों के लिए सही पोषण इस समय महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि आगे मातृत्व जीवन में सही पोषण रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती है। साथ ही सही पोषण की कमी से लंबाई ना बढ़ना, कमजोर हड्डी एवं मोटापा हो सकता है।

किशोरी पोषण मातृत्व की कुंजी होती है और इस उम्र के सही पोषण आगे शरीर की कमी नहीं होने देती, जो कि मां बनने के बाद प्रसव के दौरान विभिन्न समस्याओं से खून में लड़ने की क्षमता देती है। इसीलिए रोज के आहार के साथ किशोरयों को हरी साग-सब्जी, मौसमी फल, गुड़ एवं चना आदि अपने आहार में शामिल करना चाहिए। किशोरावस्था में प्रोटीन एवं कैलोरीयुक्त खान पान के साथ कैल्शियम, फाइबर, बिटामिन एवं सबसे जरूरी आइरन को शामिल करें, जिसके लिए मौसमी फल, सब्जियां, सूप, कैलोरी के लिए अनाज, रोटी, प्रोटीन के लिए सुखे मेवे, सोयाबीन, अंडा, दालें, राजमा, चना, चिकन साथ ही साबुत चना, हरा मुंग, गुड़, हरी साग सब्जी, पत्तागोभी, फूलगोभी, फाल्गुनी का पत्ता एवं उससे बना हुआ सूप, अनार, नींबू वाला, संतरा आदि शामिल करें। मोटापा न हो इसलिए जंक फूड, बाहर के खान-पान एवं अधिक वसा युक्त भोजन से परहेज करें। बिटामीन 'सी' अपने भोजन में शामिल करें। जैसे नींबू, आंवला, संतरा, अमरूद आदि। इससे आइरन अवशेषण में मदद मिलती है। साथ ही रोज अपने भोजन के साथ कॉफी, चाय आदि का सेवन न करें या कम करें क्योंकि ये आयरन अवशोषण को बाधित कर करता है।

**गर्भवती महिलाओं को 2000-2400 कैलोरी के बीच खान पान रखना चाहिए।**



**ऐसा कहा जाता है कि जैसा नींव होगा वैसा ही मकान होगा, तो एक स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ बच्चे का होना जरूरी है और उसके लिए सबसे जरूरी है स्वस्थ मां और उनका पोषण। सही पोषण के लिए किशोरावस्था, गर्भावस्था से लेकर स्तनपान और बच्चे के विनिंग फेज से लेकर किशोरावस्था तक सही खान-पान रखना होता है।**

**'स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा'**

ऐसा कहा जाता है कि जैसा नींव होगा वैसा ही मकान होगा, तो एक स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ बच्चे का होना जरूरी है और उसके लिए सबसे जरूरी है स्वस्थ मां और उनका पोषण। सही पोषण के लिए किशोरावस्था, गर्भावस्था से लेकर स्तनपान और बच्चे के विनिंग फेज से लेकर किशोरावस्था तक सही खान-पान रखना होता है, जिसके लिए संतुलित आहार का होना बहुत जरूरी है। गर्भावस्था की बात करें तो संतुलित आहार जिसमें फल एवं सब्जियां, काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन (दाल, मछली, अंडा, दूध, दही, पनीर, सोयाबीन) और वसा जिसमें सुखे मेवे एवं स्वास्थ्य वसा शामिल हो। साथ ही फोलिक एसिड युक्त आहार जैसे राजमा, पालक, हरी साग, सब्जी, सरसों, मक्का, मटर, संतरा, काबुली चना, साबूत अनाज शामिल है।

**कैलोरी :** गर्भवती महिलाओं को 2000-2400 कैलोरी के बीच खान पान रखना चाहिए। साथ ही उनको ध्यान रखना चाहिए कि अगर फैट या वजन उम्र के हिसाब से ज्यादा है तो उसको नियंत्रण में रखना चाहिए।

**प्रोटीन :** प्रोटीन लगभग 60-80 ग्राम आहार में लेना चाहिए। इसके लिए दूध, दूध से बनी चीजें, पनीर, चीज, काजू, बादाम, दलहन, मछली, अंडे आदि शामिल करें।

**कैल्सियम :** गर्भवती महिलाओं के आहार में प्रतिदिन 1500-1600 मिलीग्राम कैल्शियम शामिल करें। कैल्शियम गर्भवती महिला एवं शिशु के स्वास्थ्य और मजबूत हड्डियों के लिए जरूरी है। कैल्शियम युक्त आहार के लिए दूध, पनीर, दही, छेना, दलहन, मेथी, बिट, अंजीर, तिल, बाजरा, आदि शामिल हैं। साथ ही पानी 12-14 ग्लास पीना चाहिए। ध्यान रखें कि पानी साफ-सुथरा हो। विटामिन के लिए सब्जियां, दलहन, दूध लें।

आयोडीन भी गर्भावस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है। आयोडीन आपके शिशु के दिमाग के विकास के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से बच्चे में मानसिक रोग, वजन बढ़ना आदि हो सकता है। गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन 200-220 मिली ग्राम आयोडीन लेना चाहिए। इसके लिए अनाज, दाल, दूध, मांस, अंडा एवं आयोडीन युक्त नमक अपने खाने में शामिल करें। साथ ही दूध आदि का सेवन करें।

**स्तनपान में शामिल पोषण :** गर्भावस्था की तरह स्तनपान के दौरान शिशु को सभी पोषण मां के दूध से ही प्राप्त होता है। साथ ही मां का स्वस्थ शरीर हो इसके लिए सही पोषण की जरूरत होती है।

इसके लिए मां को अपने डाइट में प्रोटीन, कैल्सियम और काबोर्हाइड्रेट, उर्जा एवं आइरन की जरूरत होती है, इसलिए इनके खान पान में दूध, पनीर, दही, चिकन, अंडा, अनाज, दाल, नट्स, मेथी के पत्ते, सोयाबीन, मसूर दाल, मूली का पता लेना चाहिए।

**बच्चों का पोषण :** जन्म से छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध दिया जाना चाहिए, पानी भी नहीं। छह माह के बाद शिशु को स्तनपान के साथ धीरे-धीरे ठोस आहार की शुरुआत की जाती है। उबली हुई सब्जियां और फल जिनमें पालक, बीन्स, लौकी, आलू, केला, सेब तथा सूप, ओट्स, दलिया, खीरा, अंडा, चिकन अच्छे से पकाकर दिया जाना चाहिए। इसके लिए धीरे-धीरे मात्रा को बढ़ाना चाहिए। छह माह में अच्छे से गला हुआ मसला हुआ फल एवं सब्जी दिन में दो बार दो से तीन चम्मच, सात से आठ माह में मसला हुआ अनाज दिन में तीन बार 100-125 मिली ग्राम, नौ से ग्यारह माह में मसला हुआ तीन से चार बार 125-175 मिली ग्राम एवं 12-24 माह में जो भी घर के बाकी लोग खाते हैं, वो अच्छे से मसल करके 3-5 बार 250 मिली ग्राम तक दे सकते हैं।

**हेल्दी लंच (पढ़ाई भी पोषण भी) :** इसके लिए बच्चे जो भी दोपहर का भोजन ले जाते हैं एवं जो खाना खाते हैं उस पर ध्यान दना चाहिए। पॉस्टिक लंच एक ऐसा लंच बॉक्स होना चाहिए जिस से बच्चे को सही पोषण मिले जो कैल्शियम, प्रोटीन, वसा, फाइबर, बिटामीन से भरपूर हो। इसमे हम ओट्स, नट्स, आरेंज, खीरा, पनीर, मिक्स वेज, या मिक्स वेज पुलाव, बेसन का चिल्ला मूगं दाल का चिल्ला, अंडा, अंडा और हॅल ग्रेन का बना हुआ 'चिल्ला आटे का चिल्ला, आटे का पास्ता और उसमे बहुत सारा सब्जि, रोल जिसमे पनीर, कॉन की स्टफिंग हो साथ हीआलू डाले वेजज कटलेट, संतरा, सेब, खीरा, गाजर आदि दे। इस प्रकार सारे फूड ग्रुप का सेवन करे ताकी हमारा देश और समाज स्वास्थ्य बना रहे। तिल, गुड, अनार, आदि शामिल करें।

**(लेखिकाः चीफ डायटिशियन, बैलेंस बाइट क्लिनिक हैं। कन्वेनरः इंडियन डायटेटिक्स एसोसिएशन, झारखंड चैप्टर)**

## जमशेदपुर की खबरें

# बोनस के लिए ठेका कर्मचारियों का टिमकेन कंपनी के गेट पर प्रदर्शन

**कंपनी के एचआर को सौपा मांग पत्र, मिला आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टिमकेन कंपनी में काम करने वाले ठेका कर्मचारियों को 16% बोनस की मांग को लेकर कंपनी गेट मर प्रदर्शन किया। सोमवार को मजदूरों ने टिमकेन कंपनी के एचआर सुमित शर्मा को ज्ञापन सौंप कर न्याय दिलाने की मांग की।

इस मौके पर सुमित शर्मा ने आश्वासन दिया वह कंपनी की ओर से मजदूरों के इस लड़ाई में यथा संभव अपना सहयोग देंगे। जिसके बाद मजदूरों ने गेट जाम और धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया। सभी आपने अपने काम पर चले गए। इस दौरान मजदूर नेता राजीव कुमार ने बताया जमशेदपुर की बड़ी कंपनियों में स्थाई कर्मचारियो के साथ ठेका मजदूरों के माध्यम से उत्पादन कराया जा रहा है, लेकिन जब वार्षिक बोनस देने की बारी आती है तो कंपनियों के वरीय प्रबंधक मजदूरों के साथ भेदभाव करते हैं। एक ही कंपनी परिसर में काम करने वाले स्थाई कर्मचारी को लाखों रुपये बोनस और ठेका कर्मचारी को महज 6-8 हजार बोनस मिलती है, जो नैतिकता एवं कानून का उलंघन है।

कंपनी के इस भेदभाव रवैया से मजदूरों में काफी रोष व्याप्त है। आने वाले दिनों में 90% कामकाज ठेका श्रमिकों पर ही निर्भर करेगा। यदि कंपनी प्रबंधन उनके बारे में नहीं सोचेगी है तो बहुत बड़ा आंदोलन होने की संभावना बन रही है। मजदूर नेता ने मांग किया बड़ी कंपनी प्रबंधन को इस प्रकार के मामले को संज्ञान में लेकर ठेका श्रमिकों को भी सम्मानजनक बोनस दिलाने में सहयोग करना चाहिए। यदि इस पर जल्द समाधान नहीं किया गया, तो मजदूर मानशिक रूप से बड़े आंदोलन की तैयारी करेगी। जिससे औद्योगिक अशांति उत्पन्न हो सकती है।

# भाजपा का 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का आयोजन

**पारंपरिक परिधान में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से विविधता में एकता के रंग को समेटे एक भारत श्रेष्ठ भारत का आयोजन किया गया। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण शामिल हुए।

महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक विरासत, खानपान का समावेश कर उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक परिधान में अपने घर में निर्मित विशुद्ध पारंपरिक व्यंजन जैसे हलवा, खीर-पूरी, पारंपरिक मिस्ठान, पकवान के साथ मां दुर्गा को श्रद्धाभाव से भोग लगाया। कार्यक्रम में झारखंड के परिधानों की छटा बिखरी हुई थी। दूसरी ओर व्यंजनों के स्वाद और विविधता ने उत्सव में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यकर्ताओं के संग शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना कर झारखंडवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी।


पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा विविधता में एकता की भावना ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रतिबिंब है। देश में अलग-अलग धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लोग वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ मिलकर रहते हैं। सबके रीति-रिवाज, परिधान, व्यंजन और मान्यताएं अलग-अलग होते हुए भी सभी एक-दूसरे की परंपराओं का सम्मान भी करते हैं। त्योहारों को श्रद्धापूर्वक मनाते भी हैं और यही भारतवर्ष की असल खूबसूरती है। यह कार्यक्रम हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और संस्कारों की मूल भावना को पुष्ट कर रहा है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा ऐसे आयोजन के माध्यम से हमारा समाज सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर भारतीयता को प्रदर्शित करता है। हमारा सनातन धर्म पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

मौके पर भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा,भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, राजेश शुक्ला, दिनेश कुमार, कल्याणी शरण, भूपेंद्र सिंह, कुसुम पूर्ति, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, पुष्पा तिर्की, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, ज्योति अधिकारी, अजीत कालिंदी, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, संतोष कुमार, रंजीत सिंह, चांदमनी कुंकल, रूपा तिर्की, लक्ष्मी मिर्धा, सीमा जायसवाल, मिली दास, भारती कुमारी, जया लक्ष्मी, उर्मिला दास, प्रमिला साहू, मधुबाला, कांची लौहार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## डीसी ने मानगो बस स्टैंड से खराब पड़े वाहनों को 48 घंटे में हटाने का दिया निर्देश

# स्टैंड के अंदर बसों की पार्किंग सुनिश्चित करें : विजया जाधव

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो बस स्टैंड से गुजरने वाली सड़क में सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला प्रशाशन ने करवाई शुरू कर दी। सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बीते कई महीनों से मानगो बस स्टैंड में कंडम अवस्था मे पड़े वाहनों को हटाने के लिए जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी को निर्देश दी। जानकारी मिलते ही जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने टीम के साथ जांच के उपरांत 28 वाहन को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराई। जिनका पिछले कई माह से परिचालन बंद है। अनावश्यक रूप से बस स्टैंड में उन 28 वाहनों की पार्किंग से स्टैंड के बाहर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाने में कठिनाई आ रही है।वर्तमान में कई वाहन बाहर सड़क पर ही पार्किंग कर सवारी बैठाते हैं। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी को सम्बंधित वाहन मालिकों को नोटिस जारी करने तथा नोटिस के उपरांत वाहन मालिकों की तरफ से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने पर कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला प्रशासन के द्वारा सूचित किया गया 48 घण्टे के भीतर इन सभी वाहनो के मालिक अपनी बसों को हटा लें, अन्यथा व्यावसायिक दर से मानगो बस अड्डे में बस लगाने की शुल्क की वसूली की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी को भी यह सूची प्रेषित की जा चुकी है। उनके द्वारा इन वाहनों को हटाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जुगसलाई में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

## जिला प्रशासन ने सड़क किनारे अवैध खड़े वाहनों से वसूला जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव के निदेश पर जुगसलाई नगर परिषद एवं जुगसलाई थाना के संयुक्त टीम के द्वारा स्टेशन रोड में अभियान चलाया गया। सोमवार को अभियान के दौरान सुनिल महतो चौक से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक होते हुए स्टेशन रोड गुरुद्वारा तक सड़क किनारे अवैध रूप से नो पार्किंग में खड़ी वाहनों को हटाया गया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर रखे गये अतिक्रमित सामानों को हटाने का निर्देश दिया गया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को नगर परिषद द्वारा स्टेशन रोड पानी टंकी परिसर में निर्मित पार्किंग स्थल पर पार्क करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नो पार्किंग में खड़े किये गये वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। वहीं व्यापारी को दुकान, संस्थान एवं प्रतिष्ठानों के आगे वाहनों को पार्किंग नही करने का फरमान जारी किया गया। नगर परिषद के द्वारा कई स्थलों में नो पार्किंग से संबंधित साइनेज लगाया गया। अभियान में नो पार्किंग में खड़े वाहनों से 3,100 रुपये जुर्माना वसूला गया। मौके पर जुगसलाई नगर परिषद के नगर प्रबन्धक लुकेष कुमार सिंह, कनीय अभियंता मो जलालुद्दीन अंसारी, सुपरवाइजर अजय कुमार सिंह, सहेंद्र सिंह, मंजित कुमार, नवीन कुमार के अलावा जुगसलाई पुलिस शामिल रहे।

## गढ़वा के पहलवान इंद्रबहादुर राष्ट्रीय खेल में झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा डे बोर्डिंग कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु एवं गुरु शैलेंद्र पाठक के शिष्य तथा वर्तमान में झारखंड पुलिस में पदस्थापित एवं कार्यरत इंद्र बहादुर सिंह राष्ट्रीय खेल 2022 गुजरात में कुश्ती प्रतियोगिता के 87 केजी ग्राम भार वर्ग में के फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता2022 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदित हो कि आज राज्य टीम के साथ इंद्र बहादुर में गुजरात के लिये प्रस्थान किया है बताते चलें कि उन्होंने कई बार जिले को राज्य एवं देश स्तर पर गौरवांवित करने का शानदार प्रदर्शन किया है तथा 34/35 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड टीम के सदस्य रह चुके हैं। तथा ऑल इंडिया कुश्ती क्लस्टर चैंपियनशिप पुलिस विभागीय प्रतियोगिता के पदक विजेता पहलवान हैं। राज्य टीम में शामिल होने पर जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पहलवान इंद्र बहादुर को शुभकामनाएं बधाई दिये हैं। बधाई देने वालों के नाम इस प्रकार से है, जिला कुश्ती संघ गढ़वा के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, विजय केसरी उमेश हाय उत्तम पांडे , ललन पहलवान, प्रीतम गौड़, कमलेश गुप्ता, अमृत शुक्ला, अनिता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, आलोक मिश्रा, रामप्रवेश तिवारी, कमलेश पांडे, मंत्री प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, किशोर कुणाल, कुश कुमार ,अमित कुमार, दीपक कुमार, उग्रसेन तिवारी, विवेक सिन्हा, पुनीत जसवाल, उदयन तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी इत्यादि लोगों के नाम शामिल हैं। उक्त जानकारी जिला कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह ने दी।

## भव्य कलश यात्रा निकाली

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारम्भ हो गया। जगह-जगह पूजा पंडाल सजने लगे। विभिन्न गांवों से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा भी निकाली। इसी कड़ी में कांडी प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के भगवान भास्कर देवी दुर्गा क्लब बनरखोहा पूजा कमिटी के तत्वधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व अध्यक्ष बबलू रजवारव प्रतिनिधि कर रहे थे। साउंड सिस्टम पर बजते माता रानी की मधुर संगीत पर झूमते श्रद्धालुओं ने पैदल यात्रा तय कर प्रसिद्ध सोन नदी स्थल पर पहुंचा। इस दौरान युवाओं, युवतियों, महिलाओं व पुरुषों में माता रानी की भक्ति को लेकर बेहद उत्सुकता देखी गई। इस कलश यात्रा में कुल 101 कलशधारियों ने भाग लिया। सोन नदी से बहती पवित्र जल धारा से सभी कलश धारियों ने जल भरा। जहां विद्वान पंडित के मंत्रोचारण कर सभी श्रद्धालुओं की कलश में अभिमंत्रित जल भरवाया। कलश यात्रा में पूजा समिति के अध्यक्ष बब्लू रजवार, सचिव विकास रजवार, कोषाध्यक्ष कमलेश राम सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## एक दर्जन अवैध शराब भट्ठियों को मेराल पुलिस ने किया ध्वस्त



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव तथा आसपास के जंगली इलाकों में छापेमारी अभियान चलाकर करीब एक दर्जन अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव तथा आसपास के जंगली इलाकों एवं ओखरगाडा के चटनिया गांव में अवैध महुआ शराब निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके बाद सदलबल के साथ छापेमारी अभियान चलाकर करीब एक दर्जन अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। साथ ही मौके पर करीब 10 क्विंटल जावा महुआ जो शराब बनाने के लिए ड्राम में फुलाया गया था उसे विनिष्ट किया गया। वहीं शराब बनाने के उपकरण को भी मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया। वहीं पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी भागने में सफल रहे। नव पदस्थापित थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा की अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहां की थाना क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध धंधा नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने अवैध कारोबारी को हिदायत करते हुए कहा है कि पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाई गई इस छापेमारी अभियान में एस आई संजय कुमार कुशवाहा, शिव कुमार सिंह के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नौ दिन तक देवी की उपासना की जायेगी

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में कलस यात्रा के माध्यम से जल लेकर पूजा स्थलों पर घटस्थापन कर नव दिनों तक देवी की उपासना की जाएगी। इस मौके पर बिलासपुर स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर बीरबल सूर्यमंदिर कटहर कला देवी धाम व पुतुर गांव स्थान हनुमान मंदिर से जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमिटि के द्वारा प्रांगण से गाजे बाजे के साथ कलस लेकर नजदीकी उटमही नदी व सरोवर से जल लेकर पुनः हनुमान मंदिर के प्रांगण में पूजा पाठ के बाद कलस स्थापित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने छेत्र में आयोजित कलस यात्रा का उद्घाटन किया। जबकि मकरी गांव के सर्वस्वरी आश्रम स्थित काली सक्ति पीठ पर श्रद्धालुओ के द्वारा सामुहिक रूप से कलस स्थापित कर अनुश्ठान सुरु किया गया है। उक्त अवसर पर बीरबल गांव के सूर्यमंदिर से निकले कलस यात्रा को प्रमुख अजय साह व मुखिया इंद्रजीत कुसवहा ने कलस यात्रा में शामिल श्रधालुओ को फूल माला देकर यात्रा का सुभारम्भ किया। इसी प्रकार कटहर कला देवी धाम से निकले कलस यात्रा को मुखिया कलावती देवी ने भगवा ध्वज दिख के कलस यात्रा की सुरुआत किया। इसी प्रकार सगमा गांव में मुखिया तेजलाल राम व पूर्व मुखिया नारायणदास यादव के द्वारा फीता काटकर कलस यात्रा को विदा किया। इसी क्रम में पुतुर स्कूल से निकले कलस यात्रा को मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव के द्वार भगवा ध्वज के साथ कलस यात्रा में शामिल होकर श्रधालुओ के प्रति कृत्यगता जाहिर किया। उक्त आयोजन से पूरे प्रखंड छेत्र में देवीभजन धार्मिक आयोज होने के कारण भक्ति की धारा बह रहा है।

# विभिन्न पार्टियों को छोड़कर सौ से अधिक लोग झामुमो में शामिल

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने माला पहनाकर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत फरठिया पंचायत के एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा एवं अन्य पार्टियों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया है। सोमवार को गढ़वा के कल्याणपुर स्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी लोग झामुमो में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया मंत्री ने कहा कि उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग झामुमो शामिल हो रहे हैं। सभी का हृदय से स्वागत है। शामिल होने वाले सभी लोग विकास प्रेमी हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के फरठिया पंचायत अध्यक्ष राम मूरत राम, सचिव शिवपूजन पाल सहित श्रवण राम, विनय राम, समाजसेवी नेपाली चौधरी, वार्ड सदस्य संतोष चौधारी, मनोज पाल, बरकत अंसारी, शशि चौधरी, महेंद्र पाल, प्रभु पाल, रामा पाल, वीरेंद्र पाल, मंदीप राम, सुनेश विश्वकर्मा, शिव चौधरी, मंदीप पाल, रंजीत कुमार राम, प्रदीप चौधरी, रामा विश्वकर्मा, सूर्यदेव विश्वकर्मा, उदय राम,सुनील चौधरी, नगीना पाल आदि का नाम शामिल है। झामुमो में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि गढ़वा में मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास कार्य किया जा रहा है। बगैर भेदभाव के पूरे जिले के हर क्षेत्र में विकास कार्य काफी तेज गति से चलाए जा रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर के उत्तम सोच एवं बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया है। लोगों ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पिछले 10 वर्षों में कोई भी विकास कार्य नहीं किया और अब मंत्र श्री ठाकुर विकास कार्य कर रहे हैं तो उन्हें पच नहीं रहा है। भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि पूर्व विधायक अपनी झूठ एवं फरेब से पहले खुद डूब चुके हैं और अब वे गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों का विरोध करके अपनी पार्टी को भी डुबोने में लगे हुए हैं। उनकी विकास विरोधी करतूतों की वजह से हम लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। आने वाले समय में पूर्व विधायक की स्थिति और भी बदतर होने वाली है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, फुजैल अहमद सहित के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### प्रतापपुर के भी ग्रामीणों ने थामा झामुमो का दाम दामन

गढ़वा। झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत के कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर माला पहना कर सभी को पार्टी में शामिल कराया। शामिल होने वालों में प्रतापपुर पंचायत के ग्राम बगईया टोला, पतसी व प्रतापपुर के सुनेश उराव, बाबुल लाल राम, रामनाथ राम, फाखिर चंद राम, चितामन राम, रामजी राम , रूपेश कुमार राम, राम चंद्र उरांव, नागेश्वर राम आदि का नाम शामिल है।

## श्रीराम महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा, उपस्थित रहे सांसद और विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्र का पहला दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम एवं मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही भव्य कलश यात्रा मे उपस्थित रहे। इस कलश यात्रा में मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ परिसर से ढोल नगाड़ा एवं रथ के साथ यज्ञ कराने के लिए आये विद्वान श्री श्री 1008 श्री रामेश्वर दास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में कलश लेकर हजारों श्रद्धालु पंडा एवं ढाढड़ा नदी के संगम से जल उठा कर मंदिर में स्थापित किया। इस दौरान मंडप प्रवेश के साथ अयोध्या से आये विद्वानों के द्वारा नवाह्न परायण पाठ प्रारंभ किया गया। उक्त महायज्ञ श्रीश्री 1008 श्री रामेश्वर दास महाराज के सानिध्य में कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक विष्णु प्रिया के द्वारा संगीतमय कथा शाम 3 बजे से 7 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात रात्रि 8 बजे वृंदावन से आये कलाकारों के द्वारा रासलीला का मंचन किया जायेगा। वही उक्त यज्ञ की पूर्णाहुति 4 अक्टूबर को होगी। वही कार्यक्रम में उपस्थित सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन झारखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर आकर कलश यात्रा में भी शामिल होने का हमें शुभ अवसर प्रदान हुआ है। इसके लिए यज्ञ समिति एवं मंदिर कमेटी के समस्त पदाधिकारियों को आभार व्यक्त करते हैं। क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मां भगवती हमारी कुलदेवी है और आज मैं जो भी हूं इन्हीं के बदौलत हूं। यहां पर जितने भी श्रद्धालु आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं उनकी हर मनोकामना मां भगवती पूर्ण करती है। यज्ञ समिति अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि श्री राम महायज्ञ बहुत ही सुंदर ढंग से मनाया जा रहा है जिसमें आप तमाम लोग इस यज्ञ में आवे और यहां पर अयोध्या से चल कर आये प्रवचन कर्ता देवी विष्णु प्रिया जी की मधुर कथा सुनें। वहीं मंदिर समिति अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने कहा कि रात्रि 8 बजे से वृंदावन से आये कलाकारों के द्वारा रासलीला का आयोजन किया गया है। जिसमें आप तमाम लोग इस कार्यक्रम में आये और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, बंशीधर न्यूज चैनल के संपादक धीरेंद्र चौबे, प्रमुख चंद्रावती देवी, मंदिर समिति संरक्षक ज्वाला प्रसाद, उपाध्यक्ष हेमंत पाठक, सचिव कुंदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष उमेश दुबे, यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष धीरज कमलापुरी, सचिव विमलेश पासवान, मिडिया प्रभारी ज्वाला कमलापुरी, सदस्य विजय कुमार, रविंद्र सोनी, अजय कुमार, विरेंद्र गुप्ता जजमान प्रमोद शुक्ला, गोपाल विश्वकर्मा, नंदलाल सोनी, महेंद्र पासवान, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## घायल बुजुर्ग की मौत, शोक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शिवपूजन पेट्रोल पंप के कर्मी 60 वर्षीय चंद्रप्रकाश गुप्ता की मौत रविवार की शाम ईलाज के दौरान रांची के सेवा सदन अस्पताल में हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही भवनाथपुर में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की अहले सुबह शव भवनाथपुर आते ही परिजनों की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। उनका दाह संस्कार वाराणसी में किया जायेगा। बताते चले कि बीते 15 सितंबर की रात वें पेट्रोल पंप से ड्यूटी के बाद साईकिल से भवनाथपुर बाजार स्थित अपने घर आ रहे थे, तभी भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप ही बाईक के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## जायंट्स सेवा सप्ताह 2022 के समापन समारोह का आयोजन

# सक्रिय योगदान देनेवाले सदस्यों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, जायंट्स ग्रुप गढ़वा सहेली एवं जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था द्वारा संयुक्त रूप से जायंट्स सेवा सप्ताह 2022 का समापन समारोह का आयोजन आरकेवीएस बीएड कॉलेज रेहला रोड सोनपुरवा,गढ़वा के सभागार में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि नगर परिषद गढ़वा के उपाध्यक्ष मीरा पांडेय, फेडरेशन 8 के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन 8 सचिव नंदकुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, जायन्ट्स गढ़वा आस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक सोनी एवं जायन्ट्स गढ़वा सहेली के प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल ने जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत किये गए सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने जायंट्स सेवा सप्ताह में जायंट्स द्वारा किये गये कार्यक्रमों की प्रशंसा की। साथ ही जायंट्स पदाधिकारियों ने नये सदस्यों को जोड़ने की बात कही। सेवा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं जायंट्स सेवा सप्ताह में सक्रिय योगदान करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी ने किया।




### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, जायंट्स सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल, एवं जायंट्स आस्था के सदस्य पवन अग्रवाल,फेड रेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता,जायन्ट्स फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केशरी, डॉ आशीष गुप्ता, जायन्ट्स गढ़वा उपाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक केशरी, पूर्व अध्यक्ष दीपक तिवारी, विनोद गुप्ता, सहेली उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वीणा केशरी, पूर्व अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, माला केशरी, लता गुप्ता, रीता केशरी, गायत्री देवी, सुनीता केशरी, सिमा केशरी, गढ़वा आस्था के पूर्व अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, प्रशासनिक निदेशक धनंजय सोनी, रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एम पी गुप्ता सहित लायंस सिटी के अध्यक्ष राजमणि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता सहित जायन्ट्स गढ़वा, गढ़वा सहेली एवं गढ़वा आस्था के काफी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावे अन्य संस्था पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## बेटे की हत्या की आशंका को लेकर खोजबीन की गुहार लगायी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी पंचायत के चौरासी निवासी सेराज अहमद ने अपने पुत्र सहजाद अहमद की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर करते हुए बिसुनपुरा थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सरफुद्दीन अंसारी के खिलाफ प्रशासन को ऑनलाइन देकर बेटे की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। उक्त मामले को लेकर लड़के के पिता ने बताया कि बीते डेढ़ माह पूर्व गांव के ही आफताब अंसारी की बेटी आसमां खातून से मेरे बेटे सहजाद का निकाह समाज एवं लड़की के पिता द्वारा जबरन करा दिया गया था,जिसकी हमे सूचना भी नही दी गयी थी। निकाह के बाद लड़की को हमे सौंपा जा रहा था किंतु किसी अनहोनी के डर से हमने उन्हें नहीं रखा।इसके बाद बिसुनपुरा थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सरफुद्दीन के सहयोग से मेरे बेटे एवं बहु आसपास के विभिन्न ठिकानों पर रही जिसके बाद सरफुद्दीन उन्हें कर्नाटक ले गया।बीते एक सप्ताह पूर्व सहजाद ने अपने मामा महताब आलम से फोन पर बताया कि सरफूदीन मेरी पत्नी के साथ गलत हरकत करता है,अब हम लोग घर आ रहे हैं।फिलहाल सहजाद का फोन बंद बता रहा है। परिजनों द्वारा जांच पड़ताल में पता चला कि उसके निवास पर ताला लटका हुआ है।सहजाद के परिजनों द्वारा पूछे जाने पर सरफुद्दीन ने सहजाद की सूचना नही होने के बात कह लड़की आसमां को साथ लाने की बात कही। लड़के के पिता ने दिए आवेदन में अंदेशा जताया है कि सरफुद्दीन द्वारा सहजाद की हत्या कर दी गयी है।उक्त मामले को लेकर सहजाद के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है।

## अलग-अलग पूजा समितियों ने निकाली कलश यात्रा

**विशुनपुरा।** शारदीय नवरात्र के पहला दिन प्रखंड के पिपरी, पतिहारी, सरांग, अमहर तथा विशुनपुरा के विभिन्न गांव में अलग-अलग पूजा समितियो के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ व कलश यात्रा भी निकाली गई। बिशनपुरा के पुरानी बाजार, विष्णु मंदिर तथा पिपरिकला के जय हनुमान क्लब के द्वारा कलस यात्रा निकाली गई।यह कलस यात्रा मंदिर परिसर से बांकी नदी पहुंची वहा से जल भर कर जय मां दुर्गे के उद्घोष के साथ पुनः मंदिर में लाकर मंत्रोउचारन के साथ कलस अस्थापित किया गया। वही कमता के श्री अष्टभुजी कामेश्वरी मांता मंदिर में भी जय भवानी संघ कमता के द्वारा कलस यात्रा निकाली गई। यह कलस यात्रा पपरवा धाम छोटी जलाशय पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। श्रद्धालु कलश में जल भर कर पुनः श्रीश्री अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर पहुंचे। जहां आचार्य श्री राजू पांडे के साथ श्री मनोज द्विवेदी के द्वारा मंत्रोउचारन के साथ कलस अस्थापित किया गया। कलश स्थापित कर नवरात्र के पहले दिन नव दुर्गा की पहली स्वरूप शैलपुत्री मां की पूजा शुरू किया गया। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, रॉजू सिंह, रजेस सिंह, चमन सिंह, हेमंत सिंह, सिलवंत सिंह, प्रियरंजन सिंह, अभिषेक सिंह, छोटू सिंह, अमित सिंह, सूरज सिंह, सुनील गुप्ता, गुलाब साह, जोखू साह, रूपेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## मंत्री मिथिलेश ने गढ़देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा रंका विधानसभा के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़देवी मंदिर एवं काली स्थान में पूजा अर्चना किया?। गढ़देवी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राजन पांडे ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया। पूजा के पश्चात मां गढ़देवी पूजा समिति एवं भंडारा के सदस्यों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने महाष्टमी को होने वाले मातारानी का सिंगार सामग्री अपनी ओर से उपलब्ध कराने की घोषणा किया तथा समस्त गढ़वा वासियों को नवरात्रि एवं दशहरे की शुभकामनाएं दिया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, सचिव के महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कंचन साहू जगजीवन बघेल, गोपाल सोनी, मनीष केसरी, पंकज सोनी, अरविंद पटवा, विनोद प्रसाद वार्डपार्षद मुन्ना मोबाइल, रंजू सोनी, संदेश संस्कार, चिंटू पटवा, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, दिव्य प्रकाश केशरी, धीरज दुबे आदि मौजूद थे।

## अलखनाथ पांडेय ने सांसद को सौंपा पोस्टकार्ड



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर आर के पब्लिक स्कूल के लगभग डेढ़ हजार छात्र-छात्राओं ने उन्हें पोस्टकार्ड भेजा। जिसमें बच्चों ने पीएम को जन्म दिन की शुभकामना देने के साथ ही साथ केंद्र सरकार की नयी शिक्षा नीति के प्रति आभार जताया। बच्चो के सभी पोस्टकार्ड को विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने पीएम तक पहुंचाने के लिए पलामू संसद विष्णु दयाल राम को सौंपा। मौके पर कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## उमरा से वापस लौटे जायरीन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उमरा करने गए हाजी मुस्लिम कादरी और उम्मत रसूल मक्का मदीना के पाक सर जमीन से वापस लौट कर अपने मुल्क अपने गांव में पाक कदम रखे। जायरीन के वापस लौटते ही गांव वालो ने माला पहनाकर और नारे तकबीर नारे रिसालत के साथ स्वागत किया। अपने गांव में पाक कदम रखते ही अपने मुल्क में सभी रहने वालो के लिए अमन चैन की दुवा किये। मौके पे हाजी इद्रीस कादरी, मजहर हुसैन, मोबिन अंसारी, मुख्तार अंसारी, शरीफ आलम, इम्तियाज अंसारी, डॉक्टर महमूद, अयूब अंसारी, चांद अंसारी, महबूब अंसारी, रफीक अंसारी, जमरूदिन अंसारी, अलमुदिन अंसारी, शहाबुदीन अंसारी, इबरार अंसारी, अकबाल अंसारी, मकसूद अंसारी, असगर अंसारी, इंतेखाब अंसारी, मेराज अंसारी, इशरत अंसारी, जुल्फेकार अंसारी, मंजूर अंसारी, गुलाम दाऊद, मोहसिन अंसारी, सलीम अंसारी, महफूज अंसारी, एमडी रजा, महफूज अंसारी, मुंतजिर अंसारी, अहमद रजा, गुलाम गौस, नौशाद अंसारी और भी बहुत लोग मौजूद थे।

## तमाड़ की खबरें

### रांची जीआरपी ने बरामद किया अज्ञात शव

सिल्ली (आजाद सिपाही)। कोचो रेलवे फाटक के पोल संख्या 358/9 समीप रांची जीआरपी ने सोमवार को एक युवक की का शव बरामद किया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसकी अनुमानित उम्र करीब 30 साल है। पुलिस को संदेह है कि रविवार की रात किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई होगी। मुरी आरपीएफ ने रांची जीआरपी को इसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची रांची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

### कंप्यूटर की सत्रांत परीक्षा संपन्न

सिल्ली (आजाद सिपाही)। राजकीय मध्य विद्यालय बड़ा मुरी परिसर में सोमवार को बीके मल्टीमीडिया एंड कंप्यूटर्स सेंटर के तत्वधान में डीसीए डीटीपी टैली और एडीसीए कंप्यूटर कोर्स की सत्रांत परीक्षा ली गई। संस्थान के निदेशक भीम कोईरी ने बताया कि परीक्षा में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस मौके पर स्कूल के अमित स्वर्णकार, पशुपति कुम्हार, संस्थान के संचालक भीम कोइरी व अजय महली आदि थे।

### अनियंत्रित कार दीवार से टकरायी

बुंडू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के डामारी मोड़ के समीप सोमवार को रेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा कर गड्ढे में गिर गई। कार में तीन लोग सवार थे। एयर बैग खुल जाने के कारण जान बच गई और दो लोगों को सामान्य रूप से चोट आई है। जानकारी के मुताबिक कार रांची से टाटा जा रही थी। उसमें सवार रमेश कुमार ने बताया कि चालक शराब पीए हुए थे। बार-बार बोलने के बावजूद वह गाड़ी तेज गति से चला रहा था। जिस कारण हादसा हो गया। घटना की जानकारी बुंडू पुलिस को दी गई है। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेज दिया।

### नुरीडीह में ग्रामसभा का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। नुरीडीह में सोमवार को ग्रामसभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया। ग्रामसभा में नाली निर्माण, पीसीसी निर्माण, गार्ड वाल निर्माण, मेड़बंदी, डोभा निर्माण, कुप मरम्मति, पेयजल आदि प्रस्ताव पारित किया गया। सलगाडीह पेयजल आपूर्ति पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने जानकारी मांगी कि आखिर किन कारणों से पेयजल आपूर्ति 10 दिनों से ठप्प है। बैठक में उपस्थित मुखिया अनिता देवी ने बताया कि वज्रपात से पेयजल आपूर्ति में लगाए गए सारे मशीन जल गया है जिसे बनाने में करीब डेढ़ लाख रुपये का खर्च आएगा। इसलिए पेयजल आपूर्ति में प्रति माह शुल्क के रूप में ग्रामीणों द्वारा दी रही राशि अक्टूबर तक के लिए अग्रिम जमा करने का आग्रह किया जाता है ताकि समय में मशीन को बनाया जा सके और ग्रामीणों को पानी मिल सके। मुखिया के आग्रह पर सभी ग्रामीणों ने दो माह तक की राशि जमा करने पर सहमति जताई। बतातें चलें कि सलगाडीह पेयजल आपूर्ति टंकी से तीन पंचायत पेडाडीह, तमाड़ पूर्वी और तमाड़ पश्चिमी में पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस दौरान मौके पर गोविन्द सिंह मुण्डा, मदन सिंह मुण्डा, लाल मोहन सिंह मुण्डा, तयरतन लाल मुण्डा, पुस्तम मुण्डा, राजु मुण्डा, सत्यनारायण मुण्डा, विजय लोहरा, शत्रुघ्न लोहरा, सुखदेव अहीर, शिवेश्वर अहीर, सुभद्रा देवी, बसंती देवी, बुधनी देवी, दुर्गामनी देवी, भवानी देवी, सिमती देवी, द्रौपदी देवी, सावित्री देवी काजल देवी, पुर्णिमा देवी और रुपो देवी आदि मौजूद थे।

### डोमाडीह और वनडीह गांव में हाथियों ने फसल नष्ट की

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के डोमाडीह और वनडीह गांव में जंगली हाथियों ने रविवार की रात जमकर उत्पात मचाया और 12 एकड़ जमीन में लगी सब्जियां और धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया है। किसान नीलकमल महतो, शक्तिपद महतो, हरीपद महतो, भगत राम महतो, मनसा महतो, लखिन्द्र महतो, अभिमन्यु महतो, अजीत महतो, अर्जुन महतो, हरेन महतो, माधव उरांव, गनसु महतो, परेश महतो, राजेश कुमार ने बताया कि हाथियों ने उनकी धान और सब्जी की फसल को नष्ट कर दिया है। उधर, फसल नुकसान की सूचना पाकर प्रमुख विक्टोरिया देवी, पंचायत के फणीभूषण सिंह मुंडा, निशिकान्त गोंझु वनपाल दिलीप सिंह मुंडा आदि किसानों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। साथ ही किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मुआवजा दिलवाया जाएगा।

### पुलिस ने नष्ट की अवैध शराब की भट्ठी



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के नवागड गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पुलिस ने 300 किलो पका जावा को नष्ट कर दिया। शराब बनाने के सामानों को भी नष्ट कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दक्षिणेश्वर मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल



बुंडू (आजाद सिपाही)। मिलन मंदिर सेवा संघ दुर्गा पूजा समिति की ओर से पश्चिम बंगाल के दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 60 फीट होगी। मिलन मंदिर सेवा संघ के अध्यक्ष शुभम लायक उर्फ विक्की ने कहा कि मिलन मंदिर सेवा संघ का कार्यकाल 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस कारण मूर्ति का रंग भी स्वर्णिम ही रखा गया है। करीब पांच लाख रुपये की लागत से पंडाल एवं मूर्ति का निर्माण स्थानीय टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। विद्युत साज सज्जा भी आकर्षक होगा। मूर्ति शिव कुमार प्रजापति बना रहे हैं।

### बिहार क्लब दुर्गापूजा समिति काल्पनिक मंदिर की तर्ज पर करा रहा देवी दुर्गा मंडप का निर्माण



बुंडू (आजाद सिपाही)। बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति थाना टोली का दुर्गा पूजा पंडाल काल्पनिक मंदिर की तर्ज पर बनाया जा रहा है। पंडाल निर्माण में कपड़ा, थर्मोकोल व बीट का प्रयोग किया जा रहा है, जो 75 फीट ऊंचा होगा। बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति थाना टोली के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष लगभग साढ़े चार लाख रुपये की लागत से पंडाल का निर्माण स्थानीय टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। इस बार विद्युत साज-सज्जा भी आकर्षक होगी। मूर्ति रांची के कारीगरों द्वारा बनाई जा रही है।

## आस्था का त्योहार : खूंटी, खलारी और पिपरवार में जगह-जगह निकाली गयी कलश यात्रा

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू



कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना करती महिलाएं व अन्य।

आजाद सिपाही टीम

खूंटी। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा सोमवार को कलश स्थापना के साथ ही जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। पहले दिन शहर के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों और घरों में विधि विधान से कलश स्थापना कर मां दुर्गा के पहले स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की गयी। मातारानी से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गयी। कलश स्थापना के साथ ही दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गयी। सुबह- ध्वनि विस्तारक यंत्रों से गूंज रहे चंडी पाठ और माता रानी के भजनों और घंट, शंख और ढाक की धून से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। इस बार जिला मुख्यालय में 11 स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इनमें नेताजी चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, चौधरी मंडप कर्रा रोड, हरि मंदिर कर्रा रोड, सार्वजनिक पूजा समिति ड्डागत सिंह चौक, बाजार टांड़, पिपराटोली, मिश्रा टोली, अल्बर्ट एक्का क्लब तोरपा रोड आदि शामिल हैं। जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम में भी सोमवार से नवरात्र अनुष्ठान शुरू हो गया।

## पिपरवार में महावीरी ध्वज और कलश की स्थापना

आजाद सिपाही संवाददाता



बेंती में कलश स्थापना यात्रा में शामिल श्रध्दालु।

पिपरवार। शक्ति की अराधना का शारदीय नवरात्रोत्सव की शुरूआत सोमवार से हो गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस शक्ति अराधना के नवरात्र में कोयलांचल क्षेत्र के पिपरवार में भी विधि विधान एवं हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। बचरा बाजारटांड़ में करीब छह दशकों से हो रही एतिहासिक दुर्गापूजा का शुभारंभ सोमवार को हो गया। बचरा दुर्गापूजा समिति द्वारा महावीरी ध्वज एवं कलश स्थापना कर इसकी शुरूआत की गई। बचरा में नवरात्र पूजा के शुभारंभ के मौके पर पहुंचे अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने इतने बड़े आयोजन में सहयोग करने वाले पुजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सराहना की। कहा कि इन लोगों की श्रद्धा और मेहनत का नतीजा है कि बचरा में दुर्गा पूजा का इतना बड़ा आयोजन बिना किसी व्यवधान के पूरा हो पाता है। उन्होंने सभी सीसीएल कर्मियों एवं आम नागरिकों को दुर्गापूजा की बधाई दी। वहीं पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए आम नागरिकों से पूजा एवं मेला के शांति पूर्ण संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर अशोका पीओ संजय कुमार, रविन्द्रनाथ सिंह, धीरेन्द्र शर्मा, भीम प्रसाद मेहता, विद्यापति सिंह, सोनू तिवारी, संतोष गिरी, गुंजन सिंह, रीना देवी, राजेश सिंह, राजकुमार सिंह, संजय सिंह, रामवच्चन यादव, रवि भारद्वाज, गिरजा प्रसाद, मिथिलेश शर्मा आदि थे।

### बेंती व बहेरा मे निकाली गयी कलश यात्रा

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी। क्षेत्र के पूजा पंडालों से निकाली गई यह यात्रा पास की नदी जाकर जल भरा और पूजा स्थल में कलश को स्थापित किया। पिपरवार क्षेत्र के बेंती और बहेरा दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूजा पंडाल से कलश स्थापना यात्रा निकाला गया। क्षेत्र भ्रमण कर पास की नदी जाकर कलश में जल भरकर वापस पूजा पंडल पहुंचा,जहां विधिवत पूजा अर्चना के साथ कलश की स्थापना की गयी।

बेंती मे आयोजित कलश स्थापना यात्रा में मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया किरण देवी, पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया, समाजसेवी रोहन गंझू, हरि नारायण गंझू, गणेश भुइयां, प्रेम ठाकुर, सिकेन्द्र प्रजापति, संतोष केशरी, हेमराज प्रजापति, लखन साहू, राजेश केसरी आदि मौजूद थे। वहीं, गायत्री शक्तिपीठ कार्यालय बचरा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना की गई। इस मौके पर गायत्री परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

## खलारी में पहले दिन हुई मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



खलारी। खलारी कोयलांचल सहित आस-पास के क्षेत्रों में सोमवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पूजा प्रारंभ हो गयी। क्षेत्र के श्री जानकी रमण मंदिर, पहाड़ी मंदिर, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमियां, लपरा, नवाडीह, हेसालोंग, मोहननगर, केडीएच, डकरा बी-टाईप, सुभाषनगर, चुरी, हुटाप, चण्डीस्थान आदि जगहों में कलश स्थापना कर मां के प्रथम रूप शैलपुत्री का पूजन किया गया। वहीं खलारी स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में पंडित सवानंद दूबे की ओर से कलश स्थापना कर मां के प्रथम रूप शैलपुत्री का पूजन कर व पाठ प्रारंभ किया गया। मां के प्रथम रूप शैलपुत्री की अराधना करने से शत्रु का नाश होता है और भक्तों को यश व प्रगति की प्राप्ती होती है। साथ ही मोहननगर सहित अन्य जगहों में कलश स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी।

मोहननगर में दुर्गा मंदिर से सपही नदी तक कलश यात्रा निकाली गयी। वहां से जल भरकर पुनः सभी श्रद्धालु दुर्गा मंदिर पहुंचे। जहां सभी कलश में शमिल महिला-पुरुष के लिए गुड़, चना, शर्बत एवं पानी की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही गायत्री प्रज्ञापीठ खलारी में नवरात्र को लेकर विशेष हवन पूजन व अनुष्ठान किया गया। वहीं क्षेत्र में कई लोगों ने अपने-अपने घरों में भी कलश स्थापना कर मां दुर्गा का पाठ प्रारभ किया। इधर खलारी सहित कोयलाचंल क्षेत्र में बन रहे पूजा पण्डालों का निर्माण भी तेजी से जारी है। वहीं पूजा पण्डालों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं को मूर्तिकार तैयार करने में जोर शोर से लगे हुए है।

## तोरपा एसडीपीओ ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

कर्रा। कर्रा सहित गोविंदपुर लोधमा में पूजा पंडालों का तोरपा एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी एवं इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह व कर्रा थानेदार दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सोमवार को भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वजनिक दुर्गा समिति शिवालय कर्रा, महतो टोली के कंवारे प्रखंड के सभी पंडालों का निरीक्षण के बाद पूजा समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों से सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन करते हुए शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने को कहा। इस अवसर पर पुलिस बल के सशत्र बल उपस्थित थे।

## यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार स्थित युनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन के क्षेत्रीय कार्यलय में एरिया अध्यक्ष मुंद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही यूनियन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिपरवार क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के समय पर आवास मरम्मत, कोयला कामगारों को समय पर प्रमोशन देने, बरसात के इस मौसम में बिजली की लचर व्यवस्था को ठीक करने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। एरिया अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने कहा कि उपरोक्त समस्या को लेकर कोयला मजदूरों में आक्रोश है और यूनियन काफी गंभीर है। जल्द ही यूनियन का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सीसीएल प्रबंधन से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक में मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम,विमल महतो, बाबूलाल राम, मो. अब्दुल्ला, कयूम अंसारी, रामजीत राम, टिकेश्वर ठाकुर, ललिन्द्र कुमार, चमन महतो, गणेश राम, ईश्वर दयाल मेहता, ललकु भुईया, शिबू लोहार, कौशल प्रसाद,लखेश्वर लाल, निरंजन प्रजापति, बंसन्त कुमार, लखन महतो, सुरेन्द्र पाण्डेय, जनार्दन गिरी, बासुदेव प्रजापति, मो. कासिम, अर्जून महतो, बाबूलाल महतो, महेंद्र कुमार राय, सेवक गंझू, बासुदेव गंझू ,मो. मुमताज, हिमांषु चटर, मो.असदुल्ला, चंद्रदीप साव, अरुण सिंह, अशोक चौहान, गणेश बैठा, धनेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, बासुदेव रजक, मो. एहसान, विकास यादव, रतन गंझू, राजेश महतो, हीरालाल महतो, मुंशी महतो, जगदीश गंझू, किसुन मुंडा, बासुदेव गंझू, देवनाथ राम, राज कुमार, गंगा राम, परमेश्वर राम, देवेंद्र मलिक, रविंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### कोऑपरेटिव सदस्यों ने किया जमीन का निरीक्षण

खलारी (आजाद सिपाही)। किसान विकास फल सब्जी लिमिटेड के तहत कोऑपरेटिव सदस्यों ने विश्रामपुर में जमीन का निरीक्षण किया। सदस्य बाबूलाल गंझू एवं बालेश्वर भोगता ने विश्रामपुर के बड़की टॉड में जमीन का निरीक्षण किया और टमाटर की खेती लगाने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं खेती के लिए जमीन का चयन किया गया। साथ ही भूमि पूजन के लिए भी स्थल का चयन किया गया है। वहीं, खलारी प्रखंड में बने कोल्ड स्टोर के जल्द उद्घाटन कराने की बात कही। मौके पर सुरेश मुंडा, राजेश मुंडा, विष्णु उरांव थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नारी सशक्तिकरण की प्रतीक हैं मां दुर्गा : प्राचार्य



डकरा (आजाद सिपाही)। डीएवी स्कूल खलारी में सोमवार को नवरात्रि के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय की छात्राओं द्वारा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को प्रतिबिंबित किया गया। साथ ही नवरात्रि के महत्व, बुराई पर अच्छाई की जीत के इस त्योहार पर सभी को नई राह एवं अच्छाई के मार्ग पर चलने को लेकर प्रेरित किया गया। वहीं प्राचार्य बीपी रॉय ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का नमन किया। साथ ही माता दुर्गा को नारी सशक्तिकरण का अमिट प्रतीक भी माना। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास महिषासुर के विभिन्न रूप मौजूद हैं। हमें मां दुर्गा की तरह उन सबका विनाश करना होगा।

### चूरी की मुखिया ने मृतक के परिवार को दी खाद्य सामग्री

डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के चुरी उत्तरी पंचायत कि मुखिया ललिता देवी ने पंचायत में एक मृतक के परिवार को खाद्य सामग्री देकर सहायता की है। पंचायत निवासी महिला सविता देवी का निधन हो गया था और उसकी घर की स्थिति अच्छी नहीं थी। जिसकी जानकारी मिलने पर मुखिया मृतक के घर पहुंची और परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। इसके अलावा मुखिया ने पंचायत के जलमीनार का निरीक्षण भी किया और वस्तुस्थिति की जानकारी ली है।

### एसडीओ ने अवैध बालू लदे दो हाइवा ट्रकों को पकड़ा, चालक और खलासी गिरफ्तार

कर्रा (आजाद सिपाही)। खूंटी के प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी जितेंद्र मुंडा ने सोमवार को कर्रा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो हाईवा ट्रकों को पकड़ कर थाने को सौंप दिया। पुलिस ने दो वाहनों के चालक और खलासी को भी गिरफ्तार कर लिया। एसडीओ खूंटी द्वारा सोमवार सुबह करीब चार बजे अवैध बालू तस्करी के खिलाफ छापामारी कर कर्रा-जम्हार मुख्य सड़क के टिमड़ा गांव के पास अवैध बालू ले जाते दो हाईवा ट्रकों को पकड़ लिया। इस संबंध में अंचलाधिकारीर वैद्यनाथ कामती के बयान पर कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### प्रदीप उरांव अध्यक्ष और रवि सोनी बने सचिव

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय दुर्गा मंडप मे श्री दुगार्पुजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विष्णु साहू प्रसाद ने की। जिसमें इस साल भी राय में दुगार्पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। जिसमें दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष शंकर सिंह, रोहित केसरी, सचिव रवि कुमार सोनी, उप सचिव एतवारा महतो, उदय सिंह, कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष, रोशन गुप्ता, संगठन सचिव राजू गुप्ता, उप संगठन सचिव पारस चौहान को बनाया गया। वहीं विष्णु साहू,जगदीश सोनी, नागेश्वर महतो बैगी, अर्जुन केशरी, सीताराम केशरी, नरेश चौरसिया, अशोक महतो आदि संरक्षक हैं।

## शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिया था निर्देश

# जहरीली गैस, प्रदूषण का जायजा लेने मोंनेट कोल वाशरी पहुंचे रांची डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



निरीक्षण करने पहुंची रांची डीसी व अन्य।

डकरा। सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना में स्थित मोंनेट डेनियल कोल वाशरी से प्रदूषण फैलाने व सोनाडुब्बी नदी को प्रदूषित करने की शिकायत राष्ट्रीय हरित अधिकरण के पास क्षेत्र के एक जागरूक समाज सेवी सह यूनियन नेता द्वारा किया गया था। लिखित शिकायत के आलोक में सोमवार को रांची के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राजीव कुमार सिंह के साथ रांची डीसी राहुल सिन्हा स्थिति का जायजा लेने मोंनेट कॉल वाशरी पहुंचे। टीम ने वाशरी का नक्शा देखते हुए पूरे वाशरी को समझा। फिर मोनेट वाशरी के कोयला स्टॉक, रेलवे साइडिंग, केशर मशीन, सोनाडुब्बी नदी में अवैध रूप से बनाये गये चहारदीवारी व नदी के बीचोबीच बने 12 पिलर सहित आदि जगहों का निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि इस क्षेत्र से शिकायत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को किया गया था कि केडीएच परियोजना स्थित मोंनेट डेनियल कोल वाशरी के प्रदूषण से आसपास के लोग प्रभावित व नदी प्रदूषित हो रही है। इसी के आलोक में संयुक्त टीम जांच करने पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट एनजीटी को सौंपेंगें। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### पंजाब इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड को करता है कोयला आपूर्ति

मोनेट कोल वाशरी से पंजाब इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड को कोयले की आपूर्ति की जाती है। उनके साथ हुए समझौते के अनुसार मोंनेट कोल वाशरी कोयले की सफाई कर पंजाब भेजता है। इस क्रम में रिजेक्शन वाले कोयले को मोनेट के साइडिंग में ही डंप कर रखा जाता है, जहां कोयला में आग लगने से काफी प्रदूषण फैलता है।

## शोभायात्रा और कलश स्थापना के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की आराधना

# मंदिरों से लेकर घरों तक गूंजे माता के जयकारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के खत्री खटंगा,पाकल मेड़ी मुरतो, तुको, ईंटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सोमवार से हो गया। घर से लेकर मंदिरों में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति जलाई गई। नौ दिनों तक अनवरत माता दुर्गा की अखंड ज्योति जलाकर हवन-पूजन किया जायेगा। वहीं मंदिरों व घरों में माता के जयकारे गूंजे। इधर अम्बे तू जग्दम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली के प्रार्थना गीत पर मां दुर्गा की आरती उतारी गई। साथ ही परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी गई । इधर श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वाधान में कलश स्थापना को लेकर महादानी मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें शामिल महिलाओं व कन्याओं का दल बेड़ो का भ्रमण करते हुए डुकु तालाब से कलश में जल भर कर मंदिर परिसर पहुंचा।जहां मुख्य पुजारी अशोक पंडा की देखरेख में कलश स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। इसके साथ ही नवाह्न पाठ की शुरूआत हुई और मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना व आरती की गई। साथ ही प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गयी।जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण व भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। इस मौके पर रमेश प्रसाद गुप्ता व मुकेश कुमार राय,संदीप सोनी, नितेश साहू,आनंद साहू,शरवी सुमन,रेखा कुमारी,त्रिसूत्री नाग, कलावती देवी, गायत्री देवी, साधना कुमारी, दीक्षा दुबे,आस्था सोनी, राजेश कुमार, रोशन महतो, रीता कुमारी आदि मौजूद थे।







### लापुंग में प्रथम शैलपुत्री की पूजा और कलश स्थापना

**लापुंग।** आज से प्रथम शैलपुत्री की पूजा लापुंग के सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति लापुंग में शुरू हो गया है। प्रथम शैलपुत्री, कलश स्थापना, शंकतोभद्र मण्डल पूजन, नवग्रह, आदीगौरीगणेश पूजन, झंडोतोलन का कार्यक्रम किया गया। सभी पूजन आचार्य राजकुमार पाठक यजमान सिकन्दर सिंह के द्वारा किया गया । आज प्रथम शैलपुत्री की पूजा में ढोल नगाड़ा के साथ पूजा पाठ किया गया।शाम में प्रथम शैल पुत्री की संध्या आरती किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष सुदामा महली, सचिव विशेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष श्याम प्रसाद सिंह के अलावे पूज कमिटी के अन्य कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे।

### 1500 महिलाओं और युवतियों ने कलश यात्रा में भाग लिया

**पिठोरिया।** पिठोरिया गांव में सोमवार को कलश यात्रा के साथ शारदीय दुर्गा पूजा शुरू हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच लगभग 1500 महिलाओं और युवतियों ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा परकला बांध से शुरू होकर पूरे गांव घूमने के बाद स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इसके साथ ही रामचरितमानस का पाठ और राम कथा की शुरूआत भी हुई है। आज के कार्यक्रम में दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य गण विशेष रूप से मौजूद थे।

### भव्य कलशयात्रा निकली

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के दुर्ग मंदिर में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ एवं दुर्गा पूजा को लेकर मंदिर परिसर से सोमवार को भव्य कलशयात्रा निकली। कलशयात्रा में क्षेत्र की 501 महिलाएं एवं कन्याओं ने भाग लिया. कलशयात्रा का शुभारंभ मानस किंकरी कृष्ण देवी, भाजपा नेत्री शोभा यादव, कांग्रेस के विनय सिन्हा दीपू,आजसू पार्टी के भरत कांशी और दुगार्पूजा रांची ग्रामीण के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी सहित समिति के लोगों ने भगवा ध्वज दिखाकर कलशयात्रा को रवाना किया.कलशयात्रा में शामिल लोग माता का जयकारा लगाते हुए स्वर्णरेखा उदगम स्थल रानी चुंवां गया जहां पंडित जी के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर वापस मंदिर परिसर पहुंचे. कलश स्थापना के बाद देवी का पूजन के पश्चात 51 लोगों के द्वारा मानस का पाठ कराया गया. इस दौरान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच फल का वितरण किया. साथ ही इन्होंने प्रवचन पंडाल का उद्घाटन फीता काटकर किया. कलशयात्रा में अध्यक्ष आदित्य केशरी, राहुल चौधरी,प्रभात महतो,केशव कुमार भगत,केदार महतो,शशिभूषण भगत,शीला देवी,द्वारिकानाथ साहू,दीपक केशरी, आशीष चौधरी,प्रदीप कुमार,चंद्रशेखर शर्मा,रघुनंदन महतो सहित समिति के लोग शामिल हुए.

### कलश स्थापन के साथ ही दुर्गा पूजा शुरू

**इटकी।** नौ दिन चलने वाले महापर्व दुर्गा पूजा कलश स्थापन व दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ ही सोमवार को इटकी क्षेत्र में दुर्गा पूजा की शुरूआत हो गयी ।.महावीर चौक स्थित सार्वजनिक पूजा पंडाल में पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गयी व दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया गया.। क्षेत्र के जमींदार के वंशज लाल अश्विनी नाथ शाहदेव द्वारा आयोजित पूजा अर्चना में पंडित सुरेंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में पाठ शुरू किया गया.।

## 1980 से हो रही है सिदरौल में दुर्गा पूजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सिदरौल दुर्गा पूजा समिति के द्वारा सिदरौल में दुर्गा पूजा महोत्सव 1980 ई. से होता आ रहा है। वर्तमान में पूजा समिति के संरक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष सिदरौल में भव्य काल्पनिक मंदिर बनाया जा रहा है। इसमें लोगों को मंदिर रुपी पंडाल में माता के दर्शन होंगे। इसके लिये कई स्वागत द्वार से होकर श्रद्धालु पंडाल में प्रवेश करेंगे। पंडाल की लाइटिंग की अलग से व्यवस्था की गयी है। इस वर्ष पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पूजा के सफल आयोजन में संरक्षक अनिल वर्मा, अशोक सिंह, दुर्गा साहू, अध्यक्ष रिंकू राय, उपाध्यक्ष गोरखनाथ सिंह, कृष्णा गोप, बिरेन सिंह, विमल महतो, प्रभाष झा, प्रदीप लकडा, दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष मंटू राय, सुनील गोराई, महामंत्री संजय सिंह, मंत्री विकाश, विशाल, आकाश, शंकर, विनय, सुनील, राहुल, बिनित, शुभम, लक्ष्मी, संदीप, संजीत एवं सक्रिय सदस्य अरुण, सूर्यकांत, उपेंद्र, रोहित, सिद्धार्थ, रवि, नितेश, गोलू, कृष्णा, श्रीकांत, चंदन, किशन, भारद्धाज आदि समिति के सदस्य लगे हुए है।

## शाहबाज के हत्यारों को कुछ ही घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मांडर थाना पुलिस ने आज सुबह कंजिया निवासी 18 वर्षीय शाहबाज अंसारी की हत्या के दो आरोपियों ओम प्रकाश महतो और सुशांत नायक को शव बरामदगी के कुछ घंटे बाद ही धर दबोचा। पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों हत्यारोपी युवक मृतक के दोस्त हैं। तीनों ऑटो चलाते थे मांडर थाना की पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मृतक शाहबाज के परिजनों ने बताया कि कल शाम शाहबाज घर पर था,शाम 7 बजे ओम प्रकाश और सुशांत ने उसे फोन कर बुलाया उसके बाद तीनों ऑटो से कहीं चले गये। देर रात तक घर वापस नहीं आने पर शाहबाज को फोन किया,तो वह कुछ देर में आने की बात बोला, दोबारा कॉल करने पर मोबाईल बंद मिला, उसके बाद घर के लोग उन्हें खोजने निकले, लेकिन रात भर कोई पता नहीं चला,आज अहले सुबह पांच बजे सुशांत का ऑटो पंडरा के पास लावरिस पड़ा मिला, जांच करने पर उसमें शाहबाज का जख्मी शव पाया गया। शाहबाज के मुंह से खून निकला हुआ था,और शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान भी हैं।

### ऑटो में लदे शव के साथ परिजन पहुंचे थाना

बजरा में ऑटो को बरामद करने के बाद परिजन शव के साथ ऑटो को ले कर मांडर थाना पहुंच गये,जहां उसकी हत्या की खबर सुन कर पहले से ही सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को ले कर हंगामा करने लगी, हत्या की सूचना पर थाना पहुंचे खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी और थाना प्रभारी विनय यादव ने उग्र लोगों को आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लेने का भरोसा दिला कर शांत कराया।

### कुछ घंटे के बाद ही दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार

शाहबाज के शव के साथ थाना पहुंचने के घंटे भर बाद ही मांडर पुलिस ने डीएसपी के नेतृत्व में दोनों आरोपी सुशांत नायक एवं ओम प्रकाश महतो को हेसमी गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों से कड़ी पूछताछ कर रही है और कई बिंदुओं पर जांच भी प्रारंभ कर दिया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि शाहबाज की हत्या किन कारणों से की गई।

## जिप सदस्य ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत टाटी पंचायत के गांव रूसुजारा टोला तेतर मथानी में सिल्ली के लोकप्रिय विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयास से ही पूर्व में बीजली गांव तक पहुंचाया गया था। जो पिछले तीन वर्ष से खराब पड़ा हुआ था। सूचना विधायक सुदेश कुमार महतो को दी गई। आज उनके प्रयास से रुसुजारा, टोला तेतर मथानी में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जिसका उद्धघाटन आज जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा जी के द्वारा फीता काट कर किया। ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत फूल माला पहना कर किया। साथ ही ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराये जाने के खुशी में विधायक महतो के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में जिला परिषद के साथ प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर मुंडा, जिला सचिव शंकर बेदिया, वार्ड सदस्य रामसिंह मुंडा, संगठन सचिव चंद्र भूषण लोहरा, प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा, पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार महतो, ग्राम प्रभारी सीताराम रजवार, पंचायत समिति सदस्य सुधू बेदिया, सुरेश मुंडा , रमेश मुंडा, गुराइ महतो, सुलेन मुंडा , मोहन मुंडा सहित महिला दीदी उपस्थित थी।

## पिस्का रेलवे स्टेशन के नये भवन एवं फेज वन के निर्माण कार्य का शिलान्यास

# देश में रेलवे का आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण स्पीड में हो रहा : दीपक

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन के नये भवन एवं फेज वन के निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म निर्भर भारत सर्वश्रेष्ठ भारत को चरितार्थ करने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र के दिशा निर्देश पर देश में रेलवे का आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण स्पीड में हो रहा है। रांची सांसद संजय सेठ ने कहा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयास से पिस्का को जल्द ही एक आधुनिक और माडल रेलवे स्टेशन बनाया जायेगा। इसके लिए प्रथम फेज के कार्य का शिलान्यास भी हो गया है। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र में रेलवे के विस्तारीकरण के लिए इस वित्तीय वर्ष में 800 करोड़ रुपए पास किए हैं जो काफी महत्वपूर्ण है। राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने कहा पुनर्विकास योजना के तहत राजधानी बनने के बाद रांची रेलवे स्टेशन पर भीड़ बहुत बढ़ने लगी है। रांची से सटे रेलवे स्टेशनों को विकसित करना अब जरूरी हो गया है। गोसाइटोली के ग्रामीण लाइन पार करने के लिये अंडरपास की मांग पर विचार करने पर बल दिया। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा पिस्का को बड़ा और विकसित स्टेशन बनाने की मांग यहां के लोग लंबे समय से कर रहे हैं। इनका सपना अब पूरा होने जा रहा है जल्द ही इस स्टेशन पर राजधानी सहित अन्य पैसेंजर ट्रेन के स्टोपेज की व्यवस्था की जायेगी। वहीं रांची रेलवे के एडीआरएम सतीश कुमार ने बताया कि 40 करोड़ की लागत से पिस्का रेलवे स्टेशन के पहले चरण में स्टेशन के नये भवन एवं तीन लाइन का निर्माण होगा अगले वित्तीय वर्ष में फेज टू का काम शुरू होगा। जिसमें पिस्का को लोधमा से नयी लाइन बिछाकर जोड़ा जायेगा और अन्य कई गुड्स गोदामों का निर्माण किया जायेगा। मौके पर रांची रेलवे के पदाधिकारी निशांत कुमार, देवराज बनर्जी, चंदन सिंह, मंडल अभियंता, बम-बम पांडेय विश्वजीत घोष सहित भाजपा के शशिभूषण भगत, केदार महतो, चुड़ामणी महतो, राकेश अजय तिवारी, मनीष केशरी, शिला देवी, कुणाल शाहदेव, दीपक केशरी जेएमएम के बिनोद तिर्की, सुरेश महतो,धुचु तिर्की,राखी देवी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## वज्रपात से एक व्यक्ति और एक बकरी की मौत

**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू कांके में वज्रपात से संध्या 5 बजे सुकुरहुटू ऊपर टोला निवासी 60 वर्षीय अगमलाल महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार अगमलाल महतो मुस्लिम कब्रिस्तान समीप अपनी बकरी चराने गया हुआ था संध्या में बारिश के समय अचानक से वज्रपात से अगमलाल और इसकी चर रही एक बकरी की भी मौत हो गई। जानकारी गांव के समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता सीताराम मुंडा ने दी। सीताराम मुंडा ने सरकार से बाबूलाल के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## कांके के राशन दुकानों में मिल रहा मिलावटी चावल, उपभोक्ता परेशान



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के राशन दुकानों से चावल लेकर खाने वाले उपभोक्ता हो जाएं सावधान क्योंकि अब राशन दुकानों में भी मिलावट के चावल मिलने लगे हैं। इसकी शिकायत कई उपभोक्ताओं ने राशन डीलरों सहित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से की है। कांके प्रखंड के जनवितरण प्रणाली की राशन दुकानों में उपभोक्ताओं को मिलावट के चावल दी जा रही है। इससे गरीब तबके के उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि यह चावल खाने लायक ही नहीं है। क्योंकि जितनी मात्रा में हम लोगों को चावल ले रहे हैं। उसमें से आधी मात्रा में चावल की किस्म का आर्टिफिशियल चावल या कोई दूसरी चावलनुमा चीज है। जिससे भात बनाने पर वह फुलकर फट जा रहा है। जो खाने लायक नहीं है। इससे पूरा खाना ही बर्बाद हो जा रहा है। कोई बीमारी ना हो जाये इस डर से उपभोक्ता चावल से बना भात नहीं खा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जो राशन इस बार जनवितरण दुकानों से चावल मिल रही है, उसमें भारी मिलावट है।

### हमें नहीं पता कि इसमें क्या मिलाया हुआ है: डीलर

**चावल को छटनी करने से ऐसा लगता है कि आधा चावल आर्टिफिशियल है, हालांकि यह जांच का विषय है। वही कई डीलरों से बात करने पर कहा कि कांके प्रखंड गोदाम से जो चावल हमें मिला है उसी बोरी का चावल हम कार्ड धारियों के बीच वितरण कर रहे हैं। हमें नहीं पता कि इसमें क्या मिलाया हुआ है। इस संबंध में अधिकारीगण ही कुछ बता सकते हैं। इस मामले को लेकर अधिकारियों से बात करने हेतु उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन अधिकारियों ने फोन ही नहीं उठाया। इस संबंध में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने अविलंब इस चावल के वितरण पर रोक लगाने की मांग सरकार से और उपायुक्त रांची से की है कहा है कि इस मामले की पूरी जांच पड़ताल कराई जाए। उसके बाद अच्छी गुणवत्ता का चावल उपभोक्ताओं के बीच वितरण किया जाये।**

## चेहल्लुम के मौके पर मेले का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना स्थित बुढ़मू रोड पर स्थित मलती पंचायत के दुमदुमिया टोंगरी में चेहल्लुम के मौके पर एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। सोमवार को बुढ़मू रोड पर दुमदुमिया टोंगरी मलती में एक दिवसीय चेहल्लुम मेले में मुस्लिम समाज के लोग ताजियो को करबला में लेकर पहुंचे। बता दें कि मुहर्रम के चालीसवें दिन चेहल्लुम का आयोजन किया जाता है, जिसमें इमाम हसन व हुसैन के नाम पर फातिहा दुआ आदि किया जाता है। इस दिन जुलूस व मेले आदि के आयोजन साथ ही खिलाड़ियों द्वारा करतब भी दिखलाया जाता है। इसी परंपरा के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को चेहल्लुम परंपरागत तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मेले में दुकानदारों ने खान-पान और खिलौने की दुकानें लगायी थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके में कर्बला कमेटी के अध्यक्ष जुमाउद्दीन अंसारी, सरपंच माशूक अली, महासचिव रबुल अंसारी, हसन अंसारी, समीम अंसारी सहित कर्बला कमेटी के लोग मौजूद रहे।

## एकल अभियान के तहत आचार्यो का प्रशिक्षण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक भवन बरवादाग में एकल अभियान के तहत संभाग दक्षिण झारखंड का दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने समाजिक विकास विषय पर प्रशिक्षुओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होने जैविक खाद के उपयोग, संस्कार शिक्षा,ग्राम विकास,सरकार की योजना आदि विषय विस्तृत रुप से बताया। प्रशिक्षण में अनगड़ा, ओरमांझी एवं बुढमू संच के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। अंचल अभियान प्रमुख हीरालाल महतो,संच प्रमुख सुकरा महतो, अनगड़ा संच के अध्यक्ष कामेश्वर महतो, पंचायत समिति सदस्य दिलीप बेदिया,जगेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, दुर्गा प्रसाद, सुनील महतो,पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## आरके एकेडमी में डांडिया नाइट का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के मद्देनजर मां तारा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आरके एकेडमी में रविवार की देर रात डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की डायरेक्टर रितु सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान में शामिल दर्जनों महिलाओं ने घंटो डांडिया नृत्य किया। वहीं, बच्चों ने भी पूरी रात डांडिया नृत्य किया। रितु सिन्हा ने बताया कि मां तारा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नवरात्रि पर हर वर्ष डांडिया नाइट का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से रितु सिन्हा, वैशाली, आरती, रिचा, अजय, बच्चे, महिलाएं सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## डीएसपी प्रवीण कुमार ने रातू में की छापेमारी, अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में तिलता बगीचा के पास अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रेक्टरों को जब्त कर लिया। छापेमारी देख दर्जन से अधिक ट्रेक्टर भाग खड़े हुये। पकड़े गये ट्रेक्टर में सोनालिका जेएच 01 बीपी-8078 महिंदा जेएच 01 सीएस-4295 सोनालिका जेएच 06 एन-2553 शामिल है। पुलिस सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नही है।

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** मां दुर्गा को समर्पित पवित्र शारदीय नवरात्र सोमवार को शुरू हुआ। इस अवसर पर हरिहरगंज व पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। घरों से लेकर पूजा पंडालों तक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना हुई और फिर नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ। इससे पहले निकली कलश यात्रा में बाजे गाजे के साथ काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे ।वही हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अधिकतर श्रद्धालु बटाने नदी से जल उठाव करते हैं ।इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के नवयुवक संघ समिति सरसोत के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई ।जिसमें अध्यक्ष अशुतोष कुमार सिंह, सचिव राजू राम, कोषाध्यक्ष शिव बैठा,पूर्व मुखिया पति सुरेश चौधरी, नागेन्द्र ठाकुर,सुरेन्द्र राम, जितेंद्र राम छोटु कुमार, अमर कुमार, गौरव कुमार, राजा कुमार, सुरेश कुमार सिंह,अनिश कुमार सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी,अभिशेख कुमार सिंह,सुनील कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह,भोला कुमार सिंह शामिल थे ।इस दौरान प्रखंड के ढाब बस स्टैंड स्थित जय भवानी संघ दुर्गा पूजा समिति ढाब के तत्वधान में श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा में भाग लिया ।जिसमे पूजा कमेटी के संरक्षक अर्जुन गुप्ता, मुखिया जितेंद्र पासवान, जीप प्रतिनिधि राजेश राम, अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, सचिव कमलेश यादव, कोषाध्यक्ष अनिल मेहता, सिकंदर मेहता, राजू मेहता, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रमोद मेहता, राजेंद्र यादव, उमेश मेहता, वीरेंद्र मेहता, डॉ बबन कुमार, अजय मेहता, आकाश कुमार, विवेक गुप्ता, कृष्णा मेहता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## शारदीय नवरात्र पर खड़गपुर गांव में निकली कलश यात्रा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर गांव में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिती ने गाजे-बाजे व जयघोष के साथ सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में महिला पुरुष व कन्याएं शीश पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुयी। कलश यात्रा पूजा पंडाल से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए गांव समीप बटाने नदी तट से जल भरकर श्रद्धालुओं ने पवित्र कलश पूजा पंडाल पर स्थापित किए। इसके साथ ही शारदीय नवरात्र का पाठ शुरू हो गया। इस मौके भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, मुखिया पति रवि रंजन कुमार ने कहा कि पूजा- पाठ करने से मन को शांति मिलती है ।कहा कि इस प्रकार के आयोजन होने से सुख शांति समृद्धि आती है। इस अवसर पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता, कोषाअध्यक्ष विलास साव, सचिव ब्रजेश मेहता, हरेंद्र मेहता, अखिलेश मेहता, शैलेंद्र राम ,अवधेश राम, शिवकुमार मेहता, गोपाल प्रसाद, शंभू यादव, मनोज मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, श्रोता रामध्यान मेहता, पुजारी पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल थें।

## भव्य जुलूस के साथ निकली कलश यात्रा



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत काजरू कला में सोमवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन भव्य जुलूस के साथ निकला कलश यात्रा.. इस कलश यात्रा में, गांव के सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में भगवा झंडा के साथ शामिल हुए. बताते चलें कि यह कलश यात्रा दुर्गा मंडप से गाजे -बाजे के साथ चलकर अमरावती एंव बाकी नदी के संगम पर पहुंचा . जहां पूजा अर्चना के बाद कलस में जल भरकर वापस दुर्गा मंडप तक लाया गया. इस कलश यात्रा में 151 लोगों ने कलस को उठाया. वही कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव रंजित ठाकुर ने किया, मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता,जवाहर पासवान, जगनारायण विश्वकर्मा,जय कुमार गुप्ता, बबन गुप्ता, राजेश्वर साहू, अजय राम, मल्लू प्रजापति, राजेश्वर राम, सहित सैकड़ों महिला पुरुष सामिल थे।

## पटेल नगर पूजा समिति ने दुर्गा उत्सव को लेकर निकाली शोभायात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ क्षेत्र में नवरात्र सह दुर्गा उत्सव की शुरूआत हो गयी है ।वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इसी क्रम में शहर के पटेल नगर कुर्मी टोला से कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाला गया ।जिसमे काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु जय श्री राम के जयघोष करते हुए दुर्गा मंदिर कुर्मिटोला से कलश उठाकर मधुशाला रोड,गांधी चौक होते हुए पूरा नगर का भ्रमण कर देवरी सोन नदी से विधिवत पूजार्चना के साथ आचार्य विजय मिश्रा ने जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। उसके बाद पुनः सभी लोग दूर्गा मण्डप पहुँचे जहाँ पर मुहल्ले के भाजपा नेता जयप्रकाश तिवारी उर्फ टिंकू तिवारी जी के सौजन्य से महाप्रसाद वितरण कराया गया ।मौके पर पूर्व विधायक संजय सिंह यादव,भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम,उषा देवी , दिनेश प्रसाद कश्यप ,आलोक नाथ केशरी,राकेश तिवारी,अनुज चौधरी मनोज शर्मा,राजकुमार कश्यप,सूर्यनाथ पासवान,अजित चौधरी,मंदीप चौधरी,पूजा कमिटी के अध्यक्ष अविनाश पटेल,उपाध्यक्ष शशि पटेल,सचिव धीरेंद्र पटेल,मुख्य यजमान सुधीर पटेल,अंगद पटेल,प्रवीण पटेल,मंजय चंदेल,प्रिंस पासवान समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सफाई कर्मी के बिना निगम अधूरा है इन्हें सम्मान मिलना चाहिए : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम में गत दिनों 6 दिनों से चल रहा कर्मियों का राज्यव्यापी हड़ताल के बीच महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं पार्षदों के पहल पर निगम कर्मियों की मेदिनीनगर निगम इकाई के अध्यक्ष संतोष कुमार एवं निगम कर्मियों ने हिंदुओं के महापर्व दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए बिना हड़ताल तोड़े श्रम सेवा कर पूरे शहर की सफाई का निर्णय लिया है। महापौर एवं उप महापौर ने कर्मियों के इस कदम की सराहना करते हुए झारखंड सरकार से मांग की है कि इन कर्मियों के मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूरा किया जाए। इन्हीं कर्मियों के बदौलत हम सब कोरोना में जब घर से बाहर निकलते समय डरते थे। उस वक्त भी हमारे शहर को इन्हीं सफाई कर्मियों के द्वारा बिना जान की परवाह किए सड़क, नालियों की सफाई से लेकर सैनिटाइजेशन जैसा कार्य किया जा रहा था और हम कोरोना की जंग को जीत पाए थे। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कोई भी निगम या निकाय सफाई कर्मी भाइयों एवं बहनों के बिना अधूरा है। इनका सम्मान होना चाहिए।

## महिला से दुष्कर्म करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** सोमवार को पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सतबरवा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में जो शनिवार को सामूहिक बलात्कार की जो घटना घटी थी उस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए सभी छः आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें चार बकोरिया क्षेत्र के ही है जबकि एक बालूमाथ थाना और एक कुडू थाना क्षेत्र का रहने वाला। उन्होंने बताया कि अनुसंधान करने पर यह पता चला कि यह एक सुनियोजित योजना नहीं थी भुक्तभोगी महिला का पति जब समझा-बुझाकर गाड़ी पर बैठाने की कोशिश कर रहा था तब आरोपियों को लगा कि इन लोग पति पत्नी नहीं है यह सोच कर आरोपियों ने इनको पकड़ा और इनसे आधार कार्ड मांगने लगे इसी बीच उनके मन में शैतान जाग गया और वे लोग महिला के पति और दो लोग जो साथ में थे उनके साथ मारपीट किया और महिला के साथ दुष्कर्म के घटना को अंजाम दिया।

## कृषि मंत्री से अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद ब्यापार मंडल कृष्णा बैठा ने झारखंड सरकार के कृषि मंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्र के किसानों की शत-प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की मांग की है। भेजे गए पत्र में ब्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा है कि इस वर्ष भयंकर सुखाड़ के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बिल्कुल दयनीय हो गई है ,लेकिन अभी तक पलामू जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है ,जिससे किसानों की चिंता बढ़ गयी है` रवि फसल लगाने का भी नक्षत्र आ गया है और सरकार के द्वारा घोषणा किया गया कि सुखाड़ को देखते हुए सभी किसानों को अनुदान दर पर चना, सरसो, मसूर, गेहूं,तीसी का बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा लेकिन अभी तक बीज प्राप्त होने की सूचना नही है ।इसलिए माननीय कृषि मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों के लिए एक सप्ताह के अंदर शत- प्रतिशत अनुदान पर रबी फसल के सभी बीज उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

## विश्व का कल्याण करती है शिव की शक्ति मां जगदंबा : बीके नीलम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन मे नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया ।मौके पर विश्वविद्यालय की प्रशिक्षिका बहन बीके नीलम ने नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि प्राचीन पौराणिक कथा है कि राक्षसों के असर से देवता जब काफी त्रस्त हो गए तो उन्होंने अपनी रक्षा के लिए शक्ति की आराधना करने लगे। फलस्वरुप शक्ति ने दुर्गा रूप में प्रकट होकर राक्षसों का विध्वंस किया और देवताओं के देवत्व की रक्षा की। देवताओं को सुरक्षित रखने के लिए यह देवी असुरों से सदैव संग्राम करती रहती थी। अतः इस देव असुर संग्राम का रूप देकर एक पूजा का रिवाज चलाया गया। तब से अनेक देवियों की पूजा का प्रचलन हिन्दू धर्म में प्रचलित हुआ। आज भी हिन्दू समाज में शक्ति के नौ रूपों की नौ दिनों तक पूजा चलती है जिसे 'नौ दुर्गे' या 'नवरात्रि' कहते है ।उन्होंने कहा कि नौ देवियों की आध्यात्मिक रहस्यों को धारण करना ही नवरात्रि पर्व मनाना है। वर्तमान समय स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा इस कलियुग के घोर अंधकार में माताओं कन्याओं द्वारा सभी को ज्ञान देकर फिर से स्वर्ग की स्थापना कर रहे हैं। परमात्मा द्वारा दिए गए इस ज्ञान को धारण कर अब हम ऐसी नवरात्रि मनायें जो अपने अंदर रावण अर्थात विकार है, वह खत्म हो जाये, मर जाये। यही है सच्चा दशहरा है। कार्यक्रम में बी.के धीरज, बी.के लल्लन भाई,बी.के रणधीर,बी.के मुकेश, आनंद किशोर, रामनरेश यादव, शोभा माता, बी.के रितिका, कुसुम माता, बी.के. पायल, रोहित, रोशन, अनु, मनोज भगत, पूनम, श्रेया, अदिती, सुनैना आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# कलश स्थापना के साथ 42वां रामचरित मानस परायण यज्ञ प्रारंभ

## मां की शक्ति से आयेगी क्षेत्र में खुशहाली : ओमप्रकाश अग्रवाल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के महावीर जी भवन परिसर में सोमवार को कलश स्थापना के साथ 42 वां रामचरितमानस परायण महायज्ञ की शुरूआत की गयी। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी ने किया ।मानस नगरी से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में कलश पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ की गयी। इसके पूर्व आयोजित इस महायज्ञ के ब्राह्मण पाठकर्ताओ सौरभ पांडेय उर्फ बाला जी, नवनीत रंजन मिश्रा, हिमांशु पांडेय, संजय पाठक, मधुकर मिश्रा, अमोद मिश्रा, शिवम पांडेय, रविंद्र मिश्रा, पियुष मिश्रा आदि को मुख्य अतिथि ओमप्रकाश अग्रवाल, सम्मानित अतिथि सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, डाकपाल अरबिंद ओझा, दिनेश प्रसाद कश्यप, डॉ मलय कुमार राय, देवेंद्र नाथ गुप्ता, सतेंद्र चंदेल, सुरेन्द्र पाल,समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल,कामख्या सिंह आदि ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा की शारदीय नवरात्र पर सभी लोग माँ दुर्गा की आराधना में जुट गए है। हर क्षेत्र में माँ का जयकारा शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि माँ की शक्ति से ही घर व क्षेत्र में खुशहाली आयेगी।आचार्य जी ने महायज्ञ की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये महायज्ञ में तन मन धन से सहयोग की सराहना की। मौके पर मुख्य रूप से यजमान संतोष कुमार व उनकी धर्मपत्नी रिंकी देवी, महावीर मन्दिर के पुजारी गोपाल पाठक,दीनानाथ सोनी,राकेश तिवारी, सूरज गुप्ता, उदय सोनी, सुबोध कश्यप, राजेश सिंह, मनीष कल्लू ठाकुर, अजय प्रसाद गुप्ता, छोटेलाल केसरी, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, शंकर गुप्ता, पप्पू आदि समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## नव युवक संघ ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के डंडिला खुर्द में भव्य कलश शोभा यात्रा नव युवक संघ द्वारा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत पूजा पंडाल से हुई। जहां श्रद्धालु शर पर कलश लेकर नंगे पांव भेलवा नदी तट गए जहां कलश में जल भरकर वापस पंडाल पहुंचे और वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र पूजन शुरू हो गया। कलश शोभा यात्रा में संघ के महासंरक्षक नंदलाल शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, शुशील शुक्ला, राजेश शुक्ला, संरक्षक अरविंद शुक्ला, राशबिहारी शुक्ला, लालबाबू शुक्ला, चंचल शुक्ला, शीतल शुक्ला, संजय शुक्ला, अध्यक्ष विकाश शुक्ला, सचिव शशिकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिनेश शुक्ला,पवन शुक्ला, दीपक शुक्ला, उप सचिव रंजित शुक्ला, प्रभात रंजन दुबे, संगठन मंत्री पुनीत शुक्ला, प्रवीन शुक्ला, चंदा प्रभारी पप्पू दुबे, मिथलेश चौबे, ऋषि शुक्ला, निखिल शुक्ला, नीरज शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, सोनू शुक्ला, धीरज शुक्ला, लाला तिवारी, अरविंद शुक्ला मुखिया सहित कई गणमान्य लोग तथा संघ के सदस्य शामिल थे।

## पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर बैठक, निकाला मशाल जुलूस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू को अकाल घोषित कर अविलंब राहत कार्य चलाने समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले आंदोलन चल रहा है। 21 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन के बाद एटक के राज्य सचिव राजीव कुमार के नेतृत्व में हरि मुसहर, रानी मुसहरीन, हिंदू मुंडा, वेरोनिका, अनिल उरांव, शिव सिंह खरवार, राजेश मांझी और शकुंतला देवी समाहरणालय परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे है। सोमवार को भूख हड़ताल के छठे दिन भी प्रशासन ने सुधि नहीं ली, न ही अब तक प्रशासनिक स्तर आमरण अनशन को तुड़वाने की कोई पहल की गयी। जिला प्रशासन के उदासीन रवैया के खिलाफ और आंदोलनकारियों के मांगो के समर्थन में सोमवार की शाम विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक व जन संगठन के लोगों ने मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अविलंब अनशनकारियों से वार्ता कर भूख हड़ताल समाप्त कराने की अपील की। बता दें कि दिहाड़ी मजदूर यूनियन के प्रमुख मांगो में पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने, बेघर मुसहर परिवारों को जमीन देकर उन्हें बसाने, आदिवासियों को वन पट्टा देने और दलितों की छीनी जा रही जमीन पर उनका कब्जा दिलाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। जिसको लेकर एटक के राज्य सचिव के नेतृत्व में नौ आंदोलनकारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। मशाल जुलूस का नेतृत्व इप्टा के शैलेन्द्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, दिहाड़ी मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार, भाकपा माले के रविन्द्र भुइयां, जेनरल मजदूर यूनियन के सरफराज आलम झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक शत्रुघ्न कुमार शत्रु, तंजीमुल अंसार कमिटी के सदर अशफाक अहमद, सचिव नसीम अहमद, एससी एसटी माइनॉरिटी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रवि पाल, इप्टा के प्रेम प्रकाश, संजीव ठाकुर कर रहे थे। मौके पर रसोइया संघ की अनीता देवी, किसान सभा के केडी सिंह, आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ, मो दानिश, सेराज अहमद, पूर्व जिला परिषद सदस्य निर्मला कुमारी,शशि पांडे,निरमल मुसहर, मछली मुसहर, अफजल अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। मंगलवार को पलामू के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व जन संगठन के लोग सड़क पर उतर कर समाहरणालय का गेट जाम करने की बात कही है।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम कुल 268 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि इंग्लैंड भारत से 7 अंक कम है

# आइसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार भारतीय टीम



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में 2-1 से मिली जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्री टीम रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार है। सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली के अर्धशतकों की बदौलत भारतीय टीम ने रविवार को हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और श्रृंखला-निर्णायक मैच में ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर तक चले मुकाबले में 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। भारतीय टीम कुल 268 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि इंग्लैंड भारत से 7 अंक कम 261 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। पाकिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला के चौथे मैच में इंग्लैंड की 3 रन से हार के कारण भारतीय टीम को फायदा हुआ। पाकिस्तान इस समय दक्षिण अफ्रीका के साथ टीम रैंकिंग में 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ शेष मैच तीन जीतकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है। फिलहाल सात मैचों की टी-20 श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। इंग्लैंड अगर इनमें से कोई एक भी मैच जीत लेता है तो वह रैंकिंग में दूसरा स्थान बनाए रखेगा। न्यूजीलैंड टी-20 टीम रैंकिंग में कुल 252 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बना हुआ है, केन विलियमसन की टीम टी20 विश्व कप की शुरूआत से ठीक पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। ऑस्ट्रेलिया भारत से अपनी श्रृंखला हार के बाद 250 अंकों के साथ छठे स्थान पर काबिज है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी भी वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप से पहले श्रृंखला खेलनी है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### दुर्गा पूजा तक सरकारी अधिकारियों की छुट्टी पर रोक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण उनकी छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। पांच अक्तूबर तक छुट्टी लेने और मुख्यालय छोड़ने पर रोक रहेगी। डीसी संदीप सिंह ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों की जरूरत विधि-व्यस्था बनाने रखने के लिए लगाई गई ड्यूटी में पड़ेगी। ऐसे में छुट्टियों पर रोक रहेगी। जरूरत पड़ने पर डीसी की पूवार्नुमति से ही छुट्टी मिलेगी और मुख्यालय छोड़ने का आदेश भई मिलेगा। यह आदेश विजया दशमी तक के लिए जारी रहेगा। डीसी ने अपने अधीनस्थ सभी विभागों के प्रभारी पदाधिकारियों को इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया है।

### बीआरएल डीएवी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन इंडिया (रांची कार्यालय) के तत्वावधान में विज्ञान व गणित विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्रभारी प्राचार्य आरके सिंह ने सम्मानित किया। विदित हो कि यह परीक्षा विद्यालय स्तर पर शुक्रवार को आयोजित हुई थी। जिसमें कक्षा छठी से 10वीं तक के 470 बच्चों ने भाग लिया था। इसमें कक्षा छह से प्रथम रेहान अर्श, द्वितीय उत्कर्ष कुमार गिरी और तृतीय शैजू कुमार रहे। जबकि कक्षा सातवीं से प्रथम प्रियांशु साहिन, द्वितीय साक्षी यादव तथा तृतीय विश्वजीत कुमार रहे। कक्षा आठवीं से प्रथमशगुन राज, द्वितीय अर्जुन कुमार महतो और तृतीय पायल कुमारी व नौवीं से प्रथम शिवम कुमार, द्वितीय आकाश सिंह व तृतीय निशिका रानी रहीं। जबकि कक्षा 10वीं से प्रथम सुजल राज, द्वितीय शौर्य प्रताप सिंह और तृतीय गुरदीप कुमार को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य आरके सिंह ने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का है। हर क्षेत्र में आप सभी को प्रतियोगिता का सामना करना पड़ेगा। अगर प्रत्येक परीक्षा की तैयारी इसे ध्यान में रखकर की जाए, तो निश्चित रूप से सफलता कदम चूमेगी। इस मौके पर एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन इंडिया रांची कार्यालय के मैनेजर वैभव विवेक एवं असिस्टेंट मैनेजर संदीप कुमार भरती आदि उपस्थित थे।

### तेनुघाट व ललपनिया में निकली भव्य कलश यात्रा



**तेनुघाट/ललपनिया (आजाद सिपाही)।** एफ टाईप चौक स्थित दुर्गा मंडप से सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्र एफ टाईप से निकल कर तेनुघाट ई टाइप नहर से बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर तेनुघाट मार्केट, बिरसा चौक, पुलिस लाइन दुर्गा होते हुए वापस मंडप पहुंचा। एक भक्त ने बताया कि इस मंडप में 1967 से पूजा होता आ रहा है। मान्यता है कि जो कोई सच्चे मन से कुछ भी मांगता है उसकी मनोकामना पूरी हो जाती है। इस मौके पर हरिशंकर प्रसाद, शुभम श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, संतोष श्रीवास्तव, दीपक यादव, चंदू कुमार, पांडु साह, भोला साह, प्रशांत पाल, बम्बी कुमार, गोपाली कुमार, बॉबी कुमार, शशि शंकर, अरबिंद कुमार आदि मौजूद थे। दूसरी ओर,कलश स्थापन के साथ सोमवार से नवरात्र पूजा शुरू हो गयी। गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में दुर्गा पूजा वैदिक मंच्चोरण एवं सप्तदशी पाठ से गुंजायमान होगा। इस साल श्री श्री दुर्गा पूजासमिति झारखण्ड बाजार तुलबुल में कलश यात्रा साथ शारदीय नवरात्र पूजा शुरू हुआ।इसे लेकर प्रखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के बाजारों में पूजन सामाग्री एवं फलों की जमकर खरीददारी हुई। होसिर-साड़म गोमिया, चतरोचट्टी, कोदवाटांड़, ललपनिया, महुआटांड़ व तुलबुल आदि दुर्गा मंदिर क्षेत्र के लोगों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा कार्यक्रम में तुलबुल पंचायत के मुखिया ममता देवी, पूजा समिति तुलबुल अध्यक्ष महादेव प्रजापति, सचिव रघुनाथ प्रजापति, मुकेश सोरेन फिकरु साव, अनिल कुमारी आदि थे।

## कार्रवाई : भेजा गया जेल, अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोप में फरार पति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र स्थित महुदा मोड़ में बीते दिनों 24 वर्षीय एक विवाहित महिला की दहेज के लिए हत्या कर दिए जाने के आरोप में पुलिस ने फरार पति दीपू यादव को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, ससुराल पक्ष के अन्य फरार आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने सोमवार को आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गौरतलब हो कि मृतिका की मां हेमा देवी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी कि तीन साल पहले उसने अपनी बेटी उमा कुमारी की शादी दीपू से की थी। पर ससुराल वाले शादी के कुछ समय बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इस बीच उमा ने जो माह पहले ही बच्ची को जन्म दिया। इसके बावजूद प्रताड़ना कम नहीं हुई थी और बीते दिनों दीपू ने उसकी बेटी की हत्या कर दी। उधर, महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित दीपू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही बाकि के फरार चार आरोपितों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मृतका की मां की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी पति दीु को गिरफ्तार किया गया। जबकि बाकियों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल ले जाती पुलिस।

## दुखद घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए योजनाबद्ध तरीके से हो रहा कामः सीएमडी

**शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई गजलीटांड़ खान हादसे की 27वीं बरसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल गजलीटांड़ खान हादसे की 27वीं बरसी सोमवार को शहीद स्मारक पर एक सादे समारोह का आयोजन कर मनाया गया। इस मौके पर स्नेह स्मृति उपवन में पौधारोपण किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में शहीद श्रमिक के परिजन सहित बीसीसीएल के आला अधिकारी, जन प्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इसमें बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डीटी संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक मुख्यालय पीके दूबे, कतरास क्षेत्र के जीएम एके सिंह, एजीएम सुधाकर प्रसाद, एपीएम सुरेंद्र भूषण, पीओ मोहन मुरारी, सौरभ सिंह, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, बिजखामस के रणविजय सिंह, मासस नेता हलधर महतो, राकोमयू के महामंत्री एके झा, कांग्रेस नेता शकील अहमद, भोला राम, जियाउल हक, मनोज सिंह, सिमेवा के महामंत्री सुरेंद्र सिंह, इनमोसा के महामंत्री रमेश विश्वकर्मा, रामाकांत उपाध्याय, श्रीभगवान सिंह, ठाकुर महतो, सच्चिदानंद सिंह, विनोद सिंह, मो ऐनुल हक, कामदेव महतो, पूर्व पार्षद छोटू सिंह, हरेंद्र सिंह, हुलास यादव, शंकर चौहान, नवनीत सिंह, विनय वर्मा, महेश पासवान, विनय पासवान, विपीन राय, रामचन्द्र पासवान, राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, संतोष गिरी और बाल्मिकी यादव आदि थे।

### 64 कर्मियों की शहादत भुलायी नहीं जा सकती

गौरतलब हो की 25 सितंबर की रात भारी बारिश के कारण कतरी नदी का पानी खदान में प्रवेश कर गया था। जिससे 64 श्रमिको की जलसमाधि खदान के अंदर ही हो गयी थी। किसी को भी बचाया नहीं जा सका था। शहीद श्रमिको को श्रद्धजलि देने पहुंचे बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने कहा कि 64 श्रमिकों की शहादत को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। सुरक्षा को लेकर हमलोग विशेष रूप से सर्तक रहते हैं। भविष्य में घटना की पुनरावृति ना हो इसके लिए लगातार योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अवैध उत्खनन के सवाल पर कहा कि काफी इस मामले पर गंभीरता से से कार्य किया जा रहा। बहुत हद तक काबू पाया गया है। सभी क्षेत्रों के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अवैध उत्खनन स्थल की तुरंत भराई करायें।

### झरिया में मनायी गयी अग्रोहा नरेश अग्रसेन जी महाराज की 5146वीं जयंती



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया कोयलाअंचल में अग्रोहा नरेश अग्रसेन महाराज की 5146वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम झरिया स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित हुई। जहां स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश देवरालिया ने विधि-विधान पूर्वक महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना करपुष्पांजलि अर्पित की. अपने संबोधन में मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन महामानव थे। उनके राज्य में सामाजिक समरसता अद्भुत समन्वय था। आज से करीब पांच हजार वर्ष पूर्व जिस समाजवाद की परिकल्पना महाराजा अग्रसेन ने की थी वह साकार हुआ है। वही संयुक्त सचिव विनोद अग्रवाल संजय झुनझुनवाला ने कहा कि आज उसे आधारभूत जामा पहनाया जाए तो संपूर्ण विश्व में गरीबी नाम की चीज नहीं रहेगी।

## राजा तालाब जनता को समर्पितः पूर्णिमा



**झरिया विधायक ने किया ऐतिहासिक राजा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पिछले कई वर्षो से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा झरिया का ऐतिहासिक राजा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सोमवार को विधिवत पूजन कर झरिया के इस ऐतिहासिक धरोहर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में तालाब में तीन तरफ से घाट निर्माण, तालाब की सफाई, घाट के पास व पानी में पत्थर लगाए गए। साथ ही तालाब की चारदीवारी का निर्माण कराया गया। आज से यह तालाब झरिया की जनता को समर्पित है जो हमेशा से राजनीति का मुद्दा रहा है। वहीं दूसरे चरण में स्विच ट्रीटमेंट प्लांट लगाना है, ताकि पानी पूरी तरह से साफ रह सके। झरिया विधायक ने बताया कि अभी जो कुछ काम बचा हुआ है उसे भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर केडी पांडे, विक्रमा सिंह यादव, सूरज सिंह, सुभाष ठाकुर, अशोक यादव, वीरेंद्र सिंह, कांग्रेस के झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव आदि मौजूद थे। गौरतलब हो कि राजा तालाब का विधिवत शिलान्यास सांसद पीएन सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने 11 जून 2021 को किया था। उक्त योजना के तहत राजा तालाब के तीन तरफ बोल्डर पिचिंग कर छठ घाट का निर्माण, घाटों पर पत्थर लगाने, तालाब के पूर्वी छोर पर पानी निकासी के लिए कलवर्ट निर्माण आदि शामिल है।

### आधुनिक बांग्लाभाषा के जनक थे ईश्वरचंद : बेंगू ठाकुर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बांग्लाभाषा उन्नयन समिति ने सोमवार को माझेरपाड़ा दुर्गा मंदिर में ईश्वरचंद्र विद्यासागर की 202वीं जयंती मनाई। सबसे पहले सभई सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जयंती के अवसर पर समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ईश्वरचंद्र का जन्म 26 सितंबर 1820 को बंगाल के मेदिनीपुर जिले में एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह स्वतंत्रता सेनानी भी थे। उनको गरीब और दलितों का संरक्षक माना जाता। उन्होंने नारी शिक्षा और विधवा विवाह कानून के लिए आवाज उठाई और अपने कार्यों के लिए समाज सुधारक के तौर पर पहचाने जाने लगे। लेकिन उनका कद इससे कई गुना बड़ा था। उन्हें बंगाल के स्तंभों में से एक माना जाता है। उनके बचपन का नाम ईश्वरचंद्र बंधोपाध्याय का सांस्कृतिक भाषा और दर्शन में अगाध ज्ञान होने के कारण विद्यार्थी जीवन में ही संस्कृत कॉलेज ने उन्हें विद्यासागर की उपाधि प्रदान की थी। इसी कारण उनका नाम ईश्वरचंद्र विद्यासागर हो गया था। उन्होंने सांस्कृतिक कॉलेज में आधुनिक पश्चिमी विचारों का अध्ययन आरंभ कराया था। विधवा पूर्ण विवाह को कानूनी वैधता प्रदान करने वाले अधिनियम को पारित करने वाले में से एक नाम उनका भी था। उन्होंने बांग्ला भाषा के विकास में भी योगदान दिया था और इसी कारण उन्हें आधुनिक बंगाली भाषा का जनक भी माना जाता है। इस मौके पर बादल सरकार, टनी बनर्जी, राणा चट्टराज, कल्याण भट्टाचार्जी, कल्याण राय, जॉय दास, सुशोभन चक्रवर्ती, शिबू चक्रवर्ती, राजू राय, टूबाई बनर्जी, अमिताभ बनर्जी, अमित मंडल और निमाई लायक आदि उपस्थित थे।

### धनबाद के भुइफोड़ में सैनिक कल्याण भंडार का उद्घाटन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद गोविंदपुर मार्ग स्थित भुइफोड़ मंदिर आपनो घर के समक्ष सोमवार को सैनिक कल्याण भंडार का उद्घाटन हुआ। सैनिक कल्याण भंडार के सीईओ रणजीत चौधरी ने बताया कि देश में दिल्ली के बाद यहां सबसे बड़ा सैनिक कल्याण भंडार खुला है। मॉल का उद्घाटन आशुतोष ने किया। कहा कि उक्त मॉल में किफायदी दर पर सामान मिलेंगें।

## जनता के दिलों में आज भी जीवित हैं शहीद राजू यादव के विचारः उमाकांत

**श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गयी शहीद राजू यादव की 31वीं पुण्यतिथि, आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** क्रांति के प्रतीक, सामाजिक न्याय के पुरोधा सह जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति धनबाद के पूर्व उपाध्यक्ष शहीद राजू यादव की 31वीं पुण्यतिथि सोमवार को पूजा टॉकिज के निकट शहीद राजू यादव चौक पर मनाई गई। इस दौरान स्मारक समीति की ओर से श्रद्धांजलि सभा व सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबो देवी एवं मंच संचालन जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने किया। इस मौके पर शहीद राजू यादव की आदमकद प्रतिमा पर सबसे पहले उनकी पत्नी व पूर्व मंत्री आबो देवी, बेटे संजय कुमार, आजसू के केंद्रीय सचिव अवधेश कुमार, सुमेश कुमार, बेटी गायत्री कुमारी, आरती कुमारी, पौत्र संदेश कुमार एवं तीनों बहुओं के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि राजू यादव की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर माफिया ने सुनियोजित साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी थी। सामाजिक न्याय के लिए दुर्दांत अपराधियों से लड़ते हुए अपने प्राण की आहूति दे दी। राजू यादव आज भी यहां की जनता के हृदय में जिंदा हैं।

### नेता जी ने क्रांति की ज्वाला जलाए रखी : आबो देवी

पूर्व मंत्री व पत्नी आबो देवी ने कहा कि धनबाद में नेता जी राजू यादव ने अन्याय, महाजनी प्रथा, नशाखोरी एवं उच्च-नीच के विरूद्ध क्रांति की ज्वाला हमेशा अपने हृदय में जलाये रखा। वहीं आजसू के केंद्रीय सचिव शहीद राजू यादव के बेटे अवधेश कुमार ने कहा कि उनके पिता निजी एवं सार्वजनिक जीवन में आचरण के उच्च मापदंड को स्थापित किए। वहीं, आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि समाज के प्रति राजू यादव का अतुलनीय योगदान है। वे युवाओ के लिए प्रेरणा स्रोत है। दूसरी ओर, सभा में राजू यादव को शहीद का दर्जा एवं न्यायोचित सम्मान दिलाने सहित 11 सूत्री प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। जिसमें गिरिडीह लोकसभा के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुन्दर प्रसाद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो जदयू अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, उदय शर्मा, मासस के केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू, यादव महासभा के अध्यक्ष आर एन यादव, राजद के अध्यक्ष चन्द्रदेव यादव, चतरा राजद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, गुड्डू सियाराम यादव, भूटका यादव, जेपी यादव, बंसत यादव, काशी यादव, कामेश्वर सिंह, शिव बालक पासवान, देवेन्द्र यादव, रामाशीष यादव, रामबाबू यादव, विनोद यादव, श्रीमंत बाउरी, डॉ वीरेंद्र कुमार, गया यादव, मन्नान, राजेद्र प्रसाद, रवि सम्राट, राकेश रंजन, चुन्ना, मनोज सिंधु, रामानन्द प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मां दुर्गा के दर्शन से वंचित मंडल बाबू नामक सीएमइ ने शुरू करायी थी पूजा

# अंग्रेजों के जमाने से लोयाबाद में हो रही दुर्गा पूजा, एक पैर पर महाआरती रहता है आकर्षण का केंद्र

कुणाल चौरसिया

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** ढाक की थाप व महाआरती के बीच करीब 100 वर्षों से मां दुर्गा की पूजा करने की परंपरा चली आ रही है। पूजा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति बनाने का काम जारी है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन का काम जारी है।

लोयाबाद में दुर्गा पूजा पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है। लोयाबाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। तब भारत में अंग्रेजों का राज था। लोयाबाद में बड्र्स कंपनी द्वारा कोयला उत्खनन का कार्य किया जाता था। उस वक्त मंडल बाबू नामक सीएमई (चीफ माईनिंग इंजीनियर) लोयाबाद में कंपनी का कार्यभार संभालते थे। चूंकि लोयाबाद में सार्वजनिक दुगार्पूजा नहीं होती थी तो मंडल बाबू दुगार्पूजा देखने झरिया राजबाड़ी पहुंचे थे। वहां इतनी भीड़ थी कि मंडल बाबू पूजा नहीं देख पाए और उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। लोयाबाद पहुंच कर उन्होंने खुद दुगार्पूजा मनाने का विचार किया। इससे सभी कर्मियों के समक्ष उठाया और सभी ने मिलकर लोयाबाद में दुगार्पूजा मनानें का निर्णय लिया। उसके बाद सभी के सहयोग से लोयाबाद दुर्गा मंदिर में दुगार्पूजा की शुरूआत हुई। तब से से लेकर आज तक लोयाबाद में दुगार्पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है।



लोयाबाद में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना से पहले चल रही सजावट की तैयारी।

### ढाक की थाप पर होती है महाआरती

लोयाबाद दुर्गा मंदिर में दुगार्पूजा की आरती का विषेश महत्व है। पहले दुगार्पुर से पंडित जगत ज्योति भट्टाचार्य आरती के लिए दुर्गा मंदिर आते थे। पिछले 45 सालों से पंडित अम्ल कृष्ण भट्टाचार्य द्वारा पूजा पाठ किया जा रहा है। ढाक-बाजों की थाप पर पुजारी अम्ल कृष्ण भट्टाचार्य द्वारा जलते दीप को अपने हाथ में लिए एक पैर पर नृत्य करते हुए करीब एक घंटे तक मां दुर्गा की महाआरती की जाती है। जिसे देख श्रद्धालु अचंभित रह जाते है।

**जयप्रकाश पांडेय :** लोयाबाद में दुगार्पूजा अंग्रेजो के जमाने से मनाई जा रही है। लोयाबाद में कोलियरी बंद होने के बावजूद लोयाबाद में दुगार्पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। बीसीसीएल कर्मियो का भी भरपूर सहयोग मिलता है ।

**बिरेंद्र पासवान :** लोयाबाद दुर्गा पूजा समिति के सचिव बिजेन्द्र पासवान कहते हैं कि लोयाबाद में सब मिल जुल कर दुगार्पूजा मनाते है। सबका सहयोग सराहनीय है।

**असलम मंसूरी :** लोयाबाद में दुगार्पूजा पर सब मिल जुल कर पूजा आयोजित करते है। दुगार्पूजा में भव्य मेले का आयोजन भी किया गया है ।

**रवि चौबे :** लोयाबाद में हिंदू-मुस्लिम मिलकर त्योहार मनाते है। मंदिर में पूजा के लिए भक्तो की भीड़ लगी रहती है।

### स्कूल में बच्चों के मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत बाराडीह पंचायत के बोदरो तिलैया टांड उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों को मध्यान भोजन में गड़बड़ी पाए जाने व प्रबंधक समिति की लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। मध्यान भोजन में सुधार लाने को कहा। आरोप लगाया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मध्यान भोजन (चावल) में कीड़ा दिखाते हुए खाने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह खाना बकरी को दिया गया। बच्चों ने कहा कि यहां के अध्यक्ष और संयोजिका हम सभी को खाने में तीन माह से अंडा नहीं दे रहे हैं। जब बच्चे शिकायत करते हैं तो रसोइय कहता है कि जहां शिकायत करनी है कर दो पर किसी को भी अंडा नहीं मिलेगा। यही नहीं, बच्चों ने पर्याप्त मात्रा में दाल और सब्जी भी नहीं देने की शिकायत की। इस पर बच्चों ने पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क किया। उसके बाद भी इस पर कुछ नहीं हो पाया। एसएमसी के अध्यक्ष, संयोजिका एवं सचिव सह प्रधानाध्यापिका से मिलकर अभिभावकों ने बच्चों की शिकायत पर आवश्यक कार्यवाई करने की मांग की।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंगुल, ढेंकनाल में रेल परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को रेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अंगुल और ढेंकनाल में लागू की जा रही विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा के अवसर पर यह जानकारी दी की तालचेर अंगुल और ढेंकनाल होते हुए जल्द ही संबलपुर से कोलकाता के लिए नयी ट्रेन चलायी जायेगी।

केंद्र मंत्री श्री प्रधान ने पूर्व तट रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भुवनेश्वर मंचेश्वर स्टेशन से ट्रेन के विशेष कोच में अंगुल और ढेंकनाल जिलों का दौरा किया। उन्होंने तालचेर रोड, अंगुल, एमसीएल के बलराम साइट, तालचेर सुनाखनि, बुढापंक, मेरामुंडली, हिंदोल रोड, सदाशिबपुर रेलवे स्टेशन का दौरा किया और रेलवे अधिकारियों से विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। श्री प्रधान ने स्टेशनों पर काम में तेजी लाने के लिए रेलवे अधिकारियों से चर्चा की और सभी स्टेशनों पर स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की और उनसे बातचीत की।

इस अवसर के दौरान श्री प्रधान ने कहा कि अंगुल से कोलकता के लिए सीधी ट्रेन चलाने की जिले के लोगों की लंबे समय से मांग थी। इसे मोदी सरकार ने स्वीकृति दिये। जल्द ही एक नयी ट्रेन संबलपुर से कोलकता के लिए अंगुल, तालचेर और ढेंकनाल होते हुए चलेगी। श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अंगुल और ढेंकनाल के बीच नयी रेलवे चलाने की जिम्मेदारी लेने के लिए जिले के लोगों को पूजा उपहार देने के लिए धन्यवाद दिया।

श्री प्रधान ने कहा कि भारत सरकार के रेल विभाग की ओर से 2.500 करोड़ रुपये की रेल परियोजना का कार्य किया जा रहा है। रेलवे विभाग अंगुल के प्रयुक्त औद्योगिक क्षेत्रों में कोयले जैसे माल के परिवहन को प्राथमिकता देता है। तालचेर, तालचेर रोड, अंगुल, ढेंकनाल, इन चारों रेलवे स्टेशनों को बहाल किया जा रहा है और कई स्टेशनों पर रेलवे लाइन तीसरी लाइन चौथी लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। तालचेर से अंगुल तक एक यात्री और दो माल ढुलाई रेल लाइन का काम जल्द पूरा कर लिया जायेगा। रेल विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से तालचेर से अंगुल वाया एफसीआइ और नालको यात्री रेलवे लाइन का काम अगले नवंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। अंगुल और ढेंकनाल में लागू की जा रही रेलवे परियोजनाओं से स्थानीय नागरिकों और यात्रियों को विशेष रूप से लाभ होगा।

उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार औद्योगिक समृद्ध क्षेत्र अंगुल और तालचेर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रेलवे क्षेत्र में भारी वित्तीय अनुदान और अन्य सहायता प्रदान कर रही है। मोदी सरकार रेल से यात्री और माल ढुलाई को सबसे ज्यादा महत्व दे रही है। इसके अलावा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दायित्व लेने के बाद अंगुल जैसे खनन क्षेत्रों के विकास के लिए जिला खनिज कोष (डीएमएफ) की व्यवस्था की है। मोदी सरकार की व्यवस्था से इस जिले को डीएमएफ में सालाना 350 करोड़ रुपए मिल रहे हैं।

तालचेर की अधिष्ठात्री देवी मां हिंगुला मंदिर के उन्नति के लिए एमसीएल ने 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी है। तालचेर, गोपालगड और कनिहा मार्ग पर सार्वजनिक परिवहन और कोयला परिवहन के लिए अलग सड़क बनाने की भी योजना बनायी जायेगी। इस यात्रा के दौरान अंगुल और ढेंकनाल में विभिन्न स्थानों पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब का नवरात्र डांडिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर / रांची।** नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव चल रहे उत्सवों में जोड़ते हुए, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सदस्यों के लिए नवरात्रि दनिया का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महुआ मजूमदार, अध्यक्ष, एसएलसी के साथ वरिष्ठ समिति सदस्य, समिति के सदस्य और सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा और देवी दुर्गा की पूजा के साथ हुई। इस अवसर पर श्रीमती मजूमदार ने सभी सदस्यों को आगामी पूजा उत्सव के लिए शुभकामनाएं और समृद्धि की बधाई दी। इसके बाद डांडिया रात्रि नृत्य कार्यक्रम हुआ। सदस्यों ने अपने पारंपरिक रंगीन पोशाक में देखा, उत्सव के मूड का आनंद लिया और डांडिया खेला। आयोजन को विशेष बनाने के लिए, साड़ी सजावट आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि के कुलपति के रूप में प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने सोमवार को सुनाबेड़ा, कोरापुट में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रधानाचार्य ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के नियम 2(1) के तहत प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी को कुलपति पदने नियुक्त किया है। 13 सितंबर 2022 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त एक अधिसूचना में कहा गया है कि प्रोफेसर त्रिपाठी सत्तर साल या पांच साल की उम्र तक स्थायी कुलपति के रूप में पद पर रहेंगे। 28 जुलाई 2021 को, उन्होंने प्रभारी प्रो एसके पलिता से पदभार ग्रहण किया।

कुलपति के रूप में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले प्रो त्रिपाठी हिंदी विभाग, विश्व भारती, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में एक वरिष्ठ प्रोफेसर थे। उनकी विशेषता मध्यकालीन और आधुनिक हिंदी कविता है। 1960 में क्योंझर जिले के हाटडीही प्रखंड के अंतर्गत जगन्नाथपुर, बसंतिया, मारीगांव में जन्मे प्रो. त्रिपाठी बिस्वा भारती ने हिन्दी में पीएचडी डीओएएमए और यूटा विश्वविद्यालय से स्नातक किया। उन्होंने कबीर की भक्ति, सियाराम तिवारीः व्यक्तित्व और रचनात्मकता, नई कविताका प्रतिपद्य, चिंतामणि सविवान, कृष्ण चंद्र की प्रजात कहानी, स्वाति पटम भारत (बंगाली संस्करण) सहित छह से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की हैं। उन्होंने 4 संपादित पुस्तकें और 5 अनुवादित पुस्तकें प्रकाशित की हैं। उनके कई शोध विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं उनके अधीन 17 से अधिक विद्वानों ने शोध परियोजनाएं पूरी की हैं। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने दी है।

# बीजेपी के नये अध्यक्ष के लिए नहीं होगा चुनाव, जेपी नड्डा को मिलेगा एक्सटेंशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को विस्तार मिलने जा रहा है। उनका कार्यकाल लोकसभा चुनाव 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। भाजपा के संविधान के मुताबिक, अध्यक्ष पद पर तीन साल के लिए नियुक्ति होती है। जेपी नड्डा के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चर्चा थी कि नड्डा ही आगे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जेपी नड्डा को अप्रैल-मई 2024 तक के लिए एक्सटेंशन मिल सकता है। यानी लोकसभा चुनाव तक जेपी नड्डा ही पार्टी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। अभी फिलहाल बीजेपी के नए अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं होगा। लोकसभा चुनाव और कुछ महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर फैसला लिया गया है।

बता दें कि नड्डा का तीन साल का कार्यकाल 20 जनवरी 2023 को समाप्त हो रहा है। उन्हें जुलाई 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और 20 जनवरी 2020 को उन्होंने पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर पार्टी की कमान संभाली थी। उनका चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

**लगातार दो कार्यकाल मिलने का प्रावधान :** बीजेपी के संविधान के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष को तीन-तीन साल के लगातार दो कार्यकाल मिल सकते हैं। इसी तरह ये भी प्रावधान है कि कम से कम 50 प्रतिशत राज्य इकाइयों में संगठन चुनाव होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया अगस्त से शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हो सकी।

# किट ने आकांक्षा कबी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने किट छात्र आकांक्षा कबी को सम्मानित किया, जिन्हें 24 सितंबर को वर्ष 2020-21 के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार शनिवार को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में प्रदान किया गया। कबी को सम्मानित करते हुए डॉ सामंत ने कहा यह सम्मान किट संस्थानों के समूह के लिए गर्व का क्षण था। आकांक्षा कबी के अलावा ओडिशा के तीन अन्य स्वयंसेवकों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार तीन अलग-अलग श्रेणियों के तहत प्रदान किये गये।

# रूस के स्कूल में फायरिंग 7 स्टूडेंट्स समेत 13 की मौत

**मॉस्को।** रूस के इझेवस्क शहर के एक स्कूल में सोमवार को एक बंदूकधारी ने फायरिंग की। घटना में 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 घायल हैं। मारे गये लोगों में 7 स्टूडेंट्स हैं। इसके अलावा दो स्कूल टीचर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स भी मारे गये है।

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT IMPLANT FIXED TEETH
COMPLETE DENTURE ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL
7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat
Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
SALE
ONLY 2 DAYS LEFT
SUNDAY OPEN
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

प्रभात कंप्यूटर एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

LOOKING FOR ONE STEP SOLUTIONS FOR EQUIPMENTS AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"
CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower
Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
रॉची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विहित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**